


# आदिवासी एक्सप्रेस

आमजन का एक मात्र हिंदी दैनिक अखबार

रांची, शनिवार
12 जुलाई 2025
वर्षः 38, अंकः 212
पृष्ठः 12, मूल्यः 3रु
RNI NO.: 49065/1989
DAVP CODE: 130961



फीचर
शराब की लत ने तोड़ा रिश्ता, 'अंगूरी भाभी' शुभांगी अत्रे ने रोते हुए बताई पीयूष पूरी से अलग होने की वजह



देश
भागलपुर सेनडिस कंपाउंड में आर्म बॉक्सिंग स्टेट चैंपियनशिप और PFN फैथर्स फाइट........



हज़ारीबाग
उपायुक्त ने साप्ताहिक जनता दरबार में सुनी आमजनों की समस्याएं, कई मामलों में टेलीफोन कर दिए निष्पादन के निर्देश


## लातेहार में राहुल सिंह गैंग के छह अपराधी गिरफ्तार, हथियार बरामद



**क्राइम संवाददाता द्वारा**
**लातेहार।** लातेहार पुलिस ने कुख्यात अपराधी राहुल सिंह गिरोह के छह अपराधियों को हथियार के साथ गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया है। गिरफ्तार सभी अपराधी दस जुलाई को चंदवा थाना क्षेत्र के टोरी साइडिंग के पास रंगदारी व गोली बारी की घटना में शामिल थे।
गिरफ्तार अपराधियों में मो. शाहिद अंसारी पिता मो. आलम अंसारी, कुटमू, साइडिंग रोड, लोहरदगा निवासी, नितेश उरांव पिता जग्गु उरांव हेठजोरी गुमला निवासी, तरुण यादव पिता त्रिवेणी यादव चेटर चंदवा लातेहार निवासी, शमशाद अंसारी पिता इदरिश अंसारी, अलीनगर कुटमू लोहरदगा निवासी, मो. मोजम्मिल अंसारी पिता जब्बार अंसारी अलीनगर कुटमू लोहरदगा निवासी व मनोज तुरी पिता स्व. बिगलु उर्फ डिग्लू तूरी चंदवा लातेहार का निवासी है।
पुलिस ने इनके पास से दो देसी पिस्तौल, कारतूस, चार मोबाइल, एक पल्सर बाइक, टीवीएस स्कूटी व 15 हजार रुपये नकद बरामद किए हैं।
लातेहार एसपी कुमार गौरव ने बताया कि यह सभी अपराधी चीरो मोड़ स्थित यात्री शेड के पास बैठकर सिगरेट एवं शराब पी रहे थे और राहुल सिंह के कहने पर टोरी साइडिंग में एक बार फिर लेवी और रंगदारी को लेकर घटनाओं का अंजाम देने वाले थे।
इसकी सूचना मिलते ही लातेहार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अरविंद कुमार के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हथियार के साथ सभी अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। इस घटना में शामिल अपराधी मनोज तुरी पर चंदवा , बालूमाथ थाना में आर्म्स एक्ट के तहत आठ मामले दर्ज हैं।
इस छापेमारी अभियान में लातेहार एसडीपीओ अरविंद कुमार, चंदवा पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी रणधीर कुमार, चंदवा अवर पुलिस निरीक्षक अजीत कुमार, चंदवा सअनि सरोज कुमार सिंह, चंदवा सअनि उपेन्द्र कुमार, 466 बाबु ओम शिव कुमार, 582 राहुल कुमार दूबे, तकनीकी शाखा, सैट 44 चंदवा एवं सैट 206, माल्हन पिकेट के सशस्त्र बल थाना के जवान शामिल थे।

# झारखंड कैबिनेट की बैठक, 27 प्रस्तावों को मिली मंजूरी

### थानों के लिए खरीदे जाएंगे नए वाहन

**बिशेष संवाददाता द्वारा**
**रांचीः** झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र 1 अगस्त से 7 अगस्त तक होगा. इस मानसून सत्र में पांच कार्य दिवस होगें. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में हुई कैबिनेट की बैठक में मानसून सत्र आहूत करने सहित कुल 27 प्रस्तावों पर मंजूरी प्रदान की गई.
मंत्रिपरिषद ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए राज्य के सभी थाना में चार पहिया और दो पहिया वाहन खरीद करने का निर्णय लिया है. कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने जानकारी देते हुए कहा कि इसके तहत अगले दो वित्तीय वर्ष में 1255 चार पहिया वाहन और 1697 दो पहिया वाहन की खरीद होगी.
चार पहिया वाहन महिंद्रा बोलेरो होगी जिस पर राज्य सरकार प्रति वाहन नौ लाख 59 हजार खर्च करेगी. इस तरह से चार पहिया वाहन पर सरकार 126.38 करोड़ खर्च होगी. दो पहिया वाहन टीवीएस एपाची की खरीद होगी जिस पर प्रति वाहन 114 573 रुपया खर्च होगी. इस तरह से राज्य सरकार दो पहिया वाहन पर 20 करोड़ 41 लाख रुपया खर्च करेगी.
**कैबिनेट की बैठक के महत्वपूर्ण फैसलेः** जिला योजना निधि के माध्यम से योजनाओं की स्वीकृति एवं कार्यान्वयन हेतु मार्गदर्शिका में



संशोधन की स्वीकृति.सिल्ली-बंता-हजाम टीकर- रंगामाटी पथ कुल लं0-39.00 कि0मी0 के राईडिंग क्वालिटी में सुधार कार्य हेतु बत्तीस करोड़ सत्तर लाख सैंतीस हजार चार सौ की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई. श्रीमती कुमुदिनी टुडू, झा0प्र0से0 तत्कालीन अंचल अधिकारी, नामकुम, रांची द्वारा समर्पित अपील को अस्वीकृत करते हुए उनके विरूद्ध 02 वेतनवृद्धि पर रोक को यथावत रखने की स्वीकृति दी गई.डॉ0 अभिनीति सिद्धार्थ, चिकित्सा पदाधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, नयाभुसूर, नामकुम, रांची को सेवा से बर्खास्त करने की स्वीकृति दी गई. डॉ0 स्नेहा सिंह, चिकित्सा पदाधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, नाला, जामताड़ा को सेवा से बर्खास्त करने की स्वीकृति दी गई. डॉ0 अरविन्द कुमार लाल, तत्कालीन प्रभारी सिविल सर्जन, जमशेदपुर सम्प्रति सेवा से बर्खास्त को उच्च न्यायालय, झारखंड द्वारा पारित आदेश के तहत सेवा से बर्खास्तगी आदेश को निरस्त करने की स्वीकृति दी गई. राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के तहत एकीकृत पेंशन योजना का संचालन की स्वीकृति दी गई.झारखंड अवर शिक्षा सेवा के पूर्व में सृजित पदों के आलोक में वर्त्तमान आवश्यकतानुसार पदों का प्रत्यर्पण एवं स्वीकृति दी गई. राज्य अंतर्गत सभी थानों के लिए चार पहिया एवं दो पहिया वाहनों के क्रय की स्वीकृति दी गई.
झारखंड राज्य बिवरेजेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड के माध्यम से खुदरा उत्पाद दुकानों का संचालन नियमावली, 2022 के तहत अल्पकालीन वैकल्पिक व्यवस्था के अंतर्गत नई खुदरा उत्पाद नीति के तहत खुदरा उत्पाद दुकानों का संचालन प्रारंभ होने तक श्रम, नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा निर्धारित दर पर दैनिक पारिश्रमिक पर मानव बल की सेवा प्राप्त कर झारखंड राज्य बिवरेजेज कॉरपोरेशन लिमिटेड के माध्यम से खुदरा उत्पाद दुकानों के संचालन हेतु घटनोत्तर स्वीकृति दी गई.
षष्ठम झारखंड विधानसभा का तृतीय (मानसून) सत्र 01.08.2025 से 07.08.2025 तक आहूत किये जाने तथा संबंधी औपबंधिक कार्यक्रम पर मंत्रिपरिषद की स्वीकृति दी गई.
संस्था निबंधन अधिनियम, 1860 की धारा 24 के अन्तर्गत संस्था निबंधन नियमावली के गठन की स्वीकृति दी गई. सुश्री माधुरी खलखो को छात्रवृत्ति प्रदान करने हेतु मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा पारदेशीय छात्रवृत्ति अंतर्गत वर्णित छात्रवृत्ति की अवधि व पाठ्यक्रम संबंधी पात्रता को विशेष परिस्थिति में शांत/शिथिल करने की स्वीकृति दी गई.
स्व0 जगरनाथ महतो, तत्कालीन मंत्री, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग तथा उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग, झारखण्ड सरकार के Lung Transplant के उपरांत एमजीएम अस्पताल चेन्नई में करायी गयी अनुगामी चिकित्सा में वास्तविक व्यय राशि रु0 44,83,670/- मात्र की भुगतान की स्वीकृति दी गई.

## चाईबासा में जवानों ने नक्सलियों के बंकर किए तबाह, 2 आईईडी समेत अन्य सामग्री बरामद



**क्राइम संवाददाता द्वारा**
**चाईबासाः** कोबरा 209 और जिला पुलिस बल द्वारा संयुक्त दल बनाकर नक्सलियों के खिलाफ सर्च अभियान किया गया. इस दौरान छोटानागरा थानान्तर्गत जंगली पहाड़ी के क्षेत्र में नक्सलियों द्वारा पूर्व से लगाये गये लगभग 2 आईईडी और अन्य दैनिक सामग्री 5 नक्सल बंकर से बरामद की गई है. बरामद आईईडी को सुरक्षा की दृष्टिकोण से उसी स्थान पर बम निरोधक दस्ता की सहायता से नष्ट कर दिया गया. इसके साथ ही नक्सल बंकर को सुरक्षा बलों ने ध्वस्त कर दिया.
पुलिस अधीक्षक कार्यालय ने जानकारी दी कि प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा (माओ) के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु, अनल, असीम मंडल, अजय महतो, सागेन अंगरिया, अश्विन, पिंटु लोहरा, चंदन लोहरा, अमित हांसदा उर्फ अपटन, जयकांत, रापा मुंडा एवं अन्य नक्सली अपने दस्ता सदस्यों के साथ सारंडा कोल्हान क्षेत्र में विध्वंसक गतिविधि के लिए भ्रमणशील हैं. जिसके चलते चाईबासा पुलिस, कोबरा, सीआरपीएफ और झारखंड जगुआर की टीमों का संयुक्त दल गठित कर लगातार अभियान का संचालन किया जा रहा है.
पुलिस अधीक्षक, पश्चिमी सिंहभूम चाईबासा को 7.7.2025 को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि प्रतिबंधित भाकपा (माओ) नक्सली संगठन के उग्रवादियों के द्वारा छोटानागरा थानान्तर्गत जंगली पहाड़ी क्षेत्र में गोला बारूद छिपाकर सुरक्षाबलों के खिलाफ उनका अभियान रोकने और लक्षित कर नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से रखा गया है. जिसके आलोक में झारखंड पुलिस (चाईबासा पुलिस) एवं कोबरा 209 बटालियन के साथ एक संयुक्त अभियान दल का गठन करते हुए 8 जुलाई को छोटानागरा थानान्तर्गत जंगली पहाड़ी क्षेत्र में सर्च अभियान शुरू किया गया था. संयुक्त अभियान दल के द्वारा अग्रतर सर्च अभियान के दौरान शुक्रवार को छोटानागरा थानान्तर्गत जंगली पहाड़ी के क्षेत्र में नक्सलियों द्वारा पहले से लगाए गए लगभग 2 IED समेत लगभग 5 नक्सल बंकरों से दैनिक सामग्री बरामद की गई है. बरामद आईईडी को सुरक्षा की दृष्टिकोण से उसी स्थान पर बम निरोधक दस्ता की सहायता से नष्ट कर दिया गया.
बरामदगी-इलेक्ट्रिक डेटोनेटर-वॉकी-टॉकी सेट-सेफ्टी फ्यूज-एरो बम असेंबली-इलेक्ट्रिक वायर-सिरिंज मैकेनिज्म-काला/हरी यूनिफॉर्म-एम्युनिशन पाउच-अन्य दैनिक उपयोग का सामान.

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन दिल्ली रवाना, गुरुजी शिबू सोरेन की करेंगे देखभाल



**संवाददाता द्वारा**
**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शुक्रवार को कैबिनेट की बैठक के बाद दिल्ली रवाना हो गए। वे अपने पिता, झामुमो के संस्थापक संरक्षक और राज्यसभा सदस्य शिबू सोरेन की देखभाल और इलाज के सिलसिले में दिल्ली गए हैं।शिबू सोरेन 19 जून से दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती हैं, जहां उन्हें हल्का ब्रेन स्ट्रोक और किडनी की समस्या के कारण गहन चिकित्सा दी जा रही है। मुख्यमंत्री 24 जून से नौ जुलाई तक दिल्ली में उनकी देखभाल के लिए रुके थे।10 जुलाई को पूर्वी क्षेत्रीय परिषद और 11 जुलाई को कैबिनेट बैठक के लिए वे नौ जुलाई की रात रांची लौटे थे। अब वे एक बार फिर दिल्ली पहुंच गए हैं। उनकी पत्नी कल्पना सोरेन और परिवार के अन्य सदस्य भी दिल्ली में मौजूद हैं।
गुरुजी फिलहाल खतरे से बाहर हैं। वरिष्ठ चिकित्सकों की टीम उनकी लगातार निगरानी कर रही है। पूरी तरह स्वस्थ होने में अभी समय लगेगा। झामुमो कार्यकर्ताओं और समर्थकों में गुरुजी के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की जा रही है।

## देवघरः सावन के पहले दिन ही बाबा मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**संवाददाता द्वारा**
**देवघरः** पवित्र सावन का महीना शुक्रवार 11 जुलाई से शुरू हो गया. इसके साथ ही देवघर स्थित द्वादश ज्योतिर्लिंग बाबा बैद्यनाथ धाम में कांवरियों के जल चढ़ाने का सिलसिला भी शुरू हो गया है. सुल्तानगंज स्थित उत्तर वाहिनी गंगा का जल लेकर कांवरिये 105 किलोमीटर की कठिन यात्रा कर बाबा के दरबार में हाजिरी लगा रहे हैं. मंदिर प्रांगण से लेकर पूरे रूट लाइन में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं. पहले दिन ही बाबा मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही.
अहले सुबह से ही मेला की सारी गतिविधियों की मॉनिटरिंग खुद जिले के डीसी नमन प्रियेश लकड़ा व एसपी अजित पीटर डुंगडुंग कर रहे हैं. सावह के पहले दिन ही बाबा नगरी भगवा मय हो गई. बाबा मंदिर में आस्था का जनसैलाब शुक्रवार से उमड़ना शुरू हो गया है. सभी श्रद्धालु कतारबद्ध होकर सुलभ जलार्पण कर रहे हैं. शुक्रवार से बाबा मंदिर में भक्तों से दूर होकर बाबा बैद्यनाथ अरघा के माध्यम से जल को स्वीकार कर रहे हैं. सरकार के मिल रही सुविधाओं का श्रद्धालु सराहना कर रहे हैं

## याचना नहीं रण होगा; आगे संग्राम..., झामुमो ने केंद्र को दिया चार महीने का अल्टीमेटम



**संवाददाता द्वारा**
**रांचीः** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत के पिछले दिनों दिए गए वक्तव्य को केंद्र में रखकर झारखंड मुक्ति मोर्चा ने आरएसएस, भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा है.झामुमो के केंद्रीय कैंप कार्यालय में पार्टी के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने संवाददाता सम्मेलन कर कहा कि पिछले दिनों आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने जो बातें कही हैं, उसे हल्के में नहीं लिया जा सकता है. ऐसे में क्या सितंबर महीने के दूसरे सप्ताह में देश की राजनीति में बड़ा परिवर्तन देखने को मिलेगा?सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि मोहन भागवत ने अपने वक्तव्य में कहा है कि 75 वर्ष के हो जाने पर हमें शॉल ओढ़ा कर कहा जाता है कि अब हटो. 2014, 2019 और 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले भी भारतीय जनता पार्टी ने अपने कई दिग्गज नेताओं को शॉल ओढ़ा दिया तो क्या अब 17 सितंबर 2025 को जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 75 वर्ष के हो जाएंगे तब देश को कोई नया प्रधानमंत्री मिलेगा.अगर ऐसा नहीं होता है तो आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के शब्दों में ही लोग आरएसएस और भाजपा पर विश्वास नहीं करेंगे और उन्हें देख कर हंसेंगे. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उम्र अब संघ के तय मानदंडों के नजदीक पहुंच चुकी है, ऐसे में सवाल उठता है कि क्या अब पीएम मोदी को भी 'शॉल ओढ़ाकर' विदाई दी जाएगी?
सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि संघ प्रमुख मोहन भागवत का जन्म 11 सितंबर 1950 को हुआ था, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्म 17 सितंबर 1950 को. इस आधार पर उन्होंने सवाल किया कि यदि संघ के नियमों का पालन होना है तो क्या पीएम मोदी भी 75 वर्ष पूरे होने पर पद से हट जायेंगे या उन्हें शॉल ओढ़ा कर हटा दिया जाएगा?
**भाजपा के कई वरिष्ठ नेताओं को उम्र के आधार पर हटाया गया है. यह और बात है कि सत्ता के लिए आज 75 वर्ष के जीतनराम मांझी केंद्रीय कैबिनेट में हैं- सुप्रियो**
झामुमो नेता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि भाजपा ने पूर्व में कई वरिष्ठ नेताओं को केवल उनकी उम्र के कारण चुनाव नहीं लड़ने दिया. उन्होंने कहा, एक साल पहले हुए लोकसभा चुनावों में भी कई वरिष्ठ भाजपा नेताओं को सिर्फ इसलिए टिकट नहीं दिया गया क्योंकि वे 75 साल पार कर चुके थे. ऐसे में अब बड़ा सवाल है कि देश का अगला प्रधानमंत्री कौन होगा, यह साफ करना चाहिए.झामुमो के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने तंज कसते हुए कहा कि अब देखना यह है कि 17 सितंबर के बाद पीएम मोदी को 'शॉल' कौन ओढायेगा ?
अगर वो पद पर बने रहते हैं तो यह स्वयं संघ प्रमुख के कथन का अपमान होगा और मोहन भागवत के शब्दों में ही लोग उन पर हंसेंगे. सुप्रियो ने यह भी कहा कि अगर संघ अपने ही नियमों का पालन नहीं करेगा तो कार्यकर्ताओं के बीच विश्वास की कमी पैदा होगी. केंद्र की मोदी सरकार पर तंज कसते हुए झामुमो नेता ने यह भी कहा कि भाजपा केवल राजनीतिक लाभ के लिए 80 वर्ष की उम्र पार कर चुके नेताओं को

## जमशेदपुर की खाऊ गली में ताबड़तोड़ फायरिंग में विधायक सुखराम उरांव के प्रतिनिधि समरेश सिंह गोली मार दी



**क्राइम संवाददाता द्वारा**
**जमशेदपुर।** शहर के सबसे व्यस्त इलाकों में शुमार बिष्टुपुर की खाऊ गली गुरुवार रात गोलीबारी की घटना से दहल उठी। झारखंड मुक्ति मोर्चा (JMM) नेता और चक्रधरपुर के विधायक सुखराम उरांव के प्रतिनिधि समरेश सिंह उर्फ गुड्डू को अज्ञात हमलावरों ने गोली मार दी। यह घटना रात करीब 8:39 बजे की है जब समरेश गली में खड़े होकर आइसक्रीम खा रहे थे। जंमशेदपुर में वारदात के बाद सनसनी फैल गई।
**JMM नेता को मार दी गोली :** हमलावरों ने अचानक उन पर दो राउंड फायरिंग की, जिनमें से एक गोली उनकी गर्दन में जा लगी। गोली लगने के बाद मौके पर भगदड़ मच गई। घायल समरेश सिंह को तुरंत टाटा मुख्य अस्पताल (TMH) ले जाया गया, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है।
पुलिस जांच में जुटी, मिले दो खोखे
घटना की जानकारी मिलते ही सीसीआर डीएसपी मनोज कुमार ठाकुर के साथ बिष्टुपुर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। जांच के दौरान पुलिस ने घटनास्थल से दो खोखे बरामद किए हैं। आस-पास लगे CCTV कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं, ताकि हमलावरों की पहचान की जा सके।

### 1 से 7 अगस्त तक झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र

**संवाददाता द्वारा**
**रांचीः** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में आज झारखंड कैबिनेट की बैठक हुई. इसमें कुल 27 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है. आज के बाठक में निर्णय लिया गया है कि झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र 1 अगस्त से शुरू होकर 7 अगस्त तक चलेगा. इस सत्र में कुल 5 कार्यदिवस होंगे. 2 और 3 अगस्त को छुट्टियां रहेंगी. माना जा रहा है कि झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार अनुपूरक बजट भी पेश कर सकती है.

## अब 1 सितंबर से निजी कारोबारियों के हाथों में शराब की बिक्री, उत्पाद विभाग ने जारी की अधिसूचना



**संवाददाता द्वारा**
**रांची।** राज्य में निजी कारोबारियों के हाथों शराब की खुदरा बिक्री अब एक सितंबर से शुरू होगी। इसे लेकर विभाग ने शुक्रवार को अधिसूचना जारी कर दी है। अब दुकानों का लाटरी से आवंटन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग ने शुक्रवार को जारी अधिसूचना में बताया है कि झारखंड सरकार ने 21 मई 2025 को झारखंड उत्पाद (मदिरा की खुदरा बिक्री हेतु दुकानों बी बंदोबस्ती एवं संचालन) नियमावली 2025 को अधिसूचित किया था। यह उत्पाद विभाग की अधिसूचना की तिथि से प्रभावी होना था, जो शुक्रवार से हो गया। शराब की खुदरा बिक्री निजी हाथों में देने के पूर्व वर्तमान व्यवस्था के तहत चल रहीं दुकानों की ऑडिटिंग का कार्य भी लगभग पूरा हो चुका है। 30 जून को सभी प्लेसमेंट एजेंसियों के नियंत्रण से राज्य की सभी खुदरा दुकानों को उत्पाद विभाग ने अपने अधीन ले लिया। अब जो भी दुकानें संचालित हो रही है, वह झारखंड राज्य बेवरेजेज कॉरपोरेशन लिमिटेड (जेएसबीसीएल) के अधीन कार्यरत कर्मियों के देखरेख में हो रही है। वर्तमान व्यवस्था में 31 अगस्त तक ही खुदरा दुकानों का संचालन होगा, इसके बाद शराब की खुदरा बिक्री निजी हाथों में चली जाएंगी।
एक सितंबर से लागू हो रही शराब बिक्री की नई व्यवस्था में भले ही शराब की खुदरा बिक्री निजी हाथों से होगी, लेकिन उसकी थोक बिक्री जेएसबीसीएल के अधिकार क्षेत्र में होगा। जेएसबीसीएल के गोदाम से ही निजी दुकानदार शराब खरीदेंगे। इतना ही नहीं, दुकानों की निगरानी भी जेएसबीसीएल के माध्यम से होगी। राज्य में नकली शराब रोकने, अवैध शराब के कारोबार पर नकेल कसने के लिए उत्पाद विभाग व इसके अधिकारी चौकसी बरतेंगे और निगरानी करते रहेंगे। इसके लिए ट्रैक एंड ट्रेस सिस्टम को प्रभावी बनाया जाएगा।
औचक छापेमारी व निगरानी जारी रहेगी। शराब परिवहन भी अधिकारियों की देखरेख में होगा, ताकि राज्य में जहरीली व नकली शराब न पहुंच पाए।




## अंतरराष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ दलाई लामा के 90वें जन्मदिवस पर आयोजित करेगा एक दिवसीय सम्मेलन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ (आईबीसी) 14वें दलाई लामा के 90वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में एक दिवसीय सम्मेलन का आयोजन करने जा रहा है। अशोका होटल में आयोजित होने वाले इस सम्मेलन में बौद्ध विद्वान, शोधकर्ता, साधक और प्रतिष्ठित आध्यात्मिक नेता शामिल होंगे। इस अवसर पर वे गहन प्रश्नों पर विचार-विमर्श करेंगे। सम्मेलन में जिन विषयों पर चर्चा की जाएगी उनमें '21वीं सदी में बुद्ध धर्म की प्रासंगिकता' और 'तिब्बती बौद्ध धर्म का भविष्य एवं उसकी संस्कृति का संरक्षण शामिल है। साथ ही, 'बौद्ध ज्ञान, दर्शन और आधुनिक विज्ञान पर संवाद को आगे बढ़ाने के लिए 'क्वांटम फिजिक्स, न्यूरोसाइंस और बौद्ध धर्म' पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा, जिसमें परंपरागत साधना और वैज्ञानिक प्रमाणों के मध्य संबंध को स्थापित करने का प्रयास होगा। इस मौके पर वक्ता अतिथि केंद्रीय तिब्बती प्रशासन के पूर्व प्रधानमंत्री के मुख्य सलाहकार प्रो. समदोंग रिनपोछे, विशेष अतिथि के रूप में थाईलैंड की सुप्रीम संघ परिषद के वरिष्ठ सदस्य, फरात वजरसुत्तिवोंग धम्मलोंगकोर्नविभुसित अरयावांग्सो, विशेष अतिथि के रूप में 43वें साक्य त्रिजिन ज्ञान वज्र रिनपोछे सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहेंगे।

## आदिवासी छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए 'तलाश' पहल की शुरुआत

**नई दिल्ली।** जनजातीय कार्य मंत्रालय के अंतर्गत स्वायत्त संस्था 'राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति (एनईएसटीएस) ने यूनिसेफ इंडिया के सहयोग से 'तलाश' (ट्राइबल एटीट्यूड, लाइफ स्किल्स एंड सेल्फ एस्टीम हब) नामक एक राष्ट्रीय स्तर की पहल शुरू की है। इसका उद्देश्य एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों (ईएमआरएस) के छात्रों को शैक्षणिक और व्यक्तिगत विकास में सशक्त बनाना है। कार्यक्रम से देशभर के 28 राज्यों और 8 केंद्रशासित प्रदेशों में स्थित 1.38 लाख से अधिक छात्रों को लाभ पहुंचाएगा। जनजातीय मंत्रालय के अनुसार आदिवासी छात्रों के लिए बनाई गई यह देश की पहली ऐसी डिजिटल पहल है। 'तलाश' छात्रों में आत्मबोध बढ़ाने, जीवन कौशल विकसित करने और करियर मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। एनसीईआरटी की 'तमन्ना' पहल से प्रेरित यह कार्यक्रम छात्रों की रुचियों और क्षमताओं के आधार पर उन्हें करियर कार्ड प्रदान करता है, जिससे वे अपने लिए उपयुक्त करियर विकल्प चुन सकें। इसमें शिक्षकों के लिए भी विशेष प्रशिक्षण मॉड्यूल शामिल हैं, ताकि वे छात्रों को प्रभावी ढंग से मार्गदर्शन दे सकें। अब तक 75 ईएमआरएस के 189 शिक्षक प्रशिक्षित हो चुके हैं और अपने-अपने विद्यालयों में कार्यक्रम का संचालन कर रहे हैं। एनईएसटीएस के आयुक्त अजीत कुमार श्रीवास्तव ने कहा, तलाश हमारे इस संकल्प का प्रमाण है कि हम आदिवासी छात्रों को उनकी पूर्ण क्षमता तक पहुँचने के अवसर देना चाहते हैं।

## दिल्ली के आजाद मार्केट में तीन मंजिला इमारत ढही, 46 वर्षीय व्यक्ति की मौत

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के आजाद मार्केट इलाके में शुक्रवार तड़के एक बड़ा हादसा हो गया। पुल मिठाई इलाके में एक तीन मंजिला बिल्डिंग रात करीब 2 बजे अचानक भरभराकर गिर गई, जिससे पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। इस घटना में 46 साल के एक व्यक्ति की मौत हुई है। जानकारी के मुताबिक, इस बिल्डिंग के नीचे तीन दुकानें स्थित थीं, जिनमें सूटकेस, बैग और तिरपाल का कारोबार होता था। पहली मंजिल पर गोदाम बनाए गए थे। हादसे के वक्त बिल्डिंग के नीचे खड़ा एक ट्रक भी मलबे की चपेट में आ गया और बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। पास में मेट्रो का निर्माण कार्य भी चल रहा था। दिल्ली पुलिस ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा, रात करीब 1:55 बजे पुलिस कंट्रोल रूम को पुल मिठाई के टोकरी वालान में बाड़ा हिंदू राव स्थित इमारत ढहने की सूचना मिली थी।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह ने दी अश्विनी वैष्णव के पिता को श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** केन्द्र सरकार में रेल, सूचना प्रसारण, इलैक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव के पिता दाऊलाल वैष्णव के निधन पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले, सह सरकार्यवाह अरुण कुमार, अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर तथा भारतीय जनता पार्टी के नेताओं, केन्द्रीय मंत्रियों, विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों आदि ने आज भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। राजधानी के लोधी रोड स्थित चिन्मय मिशन में आज पूर्वाह्न आयोजित प्रार्थना सभा में सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले, सह सरकार्यवाह अरुण कुमार, अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर, अखिल भारतीय सह प्रचार प्रमुख नरेन्द्र ठाकुर ने स्वर्गीय दाऊलाल वैष्णव की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की और ईश्वर से दिवंगत आत्मा की सद्गति और परिवार जनों को संबल एवं धैर्य प्रदान करने की प्रार्थना की। श्रद्धांजलि देने वालों में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा की उपाध्यक्ष वसुंधरा राजे, भाजपा के महासचिव अरुण सिंह एवं तरुण चुघ, भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, पीयूष गोयल, ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी, मध्य प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर, मध्य प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, मंत्री प्रवेश वर्मा, नई दिल्ली की सांसद बांसुरी स्वराज, सांसद मनोज तिवारी, दिल्ली भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की सांसद सुप्रिया सुले आदि शामिल थे।

# आंध्र प्रदेश के सूखा ग्रस्त जिलों में विशेषज्ञों की टीम भेजेगी केंद्र सरकार : शिवराज

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दक्षिणी आंध्र प्रदेश के सूखा ग्रस्त जिलों को लेकर आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू और अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस बैठक में प्राकृतिक खेती और पाम ऑयल मिशन को लेकर भी विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक के बाद मीडिया से बातचीत के दौरान केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि सूखा ग्रस्त जिलों की समस्याओं के समाधान के लिए कृषि मंत्रालय विशेषज्ञों की टीम भेजेगी।

उन्होंने कहा कि पुट्टपर्थी में हमने आंध्र प्रदेश के कृषि मंत्री के साथ सूखा ग्रस्त जिलों को लेकर अहम बैठक की है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू के नेतृत्व में आंध्र प्रदेश सरकार ने ड्रिप इरिगेशन को बढ़ावा देने से लेकर, हॉर्टिकल्चर को बढ़ावा देने तक कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। शिवराज



सिंह ने कहा कि पुरानी सरकार ने केंद्र सरकार के पैसे को भी डायवर्ट करके यहां किसानों के साथ अन्याय किया, लेकिन वर्तमान सरकार काम कर रही है। विजनरी चीफ मिनिस्टर यहां पर हैं। शिवराज सिंह ने कहा कि ÷विभिन्न उपायों में सबसे पहले- हम कृषि विभाग, आईसीएआर व ग्रामीण विकास की केंद्र सरकार की एक टीम को यहां भेजा जाएगा ताकि कृषि विभाग, आईसीएआर के वैज्ञानिक, ग्रामीण विकास विभाग और भूमि संसाधन विभाग, जिसमें वॉटरशेड भी सम्मिलित है, मिलकर सूखे की परिस्थिति में भी फसल पैदा करने के लिए योजना बना सकें।

चौहान ने कहा कि ÷वर्षा जल संचयन, पौधरोपण का काम और जल शक्ति मंत्रालय के साथ मिलकर तुंगभद्रा और कृष्णा नदी से कैसे पानी आ सकता है, उस पर भी काम करेंगे। एकीकृत खेती जिसमें अलग-अलग : फल, फूल, सब्ज़ियां, कृषि वानिकी, मधुमक्खी पालन, पशुपालन शामिल हैं, उसके तहत भी कुछ योजनाएं बनाने के लिए कदम उठाए जाएंगे। इसके साथ सूखा ग्रस्त क्षेत्रों में अच्छा उत्पादन देने वाले बीजों की किस्में भी विकसित करने के लिए काम किया जाएगा।

## आधुनिक विज्ञान के साथ वैदिक ज्ञान का समावेश जरूरीः सर्बानंद सोनोवाल

एजेंसी

**नई दिल्ली।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में आयोजित तीन दिवसीय भारतीय ज्ञान प्रणाली (आईकेएस) शैक्षणिक सम्मेलन में शामिल हुए केंद्रीय बंदरगाह, शिपिंग और जलमार्ग मंत्री सर्वानंद सोनोवाल ने भारतीय ज्ञान प्रणालियों को वैश्विक मंच पर स्थापित करने की आवश्यकता पर जोर दिया, जो हजारों वर्षों की परंपरा और आधुनिक प्रौद्योगिकी के मेल को दर्शाती हैं। उन्होंने कहा कि 10 से 12 जुलाई तक चलने वाला यह सम्मेलन भारतीय विरासत को नई दिशा देने का अवसर है। इस कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ भी शामिल हुए। सोनोवाल ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय ज्ञान प्रणालियां, जिसमें गणित, खगोल विज्ञान, आयुर्वेद और दर्शन जैसे क्षेत्र शामिल हैं, को आधुनिक शिक्षा और उद्योग में एकीकृत करने से वैश्विक चुनौतियों, जैसे जलवायु परिवर्तन और स्थिरता, का समाधान संभव है। उन्होंने यूरोपीय सांस्कृतिक मानदंडों के वर्चस्व को चुनौती देते हुए भारतीय दृष्टिकोण को वैज्ञानिक समुदाय में एक वैकल्पिक ढांचे के रूप में पेश करने की बात की। मंत्री ने हिमालयी देशों के साथ सहयोग को बढ़ावा देने की बात कही, जो इस




पहल को क्षेत्रीय और वैश्विक स्तर पर मजबूत करेगा।उन्होंने जेएनयू को इस मंच को वैश्विक शैक्षणिक नेटवर्क में बदलने की दिशा में काम करने का आह्वान किया। सोनोवाल ने कहा कि प्राचीन ग्रंथों में निहित ज्ञान को डिजिटल युग में लाकर नई पीढ़ी तक पहुंचाना समय की मांग है।

## उद्योग आर्थिक गतिविधियों का केंद्र के साथ भारत के भविष्य के सह निर्माताः उपराष्ट्रपति

एजेंसी

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने भारत मंडपम में आयोजित सीआईआई-आईटीसी सस्टेनेबिलिटी अवार्ड्स के 19वें संस्करण में उद्योग जगत से संवाद करते हुए कहा कि उद्योग केवल आर्थिक गतिविधियों का केंद्र नहीं, बल्कि भारत के भविष्य के सह-निर्माता हैं। उन्होंने उद्योगों से समावेशिता, सततता और नवाचार को अपनी कार्य संस्कृति का आधार बनाने का आग्रह किया। उपराष्ट्रपति ने कहा कि उद्योग जगत को सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को समर्थन देकर और नेतृत्व में लैंगिक और जातिगत विविधता को बढ़ावा देकर समावेशन की एक शक्ति बनना चाहिए। उन्होंने सूक्ष्म लैंगिक भेदभाव पर चिंता जताई और कहा कि समानता के लिए हमें व्यवहारिक बदलाव लाने होंगे। भारत के सतत विकास की भूमिका पर उन्होंने कहा कि 2030 के वैश्विक सतत विकास एजेंडा की सफलता भारत की भागीदारी के बिना संभव नहीं है। भारत ने यह जिम्मेदारी स्पष्टता और प्रतिबद्धता के साथ




निभाई है। उन्होंने उद्योगों से अपील की कि वे सततता को सिर्फ अनुपालन के रूप में नहीं, बल्कि प्रतिस्पर्धात्मक लाभ के रूप में अपनाएं। धनखड़ ने 'ब्रांड इंडिया' के लिए चार स्तंभ सुझाए- गुणवत्ता, भरोसा, नवाचार और आधुनिक संदर्भ में पुनर्परिभाषित प्राचीन ज्ञान। उन्होंने कहा कि उद्योगों को ग्रीनफील्ड परियोजनाओं और उपेक्षित क्षेत्रों में सीएसआर फंड के माध्यम से विश्वस्तरीय संस्थान स्थापित करने चाहिए। निजी क्षेत्र की भूमिका पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि सरकार की भूमिका केवल एक सक्षमकर्ता की है। असली ज़िम्मेदारी कॉर्पोरेट क्षेत्र पर है। सरकार अकेले कोई मैच नहीं जीत सकती, उसे उद्योग का सहयोग चाहिए। उपराष्ट्रपति ने उद्योगों से अनुसंधान और कौशल विकास में अग्रणी भूमिका निभाने का आह्वान करते हुए कहा कि भारत की युवा जनसंख्या सबसे बड़ा पूंजी है, जिसे सही दिशा देना आवश्यक है।

## नए युग में प्रवेश कर चुकी है भारत की विदेश नीतिः भाजपा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता और राज्यसभा सांसद डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में आतंकवाद वाले विषय पर न सिर्फ सर्वसम्मति के साथ भारत के पक्ष का अनुमोदन हुआ बल्कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्पष्ट कहा कि आतंकवाद के पीड़ित और आतंकवाद के प्रायोजक को एक तराजू में नहीं रखा जा सकता है। आतंकवाद के मुद्दे पर वैश्विक स्वीकार्यता प्रधानमंत्री मोदी द्वारा अंतरराष्ट्रीय मंच पर स्थापित हुई। भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में डॉ. सुधांशु ने कहा कि प्रधानमंत्री की हालिया विदेश यात्रा के दौरान 4 देशों ने अपना सर्वोच्च नागरिक सम्मान दिया और इसी के साथ प्रधानमंत्री को अब तक 27 देशों का सर्वोच्च नागरिक सम्मान प्राप्त हो चुका है। वे 17 देशों की पार्लियामेंट को संबोधित कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि भारत विश्व की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था हो चुका है



और तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। हमारे आर्थिक और सामरिक हित बहुत से महत्वपूर्ण मैटेरियल पर निर्भर हैं, जिसमें डायमंड, यूरेनियम, लिथियम, गोल्ड जैसे क्रिटिकल मैटेरियल शामिल हैं।

घाना और नामीबिया जैसे देश, जो इस प्रकार के तत्वों का प्राकृतिक रूप से बड़ा संग्रह रखने वाले देश हैं, उनके साथ भारत का एग्रीमेंट होना, भारत को न सिर्फ आत्मनिर्भर बनाता है, बल्कि क्रिटिकल रियर अर्थ मैटेरियल के लिए किसी एक देश पर निर्भर होने से मुक्ति भी दिलाता है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार आने से पहले, भारत को ब्रिक्स में सबसे कमजोर देश माना जाता था। आज भारत ब्रिक्स में सबसे मजबूत देशों में से एक है। हम विश्व के एकमात्र देश हैं, जो ब्रिक्स के भी सदस्य हैं और क्वाड के भी सदस्य हैं। यह दिखाता है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की विदेश नीति एक नए युग में प्रवेश कर चुकी है। किसी जमाने में हम गुटनिरपेक्ष हुआ करते थे, आज हम समावेशिता की ओर बढ़ चुके हैं।

## अगले 5 दिनों में देशभर में भारी बारिश की चेतावनी, कई राज्यों में चलेगी तेज हवा, बिजली गिरने की घटनाएं

एजेंसी

**नई दिल्ली।** देशभर में मानसून पूरी रफ्तार से बरस रहा है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने मध्य, पूर्वी, उत्तर-पश्चिम, पूर्वोत्तर और दक्षिण भारत के कई राज्यों में भारी से अति भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। कुछ क्षेत्रों में 40-50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं और बिजली गिरने की घटनाएं भी हो सकती हैं। मौसम विभाग ने लोगों से सतर्क रहने और आवश्यक एहतियात बरतने की अपील की है।मध्य प्रदेश में 10 से 15 जुलाई तक विभिन्न स्थानों पर भारी वर्षा की संभावना बनी हुई है। 10 से 11 जुलाई को विदर्भ, 10, 11, 14 और 15 जुलाई को छत्तीसगढ़, 13 जुलाई को उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल व सिक्किम, 14 जुलाई को पश्चिम बंगाल, तथा 13 से 15 जुलाई के बीच ओडिशा में भारी बारिश होने की संभावना है। इसके अलावा, 10 से 12 जुलाई तक मध्य प्रदेश में ÷बहुत भारी वर्षा÷ होने की चेतावनी दी गई है। 10 जुलाई को विदर्भ, छत्तीसगढ़ व झारखंड में भी कई जगह बारिश हो सकती है। इस क्षेत्र में अगले सप्ताह हल्की से मध्यम बारिश, गरज-चमक व 30 से 40 किमी/घंटा तक तेज हवाओं की भी संभावना बनी हुई है। उत्तर-पश्चिम भारत में 10 से 15 जुलाई के दौरान पूर्वी राजस्थान व उत्तराखंड के कई हिस्सों में भारी बारिश संभव है। 10 और 13 से 15 जुलाई को हिमाचल प्रदेश, 10 से 13 जुलाई को पश्चिमी उत्तर प्रदेश, 10 से 11 जुलाई को पूर्वी उत्तर प्रदेश, और 12 से 15 जुलाई को पश्चिमी राजस्थान में भी बारिश की संभावना जताई गई है। 10 जुलाई को उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, पंजाब व हरियाणा में और 11 से 13 जुलाई को पूर्वी राजस्थान में 'बहुत भारी वर्षा' हो सकती है। पश्चिम भारत में कोंकण से गोवा व गुजरात में 10 से 15 जुलाई के दौरान विभिन्न स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है। विशेष रूप से 10 जुलाई को मध्य महाराष्ट्र के घाट क्षेत्रों, तथा 12 से 13 जुलाई को सौराष्ट्र और कच्छ में भी बारिश के हालात बन रहे हैं। दक्षिण भारत में 10 से 15 जुलाई के दौरान तटीय कर्नाटक व केरल के कुछ हिस्सों में भारी बारिश के साथ 40 से 50 किमी/घंटा की तेज सतही हवाएं चलने की चेतावनी जारी की गई है। यहां भी अगले 7 दिनों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना बनी हुई है। पूर्वोत्तर भारत में भी अगले हफ्ते ज्यादातर जगहों पर छिटपुट से मध्यम बारिश, गरज व बिजली गिरने की घटनाएं देखने को मिल सकती हैं। 10 से 15 जुलाई में असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम व त्रिपुरा समेत 11 से 15 जुलाई को अरुणाचल प्रदेश के भी कई हिस्सों में भारी बारिश होने का अनुमान है। विश्लेषण के मुताबिक, झारखंड, गंगा क्षेत्र व उससे सटे क्षेत्रों में विक्षोभ के कारण समुद्र तल से ऊपरी वायु के चक्रण उत्तर-उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ रहे हैं। यह प्रणाली महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, अंडमान क्षेत्र व पूर्वी भारत के मानसून गर्त से जुड़ी हुई है।

## बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत अब तक 66.16 प्रतिशत फॉर्म जमा




एजेंसी

**नई दिल्ली।** बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को मतदाताओं की सक्रिय भागीदारी और बूथ स्तर अधिकारियों (बीएलओ) की अथक मेहनत से व्यापक समर्थन मिल रहा है। 24 जून से शुरू हुए इस अभियान में अब तक कुल 5.22 करोड़ (5,22,44,956) नामांकन फॉर्म एकत्र किए जा चुके हैं। यह राज्य के 7.90 करोड़ मतदाताओं का 66.16 प्रतिशत है। चुनाव आयोग के अनुसार 77,895 बीएलओ, 20,603 नव नियुक्त बीएलओ, 4 लाख स्वयंसेवक तथा सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त 1.56 लाख बूथ लेवल एजेंट्स (बीएलए) इस अभियान में जुटे हुए हैं। उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनों और कमजोर वर्गों तक पहुंच सुनिश्चित की है। अब भी मतदाताओं के पास फॉर्म जमा करने के लिए 15 दिन का समय शेष है। अब तक 7.90 करोड़ फॉर्म छापे जा चुके हैं, जिनमें से लगभग 98 प्रतिशत (7.71 करोड़) का वितरण भी हो चुका है। आयोग को उम्मीद है कि अगर यही गति बनी रही, तो यह कार्य 25 जुलाई की समय सीमा से पहले ही पूर्ण हो सकता है।

## भारत स्वच्छ परिवहन की ओर तेजी से अग्रसर : हर्ष मल्होत्रा

जेंसी

**नई दिल्ली।** देश में तेजी से स्वच्छ और हरित परिवहन को मजबूत करने के लिए केंद्रीय मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने दिल्ली के यशोभूमि में 'भारत ऊर्जा भंडारण सप्ताह 2025' का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने ई-मोबिलिटी को भविष्य की जरूरत बताते हुए कहा कि मोदी सरकार का लक्ष्य है- टिकाऊ, सुरक्षित और सुलभ परिवहन व्यवस्था तैयार करना।उन्होंने कहा कि भारत जैसे विकासशील और तेजी से बढ़ते देश के लिए इलेक्ट्रिक मोबिलिटी की ओर बदलाव केवल तकनीकी सुधार नहीं बल्कि राष्ट्रीय आवश्यकता बन चुकी है। यह न केवल जलवायु परिवर्तन से लड़ने का साधन है बल्कि ऊर्जा सुरक्षा और आर्थिक लचीलेपन के लिए भी आवश्यक है।मल्होत्रा ने कहा कि मोदी सरकार ने ई-वाहनों को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री ई-ड्राइव योजना और फेम-II जैसी नीतियां लागू की हैं। इसके अलावा ईवी रेट्रोफिटिंग नियम और टोल टैक्स छूट जैसे कदमों के ज़रिए स्वच्छ, सुलभ और टिकाऊ परिवहन की दिशा में ठोस प्रगति हो



रही है। उन्होंने बताया कि सड़क, रेल और भंडारण को एकीकृत करते हुए विकसित किए जा रहे मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क अब हरित ऊर्जा प्रावधानों और ईवी-अनुकूल सुविधाओं से लैस किए जा रहे हैं। इससे लॉजिस्टिक्स लागत में कमी आएगी और उत्सर्जन घटेगा, जिससे भारत एक आधुनिक और कनेक्टेड ट्रांसपोर्ट हब बन सकेगा। उन्होंने कहा कि देश की जलवायु और परिवहन आवश्यकताओं के अनुरूप बैटरी भंडारण प्रौद्योगिकियों का विकास बेहद जरूरी है। उन्होंने उद्योग जगत से अनुसंधान, स्थानीय निर्माण, बैटरी रीसाइक्लिंग और पुनः उपयोग जैसे सर्कुलर समाधान अपनाने की अपील की।

## राष्ट्रपति से मिले देशभर के प्रमुख जनजातीय प्रतिनिधि, समावेशी विकास पर हुई चर्चा



एजेंसी

**नई दिल्ली।** देश के विभिन्न क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाले प्रमुख जनजातीय लोगों का एक प्रतिनिधिमंडल राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से राष्ट्रपति भवन में मिला। इस अवसर पर आवास और शहरी कार्य एवं विद्युत मंत्री मनोहर लाल, जनजातीय कार्य मंत्री जुएल ओराम और जनजातीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री दुर्गादास उइके भी उपस्थित रहे। राष्ट्रपति मुर्मु ने जनजातीय समुदाय के अनुभव, ज्ञान और उनकी अनमोल सांस्कृतिक विरासत की सराहना करते हुए कहा कि यह हमारे राष्ट्र की बहुलता और विविधता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि जनजातीय समाज की सक्रिय भागीदारी से ही सच्चे अर्थों में समावेशी विकास संभव है। यह विशेष संवाद जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा आयोजित किया गया, जो सरकार की सहभागी और विकेन्द्रीकृत शासन की दिशा में उठाया गया एक अहम कदम है। इस पहल का उद्देश्य जनजातीय समाज की आवाज़ को नीति-निर्माण में शामिल करना और उनकी ज़रूरतों को बेहतर ढंग से समझकर विकास की मुख्यधारा में लाना है।राष्ट्रपति मुर्मु ने विश्वास जताया कि जनजातीय समाज की भागीदारी से भारत सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से और अधिक सशक्त होगा।

## देश के ज्वलंत मुद्दों पर ही बोलें शशि थरूर, सरकार की तारीफ में शहनाई न बजाएंः सुखदेव भगत

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** कांग्रेस सांसद सुखदेव भगत ने कांग्रेस नेता शशि थरूर और मोदी सरकार की विदेश नीति पर तीखे सवाल उठाए। उन्होंने समाचार एजेंसी से बातचीत में मणिपुर हिंसा और विदेश नीति की विफलता पर अपनी राय रखी। साथ ही, गुजरात में कांग्रेस के अल्पसंख्यक प्रतिनिधित्व के मुद्दे पर भी टिप्पणी की। सुखदेव भगत ने शशि थरूर को लेकर कहा कि उनके जैसे विद्वान नेता को देश के ज्वलंत मुद्दों पर बोलना चाहिए, न कि मोदी सरकार की तारीफ में शहनाई बजानी चाहिए। उन्होंने 'ऑपरेशन ब्लू स्टार' का जिक्र करते हुए कहा कि उस समय कोई भी देश भारत के साथ नहीं खड़ा हुआ। कांग्रेस सांसद ने कहा कि जब 12 देशों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को नागरिक सम्मान दिए और 17 देशों की संसद को उन्होंने संबोधित किया, तब भी कोई भारत के साथ क्यों नहीं खड़ा हुआ? भगत ने मोदी सरकार की विदेश नीति पर सवाल उठाया। कहा, मणिपुर आज भी जल रहा है, लेकिन इस पर कोई चर्चा नहीं हो रही। यह दुखद है। शशि थरूर को बुद्धिजीवी नेता बताते हुए



कहा, उन्हें अवसरवादी राजनीति से बचना चाहिए। बाढ़ के समय सांप, मैना और बिच्छू एक ही डाल पर बैठ जाते हैं, लेकिन यह अवसरवादिता है, न कि विचारधारा। थरूर से अपेक्षा है कि वो देशहित में सकारात्मक और भविष्योन्मुखी चर्चा करें।

सुखदेव भगत ने सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले का जिक्र करते हुए कहा कि कोर्ट ने आधार को विभिन्न योजनाओं से जोड़ने की अनुमति दी है, जो सही है।

उन्होंने सवाल पूछा, जब बैंक खाते और अन्य सेवाएं आधार से जुड़ी हैं, तो चुनाव प्रक्रिया में आधार का उपयोग क्यों नहीं किया जा सकता? मुझे संदेह है कि चुनाव आयोग सत्ताधारी दल के दबाव में काम कर रहा है। फिर भी उम्मीद करता हूं कि आयोग निष्पक्ष रहेगा, किसी भी राजनीतिक दल का खिलौना नहीं बनेगा और प्रगतिशील सोच के साथ काम करेगा।

## मनसुख मांडविया ने 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' अभियान को आगे बढ़ाने की अपील की

एजेंसी

**नई दिल्ली, ।** केंद्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने नागरिकों से 13 जुलाई को सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) के साथ पूरे भारत में आयोजित होने वाले 31वें साइकिलिंग अभियान से पहले 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' अभियान की गति को ताकत के साथ जारी रखने का आग्रह किया है। पूरे भारत में 6,000 से ज्यादा जगहों पर आयोजित होने वाले इस 31 वें आयोजन में लगभग 50 हजार लोग हिस्सा लेंगे। इस सप्ताहांत के मुख्य आकर्षणों में से एक पूर्व वर्ल्ड रेसलिंग एंटरटेनमेंट चैंपियन और भारत के एकमात्र हैवीवेट खिताब विजेता द ग्रेट खली की उपस्थिति होगी। सात फीट लंबे यह दिग्गज राष्ट्रीय राजधानी के मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में अन्य प्रतिष्ठित हस्तियों के साथ इस साइकिलिंग रैली का नेतृत्व करेंगे। डॉ. मांडविया ने कहा, पिछले साल दिसंबर में एक छोटी सी शुरुआत से यह साइकिलिंग अभियान एक राष्ट्रव्यापी फिटनेस क्रांति बन गया है, जो 11 हजार से ज्यादा स्थानों पर आयोजित हो रहा है और लाखों नागरिकों को प्रेरित कर रहा है। हम साइकिल के हर पैडल से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मोटापा मुक्त भारत के विजन को आगे बढ़ा रहे हैं। आइए, साइकिल पर फिट इंडिया संडे एक नए भारत की भावना को प्रतिबिंबित करता रहे, और हम एक स्वस्थ, मजबूत और अधिक जीवंत विकसित भारत की ओर बढ़ते रहें। दिसंबर 2024 में डॉ. मनसुख मांडविया द्वारा शुरू किया गया 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' एक प्रमुख राष्ट्रीय अभियान के रूप में विकसित हुआ है, जो लाखों नागरिकों को साइकिलिंग को जीवनशैली के रूप में अपनाने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है। नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, यह आयोजन पूरे भारत में 11 हजार से अधिक स्थानों तक फैल चुका है, जिसमें विभिन्न आयु वर्गों के चार लाख से अधिक नागरिक शामिल हो रहे हैं। इस साइकिलिंग अभियान के विशेष साझेदार सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (पीएसयू) हैं और नई दिल्ली में खली उर्फ दलीप सिंह राणा के साथ 500 से ज्यादा साइकिल चालकों के शामिल होने की उम्मीद है। 52 वर्षीय दलीप 2006 में डब्ल्यूडब्ल्यूई द्वारा अनुबंधित होने वाले पहले भारतीय पेशेवर पहलवान बने थे। फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल के पिछले संस्करणों में सशस्त्र बलों से लेकर डाकियों तक को श्रद्धांजलि देने के साथ-साथ सफाई कर्मचारियों और डॉक्टरों के साथ सहयोग जैसे विषय शामिल रहे हैं। इसका संदेश मोटापे के खिलाफ लड़ाई है।

## संक्षिप्त समाचार

### श्रावन माह की पहली दिन लगी बुढ़वा महादेव में भीड़, किया जलाभिषेक



बड़कागांव संवाददाता

**बड़कागांव।** प्रखंड के दर्जनों शिवालयों में श्रावन की पहली दिन के अवसर पर शिव भक्तों ने शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। देवों के देव महादेव से मनचाहा वर मांगा। इस दौरान बड़कागांव महुदी पहाड़ स्थित प्राचीन शिव मंदिर में शिवलिंग पर जल चढ़ाने को लेकर शिव भक्तों की भीड़ लगी रही। शिव भक्त अहले सुबह से ही बुढ़वा महादेव मंदिर में जल चढ़ाना शुरू कर दिए। शिव भक्त शाम तक शिवलिंग पर जल चढ़ाते नजर आए। इस दौरान बड़कागांव उप प्रमुख बचनदेव कुमार ने अपने सहयोगियों के साथ बुढ़वा महादेव मंदिर में पूजा अर्चना की और क्षेत्र की शांति के लिए महादेव से कामना की। बता दें कि बुढ़वा महादेव परिसर में श्रावन भर शिव भक्तों की भीड़ लगी रहती है। वहीं पूर्णिमा के दिन भव्य मेले का आयोजन किया जाता है जिसमें हजारों की संख्या में शिव भक्त भाग लेते हैं।

### अचार संहिता उलंघन व पारा शिक्षक आंदोलन मे दर्ज केस से अदालत ने गौतम कुमार कों किया बरी



आदिवासी एक्सप्रेस

**हजारीबाग।** आदर्श युवा संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष सह युवा नेता गौतम कुमार सदर थाना मे दर्ज दो मामले मे बरी हो गये.2018 मे 67000 पारा शिक्षकों के मुद्दों पर स्थायी करने कों लेकर हज़ारीबाग समाहरनालय के समक्ष आत्मदाह के प्रयास मे उन्हें गिरफ्तार किया गया था. उस समय के आंदोलन मे तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर का नींद उडाने वाले गौतम कों हज़ारीबाग सदर कांड संख्या 516/18 आईपीसी धारा 309,511 से फर्स्ट क्लास मेजिस्टेट श्री हेमंत कुमार ने बरी किये. वही लोकसभा चुनाव 2019 मे अचार सहिता उलंघन मे सदर थाना मे ही कांड संख्या 126/ 19 आईपीसी धारा 188,143 व रेप्रजेन्टेशन ऑफ़ पीपल एक्ट 126(2) मे एसिजिएम श्री मति कुमारी निकिता ने बरी किये. अधिवक्ता राजेंद्र प्रसाद ने कहा की दोनों केस मे गौतम कुमार कों साक्ष्य के आभाव मे बरी किया गया.केस के बरी होने से क्षेत्र के जनता मे ख़ुशी है. वही युवा नेता गौतम कुमार ने कहा की क्षेत्र की मुद्दों पर मेरा आंदोलन जारी रहे. दर्जनों केस होने के बावजूद भी मेरा आंदोलन की धार मे कमी नहीं आयी. बरी होने के दौरान अधिवक्ता राजेंद्र प्रसाद, सुप्रिया राणा, संगठन के जिला अध्यक्ष रुपेश कुमार, प्रखंड अध्यक्ष कमल कुमार दास मौजूद थे.

### ए डिविजन फुटबॉल लीग के 33वें मुकाबले में आर क्लब खैरखा की धमाकेदार जीत



आदिवासी एक्सप्रेस


**हजारीबाग।** हजारीबाग जिला फुटबॉल संघ के पुराने खिलाड़ियों एवं सदस्यों द्वारा आयोजित ए डिविजन फुटबॉल लीग के अंतर्गत आज खेले गए 33वें मैच में आर क्लब खैरखा ने फ्रेंड्स क्लब चुटियारो को 5-1 के बड़े अंतर से पराजित किया।

आर क्लब खैरखा की ओर से शानदार प्रदर्शन करते हुए मिथिलेश ने 2 गोल, जबकि सुधीर, पिंटू और तपन ने 1-1 गोल कर टीम को निर्णायक बढ़त दिलाई। वहीं, फ्रेंड्स क्लब चुटियारो की ओर से एकमात्र गोल राजू कुमार ने किया। मैच के दौरान मुख्य रेफरी की भूमिका में संजय पासवान, सुरेंद्र राम और नकुल कुमार मौजूद रहे, जिन्होंने मैच को निष्पक्ष रूप से संचालित किया।

इस अवसर पर फुटबॉल संघ से जुड़े कई वरिष्ठ सदस्य एवं खेल प्रेमी उपस्थित थे, जिनमें प्रमुख रूप से भैया मुरारी, परमेश्वर, उमेश कुमार, अशोक कुमार, मोहम्मद सज्जाद, जितेंद्र कुमार, सफीउल्लाह खान और जुबेर शामिल थे। ए डिविजन लीग के इस उत्साहजनक मुकाबले ने खेल प्रेमियों को रोमांच से भर दिया और स्थानीय फुटबॉल को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाई।

### झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री ददई दुबे को हजारीबाग कांग्रेस ने दी विनम्र श्रद्धांजलि

- कांग्रेस पार्टी उनके संघर्षों, सेवा और सिद्धांतों को सदा स्मरण रखेगी: कांग्रेस जिलाध्यक्ष
- ददई दुबे मज़दूरों की मज़बूत आवाज़ थे: शैलेन्द्र यादव



आदिवासी एक्सप्रेस

**हजारीबाग।** झारखंड सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं कांग्रेस राष्ट्रीय मज़दूर संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर उर्फ ददई दुबे के निधन पर हजारीबाग कांग्रेस जिला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री यादव ने कहा कि ददई दुबे मज़दूरों की मज़बूत आवाज़ थे। वे हमेशा मज़दूरों, वंचितों और आमजन के अधिकारों की लड़ाई में बुलंद और मुखर रहे। उनके निधन से कांग्रेस पार्टी को अपूरणीय क्षति हुई है, जिसे लंबे समय तक भुलाया नहीं जा सकेगा। कांग्रेस पार्टी उनके संघर्षों, सेवा और सिद्धांतों को सदा स्मरण रखेगी।

इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता संजय तिवारी, सेवा दल अध्यक्ष गुड्डू सिंह, जिला महासचिव महेश साव, परवेज़ आलम समेत हजारों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और आमजन ने दिवंगत नेता को श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

# संस्कार भारती का गुरु पूर्णिमा सह गुरु कृपा सम्मान महोत्सव सम्पन्न



आदिवासी एक्सप्रेस

**हजारीबाग।** गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर संस्कार भारती हजारीबाग इकाई के तत्वावधान मे गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया है साथ ही साहित्य और कला से जुड़ी जिले की दो महान विभूतियों को कला गुरु सम्मान से सम्मानित भी किया गया, संस्कार भारती द्वारा हर वर्ष गुरु पूर्णिमा के अवसर पर गुरु कृपा सम्मान दिया जाता है इस बार ये सम्मान हजारीबाग के साहित्य के सशक्त हस्ताक्षर हिन्दी के प्रोफेसर, कवि लेखक अनेक पुरस्कार से सम्मानित डॉ प्रोफेसर सुबोध सिंह शिवगीत को दिया गया, बतौर रचनाकार इनकी कहानियाँ, कविताएं, व्यंग्य आदि नियमित रूप से प्रकाशित एवं आकाशवाणी दूरदर्शन केंद्र से प्रसारित होती रहती है, पुरब की ओर, चाक पर कुम्हार आदि विभिन्न साहित्य विधाओं मे पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी है आपको 2021 मे हिन्दी साहित्य भारती सम्मान, 2022 मे त्रिवेणीकांत ठाकुर आदि अनेक सम्मान भी मिल चुका है तथा दूसरा सम्मान बच्चों मे प्रतिभा का बीजारोपण करने वाली, संस्कार के साथ साथ भारतीय गीत संगीत की शिक्षा देने वाली, नृत्य संगीत की शिक्षिका शोभा सिन्हा को दिया गया शोभा सिन्हा हजारीबाग मे भारतीय संगीत और नृत्य को ज़न ज़न तक पहुंचाने मे अपनी अग्रिम भूमिका निभा रही है, इन्होने संगीत प्रवीण की उपाधि प्रयाग समिति प्रयागराज से तथा संगीत भाष्कर प्राचीन कला केन्द्र चंडीगढ़ से मिली, पंडित दशरथ जी नृत्य कि बारीकियां सीखने के साथ ही आपने संगीत गुरू कामेश्वर पाठक जो मलिक घराना से संबंधित है उनसे गीत संगीत की शिक्षा प्राप्त की,संत कोलंबस महाविद्यालय मे बतौर संगीत शिक्षक आपने अपना योगदान दिया है साथ इनके अनेक कार्यक्रम दूरदर्शन तथा विभिन्न मंचों पर अपनी प्रशंसा प्राप्त कर चुके है।

आयोजन का प्रारंभ मुख्य अतिथि प्रांतीय महामंत्री संजय श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष विकास वर्मा, विशिष्ठ अतिथि सुबोध सिंह शिवगीत, शोभा सिन्हा, जिलाध्यक्ष कुमार केशव, जिला महामंत्री विनीत कुमार जैन द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन से हुआ, तत्पश्चात संस्कार भारती ध्येय गीत तथा सरस्वती वंदना हुआ जिसका गायन शोभा, सिन्हा, सुमन, अनुराधा, दिव्या, आर्यन, रॉनीत, आदर्श, लुशा, अन्वेशा पॉल, रौनक राज ने संयुक्त रूप से किया, उसके बाद जिलाध्यक्ष कुमार केशव के द्वारा अध्यक्षीय संबोधन किया गया, आयोजन मे सुखद उपस्थिति भारतीय सेना के लेफ्टिनेंट अमित जी की रही जिन्होंने अपने कविता पाठ से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया,तदुपरांत डॉ सुबोध सिंह शिवगीत तथा शोभा सिन्हा को शॉल एवं कला गुरु सम्मान 2025 का प्रशस्ति पत्र संस्कार भारती हजारीबाग इकाई द्वारा सम्मानित किया गया, सम्मान के उपरांत अपने उद्बोधन मे डॉ सुबोध सिंह शिवगीत ने मौजूदा भारतीय सभ्यता और संस्कृति में आ रहे विकृतियों के प्रति सभी का ध्यान आकृष्ट करते हुए भारतीय संस्कृति और सभ्यता की पौराणिकता सह वैज्ञानिकता पर प्रकाश डालते हुए भारत की विराट परम्परा, भाषा, जीवन शैली की उपयोगिता पर अपने विचार प्रकट किए, शोभा सिन्हा ने अपने पुराने दिनों को याद करते हुए, गुरुओं के प्रति सम्मान प्रकट करते हुए सभी का आभार व्यक्त किया, आयोजन में जिला कोषाध्यक्ष अनिल पांडे की मुख्य भूमिका रही, आयोजन उपरान्त एक लघु बैठक आयोजित की गयी जिसमें सावन महीने के अवसर पर प्रत्येक वर्ष होने वाले मेहंदी रंगोली प्रतियोगिता को स्थानीय हिन्दू प्लस टू विद्यालय में आगामी 20 जुलाई को आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

आयोजन का संचालन वरीय उपाध्यक्ष किशोर कुमार गुप्ता ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन संजय तिवारी ने दिया,वन्देमातरम के गायन के साथ आयोजन समाप्त हुआ।

# शांति व्यवस्था स्थापित के लेकर के सशस्त्र बल जवान पहरेदारी करते हुए







बड़कागांव संवाददाता

**बड़कागांव।** प्रखंड के पिपराडीह गांव निवासी 27 वर्षीय लापता दिनेश प्रजापति कि 6 जुलाई से लापता होने के बाद 10 जुलाई को कुमहरडीहा गांव से सुभाष प्रजापति के घर से 1 किलोमीटर दूरी पर एक कुएं से लाश मिलने के पश्चात नामजद आरोपी सुभाष प्रजापति के पिता महेश प्रजापति की विरोधियों के द्वारा पीट-पीटकर हत्या कर देने का मामला अब भी दोनों गांव में तनाव बना हुआ है। हालांकि पोस्टमार्टम के पश्चात दोनों की लाश को अंतिम संस्कार कर दिया गया है दोनों गांव में शांति बनी हुई है। परंतु हालत को देखते हुए पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद एवं चौकसी बरत रही है ।हजारीबाग प्रशिक्षु आईपीएस एसडीपीओ अमित आनंद ,सीसीआर डीएसपी मनोज कुमार ,बड़कागांव बीडीओ जितेंद्र कुमार मंडल,सीओ मनोज कुमार, समेत कई बड़कागांव थाना प्रभारी नेमधारी रजक समेत कई थाना के थाना प्रभारी सशस्त्र पुलिस बल आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह से चौकस दिखे। हालात को देख पुलिस गुरुवार की रात्रि को रात भर दोनों गांव में नजर रखी जा रही थी ।ताकि किसी प्रकार की पुनः कोई अप्रिय घटना ना हो जाये।बड़कागांव पुलिस ने बताई की दोनों की हत्या मामले को पुलिस गंभीरता से जांच पड़ताल कर रही है, लापता दिनेश की लाश कुएं से बरामद होने और उद्रवियों के द्वारा महेश प्रजापति को पीट-पीटकर हत्या कर देने को लेकर कार्रवाई की जा रही है। इतना ही नहीं घर में अगलगी और रोड जाम मामले पर भी पुलिस कार्रवाई कर रही है।घटना को लेकर महेश प्रजापति की पत्नी कौशल्या देवी ने बताया कि रास्ते में पति को पीट पीट कर कर हत्या कर देने के बाद लोग हम लोगों की हत्या करने के लिए घर पर आ रहे थे,तभी हम अपने दोनों पोती को लेकर घर से दूसरे के मक्का खेत और बाथरूम में जाकर छुप गए। उपद्रवी हम लोगों को जान से मार देने के लिए ढूंढ रहे थे।मामले को लेकर दिनेश की पत्नी संगीता देवी ने पति की गुमशुदगी को लेकर 7 जुलाई को एवं पैसे की लेनदेन एवं अपहरण की आशंका को लेकर 8 जुलाई को थाने में आवेदन दी थी। वही महेश प्रजापति ने पिपराडीह ग्रामीणों के द्वारा बेटे सुभाष प्रजापति के साथ बेरहमी से मारपीट करने को लेकर 9 जुलाई को थाने में आवेदन दिया था।मृतक महेश प्रजापति के छोटे भाई अनिल कुमार ने बताया कि घर में उपद्रवियों के द्वारा लगभग 30 लाख रुपया की नुकसान हुआ है। घर में सभी 6 भाई के रखें लगभग 255000 रुपया को लोगों ने जला दिया और 15 से 20 लाख रुपया का सोना जेवरात ले गए और फ्रिज पलंग गद्दा दो बाइक कुलर गीजर को आग के हवाले कर दिया और हमारा डीजे साउंड उठा कर ले गए।घर में इकलौता कमाउ सदस्य दिनेश प्रजापति की लाश कुएं से बरामद होने के बाद पत्नी संगीता के ऊपर पहाड़ टूट गया हैं। दो बच्चों के साथ महज 10 म 10 फीट के एक रूम में रह रहे है। पत्रकारों से बात करते हुए वह रो पड़ी कहा की भैया अब मेरे दो बच्चों का क्या होगा। बच्चों की पढ़ाई लिखाई भरण पोषण कैसे करेंगे। 7 वर्ष की एक लड़की एवं 5 वर्ष का एक लड़का है। हमको इंसाफ चाहिए भैया इंसाफ चाहिए। 10 लाख रुपया लोन दिलाने के नाम पर सुभाष हम लोगों से 161000 रुपया लिया था । 3 लाख रुपया लाख की मांग थी।

# देशव्यापी निजीकरण के विरुद्ध राष्ट्रपति को सौंपा गया ज्ञापन



आदिवासी एक्सप्रेस

**हजारीबाग।** देशभर में तेजी से बढ़ रहे निजीकरण के विरोध में शुक्रवार को हजारीबाग उपायुक्त के माध्यम से भारत सरकार की राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू को एक ज्ञापन सौंपा गया। यह ज्ञापन एससी, एसटी, ओबीसी एवं धर्मांतरण किए गए अल्पसंख्यक मूलनिवासी समाज के कर्मचारियों के संघ के बैनर तले सौंपा गया।


ज्ञापन सौंपने के बाद बताया गया कि देश की 90त्न जनता शोषित है और यह निजीकरण की नीति उनके रोजगार, अधिकार और अस्तित्व पर सीधा हमला है। संघ के नेताओं ने स्पष्ट किया कि यह केवल एक आर्थिक नीति नहीं बल्कि एक राष्ट्रीय अपराध है, जिससे गरीब, वंचित और पिछड़े वर्गों के हितों को गंभीर नुकसान हो रहा है।

**ज्ञापन में उठाए गए मुख्य बिंदु**

निजीकरण के चलते सरकारी नौकरियों में भारी कटौती हो रही है, जिससे एससी, एसटी, ओबीसी वर्ग के युवाओं को रोजगार से वंचित किया जा रहा है,संविदा और ठेका प्रथा के कारण कर्मचारियों को संवैधानिक अधिकार और न्यूनतम वेतन से वंचित किया जा रहा है, निजी कंपनियाँ 8 घंटे की जगह 12 घंटे तक काम ले रही हैं, जो श्रम कानूनों का उल्लंघन है,सरकारी स्कूलों, अस्पतालों और सार्वजनिक संस्थानों का निजीकरण करके गरीब तबके को मूलभूत सुविधाओं से वंचित किया जा रहा है और निजी क्षेत्र प्रतिनिधित्व या सामाजिक सुरक्षा नहीं देता, जिससे वंचित वर्ग और अधिक पीछे धकेला जा रहा है। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि मोदी सरकार और अमित शाह की नीतियों से देश के संसाधनों पर पूंजीपतियों का पूर्ण नियंत्रण स्थापित करने की साजिश स्पष्ट हो रही है। यह निजीकरण केवल मुनाफा आधारित नीतियों को जन्म देता है, जिससे जनसेवा की भावना समाप्त हो रही है।

ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से अशोक कुमार दास (जिला अध्यक्ष, मूलनिवासी कर्मचारी कल्याण महासंघ) ,ज्योति कुमार दास (प्रदेश महासचिव एडवोकेट निशांत कुशवाहा (प्रदेश अध्यक्ष) डॉ. भागवत राम अंबेडकर, रजनी वर्मा, अलका कुमारी, गणेश यादव, दीपक दास, धनेश्वर रजक (बामसेफ), अमित कुमार भारती, प्रवीण प्रियदर्शी, प्रणव प्रियदर्शी, निखिल कुमार, सुनील रजक, अजीत कुमार दास, शशि कुमार कुशवाहा सहित अन्य मूलनिवासी कर्मचारीगण शामिल थे।

## ददई दुबे के निधन से मजदूरों ने अपना एक मसिहा खो दिया: निसार खान



आदिवासी एक्सप्रेस

**हजारीबाग।** जिला कांग्रेस कमिटी हजारीबाग मीडिया विभाग के अध्यक्ष निसार खान नें पूर्व सांसद व इंटक के वरिष्ठ नेता ददई दुबे के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है । खान ने अपने शोक संदेश में कहा कि दुबे जी के निधन से मजदूरों ने अपना एक मसिहा खो दिया है । उन्होंने कहा कि दुबे जी मृदुभाषी, मिलनसार, कुशल राजनीतिज्ञ के साथ-साथ एक प्रखर समाजसेवी थे । इनके निधन से कांग्रेस की बड़ी क्षति हुई है, जिसकी पूर्ति तत्काल संभव नही । उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति तथा इस कठीन घड़ी इनके परिजनो को धैर्य व सहन शक्ति प्रदान करने कि प्रार्थना की है ।

## उपायुक्त ने साप्ताहिक जनता दरबार में सुनीं आमजनों की समस्याएं, कई मामलों में टेलीफोन कर दिए निष्पादन के निर्देश



आदिवासी एक्सप्रेस

**हजारीबाग।** समाहरणालय सभागार में शुक्रवार को साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त श्री शशि प्रकाश सिंह ने की। जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं गांवों से आए 25 से अधिक आवेदकों ने अपनी समस्याएं उपायुक्त के समक्ष प्रस्तुत कीं। समस्याओं में मुख्यतः पेंशन, भूमि विवाद, अवैध कब्जा, अबुआ आवास, म्यूटेशन,मुआवजा, राशन कार्ड एवं व्यक्तिगत उत्पीड़न से जुड़ी शिकायतें प्रमुख रहीं।

उपायुक्त ने प्रत्येक आवेदक से व्यक्तिगत रूप से भेंट की तथा उनकी शिकायतों को गंभीरता से सुनकर संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कई मामलों में उन्होंने तत्काल टेलीफोन के माध्यम से अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया।

प्रमुख मामलों का विवरणः

हरिहर प्रजापति, ग्राम बोंगा, इचाक

गैरकानूनी तरीके से हड़पी गई जमीन को पुनः प्राप्त कर चहारदीवारी कराने का अनुरोध।

उपायुक्त ने अनुमंडल पदाधिकारी,बरही को अपर समाहर्ता के साथ समन्वय कर भूमि की रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

तैयब अंसारी, मौजा चरही, चुरचू

पैतृक जमीन पर दुकान चलाने में दबंगों द्वारा उत्पीड़न की शिकायत।

उपायुक्त ने सदर अनुमंडल पदाधिकारी को मामले की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने और नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

विशेश्वर ठाकुर, सांढ, बड़कागांव

अबुआ आवास योजना का गलत लाभ उठाने की शिकायत, जिसमें दूसरे के कच्चे मकान की फोटो दिखाकर लाभ लेने की बात कही गई।

उपायुक्त ने इस प्रकरण की गंभीर जांच का आदेश उप विकास आयुक्त को दिया तथा शिकायत पुष्ट होने पर विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा।

गांधौरी महतो, ग्राम बड़वार, दारू प्रखंड

पीएम आवास के सामने रास्ता बंद किए जाने से वर्षा जल घर में घुसने व आवाजाही में बाधा की शिकायत।

उपायुक्त ने सदर अनुमंडल पदाधिकारी को तत्काल जांच कर समाधान करने तथा अपर समाहर्ता से विमर्श कर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया।

राजेन्द्र ठाकुर, केरेडारी

अपनी भूमि के मुआवजे से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किया।

उपायुक्त ने संबंधित विभाग को आवेदन का समुचित परीक्षण कर शीघ्र कार्रवाई करने को कहा।

शिखा राणा, बालिका खिलाड़ी

शूटिंग खेल के लिए रायफल उपलब्ध कराने का अनुरोध।

शिखा के राज्य स्तर पर गोल्ड मेडल विजेता होने की जानकारी मिलने पर उपायुक्त ने खेल निदेशक से टेलीफोन पर वार्ता कर त्वरित सहयोग का अनुरोध किया तथा बालिका को निदेशक से भेंट हेतु चिट्ठी के साथ रांची जाकर मिलने की सलाह दी।

उपायुक्त श्री शशि प्रकाश सिंह ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि वे प्रत्येक मामले की शीघ्र जांच कर पारदर्शी, न्यायसंगत और त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जनता दरबार आम नागरिकों से सीधा संवाद स्थापित करने का एक सशक्त माध्यम है, जिससे शासन की पारदर्शिता एवं उत्तरदायित्व को मजबूती मिलती है।

# श्रावणी स्पेशल ट्रेन चलाने की भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता के मांग को मिली मंजूरी, सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

## शेफाली गुप्ता की पहल से श्रावणी स्पेशल ट्रेन शुरू हजारीबाग से देवघर तक सीधा रेल संपर्क बहाल



आदिवासी एक्सप्रेस

**हजारीबाग।** जब एक महिला कदम बढ़ाती है, तो केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक पूरा समाज आगे बढ़ता है। हजारीबाग से देवघर के बीच नई ट्रेन सेवा की शुरुआत, केवल एक रेल का शुभारंभ नहीं है – यह उस सोच की शुरुआत है जिसमें हजारीबाग के हर नागरिक के सपनों को पंख मिलेंगे। श्रावणी स्पेशल ट्रेन चलाने की भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता के मांग को मंजूरी मिली। सदर विधायक प्रदीप प्रसाद एवं ओम आरोहणम संस्था की संस्थापिका सह भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने स्पेशल ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। शेफाली गुप्ता की पहल से श्रावणी स्पेशल ट्रेन की शुरुआत हुआ है। हजारीबाग से देवघर तक सीधा रेल संपर्क बहाल किया गया है।

जिस धरती ने संघर्ष और साधना से नेतृत्व को जन्म दिया, वहीं से अब एक नया युग आरंभ हो रहा है – एक ऐसा युग जहाँ हर गांव, हर युवा और हर महिला को अवसर मिलेगा आगे बढ़ने का। उनका यह कदम साबित करता है ,की केवल वो समाजसेविका नहीं है बल्कि एक जननायिका के रूप में उभर रही हैं – जो समझती हैं ज़मीन की आवाज़, और जानती हैं कि बदलाव की असली गूंज पटरियों पर नहीं, लोगों के दिलों में होनी चाहिए।

इस उद्घाटन में हजारीबाग के विधायक प्रदीप प्रसाद की उपस्थिति यह सिद्ध करती है कि जब संकल्प और सहयोग साथ चलते हैं, तब विकास की गति दोगुनी हो जाती है। शेफाली का यह कदम केवल यात्रा की शुरुआत नहीं, बल्कि राजनीति में एक नयी सोच की दस्तक है – एक ऐसी सोच जो वादों से नहीं, कार्यों से नेतृत्व करती है। हजारीबाग आज गर्व महसूस करता है और आने वाला कल गवाही देगा कि इस हरि झंडी के साथ एक सुनहरे भविष्य की शुरुआत हो चुकी है।

**दक्षिण पूर्व रेलवे, निविदा**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से और उनकी ओर से, मंडल सिग्नल और दूरसंचार इंजीनियर, दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित करते हैं: **क्रमांक: 1; ई-एनआईटी संख्या: एसटी.-आरएनसी-एस08-एसपीएयू; कार्य का नाम:** रांची मंडल के हटिया-ओरगा खंड में 8 स्टेशनों पर सुरक्षा प्वाइंट अलार्म यूनिट (एसपीएयू) प्रणाली के प्रावधान के संबंध में सिग्नलिंग और दूरसंचार कार्यों का निष्पादन; **विज्ञापित मूल्य:** ₹ 24,75,725.20; **बयाना राशि:** ₹ 49,500.00; **निविदा दस्तावेजों की लागत:** शून्य; **ई-निविदा बंद होने की तिथि और समय** 04.08.2025 11.00 बजे; **बोली शुरू होने की तिथि** 21.07.2025; **वेबसाइट विवरण और जानकारी:** कार्य निविदाओं के लिए www.ireps.gov.in। **(PR-383)**

## संक्षिप्त समाचार

### सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में परिवार स्वास्थ्य मेला का आयोजन



**संवाददाता राम कुमार**

**बालूमाथ।** बालूमाथ विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर बालूमाथ स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में शुक्रवार को परिवार स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया. उक्त मेले का उद्घाटन बालूमाथ पंचायत के मुखिया नरेश लोहरा व अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया.परिवार स्वास्थ्य मेला कार्यक्रम का उद्देश्य योग्य दंपतियों को परिवार नियोजन के स्थायी व अस्थायी तरीकों के प्रति जागरूक करना है.इस दौरान महिलाओं के लिए वन्ध्याकरण व पुरुषों के लिए नसबंदी जैसी स्थायी विधियों के साथ-साथ अस्थायी साधनों को अपनाने हेतु भी लोगों को प्रेरित करने की योजना है. स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने जानकारी दी कि इस पखवाड़े में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर इच्छुक लाभुकों का निःशुल्क वन्ध्याकरण व नसबंदी की जाएगी.इस अवसर पर डॉ.सुरेंद्र कुमार,एफपी बीटीटी शांति देवी, रौशन इंदवार,अनिल कुमार, मिथिलेश कुमार,समेत कई स्वास्थ्य कर्मी और स्थानीय लोग शामिल रहे।

### मॉडल स्कूल में छात्रों के बीच मलेरिया के लिए जागरूकता के तहत प्रतियोगिता आयोजित



**संवाददाता राम कुमार**

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड अंतर्गत धाधू पंचायत के मकईयाटांड़ में संचालित मॉडल स्कूल में शुक्रवार को मलेरिया जागरूकता अभियान के तहत छात्र एवं छात्राओं के बीच मलेरिया प्रतियोगिता आयोजित किया गया.असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी एवं जिला मलेरिया पदाधिकारी के निर्देश पर आयोजित इस प्रतियोगिता में सुनील कुमार को प्रथम मो रशीद को द्वितीय एवं खुशबू कुमारी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ.सफल छात्र एवं छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया. इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक विजय कुमार, पंकज कुमार पांडेय एमटीएस नितेंद्र सिंह, एमपीडब्ल्यू गुलाम कुरैशी, मॉडल स्कूल के बच्चे एवं शिक्षक मौजूद रहे।

### चराई पंचायत में एकदिवसीय राजस्व शिविर का आयोजन, लोगों को उमड़ा जनसैलाब

● सुदूरवर्ती इलाके में इस तरह से शिविर लगना सार्थक पहल, सीओ उपेंद्र कुमार को लोगों ने जताया आभार



**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता- मनोहर यादव**

**छतरपुर, पलामू।** छतरपुर प्रखंड अंतर्गत चराई पंचायत भवन में शुक्रवार को एक दिवसीय राजस्व शिविर का आयोजन किया गया. यह शिविर अंचलाधिकारी उपेंद्र कुमार के नेतृवत में आयोजन हुआ। राजस्व शिविर में कुल 74 आवेदन आए जिसमें से 36 आवेदन को शिविर में ही निष्पादित कर दिया गया। शेष आवेदन को एक दिन के भीतर निष्पादन कर दिया जाएगा । विदित हो की आवेदन में राजस्व अभिलेख में सुधार,लगान रशीद,जाति,आवासीय, आय प्रमाण पत्र का निष्पादन किया गया।इसके अलावा एक गैरमाजरुआ प्लॉट का अतिक्रमण वाद और चराई +2 विद्यालय का सीमांकन का महत्वपूर्ण कार्यों का निष्पादन सम्पन्न कराया गया। आयोजित कैंप के दौरान अंचल के सभी कर्मियों के साथ-साथ अन्य पुलिसकर्मी चौकीदार, मुखिया रविंद्र राम तथा ग्रामीण लोग उपस्थित थे।

### झामुमो के चतरा जिला अध्यक्ष पहुंचे भद्रकाली मंदिर की पूजा अर्चना



**आदिवासी एक्सप्रेस / ब्यूरो संतोष कुमार दास**

**इटखोरी (चतरा)।** झामुमो जिला अध्यक्ष नीलेश ग्यासेन उर्फ सोनू सिन्हा शुक्रवार को माँ भद्रकाली मंदिर परिसर पहुंच कर माता भद्रकाली की पूजा अर्चना कर राज्य एवं जिले की शांति, सुव्यवस्था और खुशहाली की कामना की। वहीं पूजा उपरांत निलेश ग्यासेन ने कावरियां संघ कीर्तन मण्डली का किया उद्घाटन, उसके बाद कुछ दिन पहले हुई सड़क दुर्घटना में धनखेरी निवासी मारूफ अंसारी की मृत्यु हो गयी थी। उनके परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना देते हुए ढाढस बढ़ाया। अध्यक्ष ग्यासेन उर्फ सोनू ने मृतक के पिता जी और उनके बेटे से मिल कर कहा कि इस दुख की घड़ी में मैं हमेशा आपके साथ हूं। झामुम जिला अध्यक्ष ने दुर्घटना में अपनी जान गवाने वाले के पीड़ित परिवार को मिलने वाले मुवावजा को लेकर उन्होंने कहा कि हम से जो भी संभव हो सकेगा मैं सहयोग करूंगा। बच्चे की पढ़ाई लिखाई में जो कुछ भी मुझसे मदद बन पड़ेगा उसे करने के लिए सदा तैयार रहूंगा। इस मौके पर प्रखंड अध्यक्ष बबलू केसरी, सचिव मकसूद आलम, उपाध्यक्ष बंटी आलम,उपाध्यक्ष टिंकू सिंह,कौशल सिंह, प्रदीप सिंह,फिरोज खाना, शाहीद बाबा समेत बड़ी संख्या में अन्य मौजूद थे।

# बाबा बैजनाथ धाम जाने वाले कांवरिया बम की सेवा में बाबा वीर कुंवर चैगोना धाम समिति द्वारा भंडारे का दीप प्रज्वलित कर हुआ शुभारंभ

**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता- मनोहर यादव**

**छतरपुर, पलामू। सावन** के पावन पवित्र माह के प्रथम दिन छतरपुर अनुमंडल स्थित एन एच 98 मुख्य मार्ग औरंगाबाद -मेदनीनगर पर अवस्थित बाबा वीर कुंवर चेंगौना धाम परिसर के विवाह मंडप सह पर्यटन भवन समिति के तत्वाधान में श्रावनी मेला बाबा बैजनाथ धाम जाने वाले कांवरिया बम की सेवा में लगातार एक माह तक भंडारे का आयोजन किया गया।



जिसका शुभारंभ शुक्रवार को मुख्य अतिथि हुसैनाबाद राजद विधायक सह राजद प्रदेश अध्यक्ष श्री संजय कुमार सिंह यादव, विशिष्ट अतिथि छतरपुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी,नावा बाजार बिडिओ रेनूबाला, स्कूटीब इंजीनियर लाल बिहारी यादव, राजद पलामू जिला अध्यक्ष धनंजय पासवान, राजद के वरिष्ठ नेता धीरेंद्र कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह अधिवक्ता, भाजपा नेता कृष्ण कुमार, मंदीर अध्यक्ष सत्येंद्र यादव, विकास यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का संचालन कैलाश यादव एवं रामबच्चन यादव ने की।

मौके पर मुख्य अतिथि संजय कुमार सिंह ने कहा कि जन मानस कल्याण एवं परमार्थ के लिए प्रत्येक मनुष्य की सेवा करनी चाहिए ।इस धाराधाम पर मनुष्य योनि में जन्में सभी व्यक्ति को सेवा, समर्पण एवं कृतार्थ करना जरूरी है। सावन मास के पवित्र माह में लगभग एक दशक से बाबा वीर कुंवर चैगोना धाम समिति के तत्वाधान में बाबा बैजनाथ धाम जाने वाले झारखंड, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश ,उड़ीसा के कांवरियों बम की सेवा में भंडारे का आयोजन एक सुनहरा सेवा करने का अवसर है। इस अवसर में आप सभी का सहयोग ही सेवा है ।इस कार्यक्रम में तीन समितियां का योगदान के कारण प्रत्येक वर्ष कुशल सफलता की परचम लहराता है। समिति द्वारा कांवरियों के लिए उत्तम भंडारे के साथ ठहरने एवं चिकित्सा का भरपूर संसाधन की व्यवस्था बहाल है। वहीं नावा बाजार बिडिओ रेनू बाला ने कहीं की ऐसे धार्मिक कार्य यहां के लोग आस्था विश्वास एवं निष्ठा के साथ करते है।जो झारखंड में गंगा जमुना की तहजीब दिखती है। कार्यक्रम का शुभारंभ में बिहार के आरा जिला से पधारे व्यास गोपाल यादव ने अपनी संस्कृति सभ्यता के माध्यम से गाना बजाना कर गणेश वंदना से लेकर शिवाआराधना तक एक से एक भक्ति गीत गाकर लोगों को उत्प्रोत किया। भंडारे मे कांवरिया बंम को पुड़ी शब्जी खीर ग्रहण कराया गया।

मौके पर भंडारा समिति अध्यक्ष रघु यादव सचिव उमेश यादव, कोषाध्यक्ष, अनिल यादव, मंदिर सचिव कपिलदेव यादव कोषाध्यक्ष राजपाल यादव, पर्यटनभवन अध्यक्ष नन्देव यादव, शिवनंदन यादव मुखिया पुरन यादव, अनुज कुमार सिंह, पूर्व मुखिया शंभू यादव, रक्षया यादव, समाजसेवी राजेंद्र यादव सतनारायण प्रसाद गुप्ता, मोहम्मद यासीन अंसारी, मिथिलेश यादव, मथुरा राम, फकीरा यादव, मजहर यादव, पिंटू यादव, साहनी, कर्मदेव यादव, लाला ठाकुर, परमहंस अग्रवाल, अरुण कुमार सिन्हा, अवधेश यादव, लवलेश यादव, बाजार राजद प्रखंड अध्यक्ष उपेंद्र चौधरी, लठेया पिकेट प्रभारी धर्मवीर सिंह यादव, नावा बाजार सब इंस्पेक्टर विपिन कुमार, सुबोध कुमार, मुस्लिम अंसारी, मुकेश यादव राजेंद्र पासवान, सहित गण्यमान बुद्धिजीवी एवं कांवरिया बम शामिल थे।

**जनसंख्या नियंत्रण पर जागरुकता**

# छतरपुर अनुमंडलीय अस्पताल में विश्व जनसंख्या दिवस पर परिवार स्वास्थ्य मेला का आयोजन

**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता- मनोहर यादव**

**छतरपुर, पलामू।** विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर छतरपुर अनुमंडलीय अस्पताल परिसर में परिवार स्वास्थ्य मेला का उद्घाटन छतरपुर प्रमुख उर्मिला देवी, बीस सूत्री अध्यक्ष गोपाल प्रसाद सिंह, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजेश अग्रवाल, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार रवि, प्रखंड डाटा प्रबंधक अमित कुमार सिंह,लेखा प्रबन्धक उमाकांत सहाय,कार्यक्रम प्रबन्धक अरविंद कुमार, MTS धर्मेंद्र कुमार सिंह, विनोद कुमार,अमन कुमार, अनिल कुमार एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। विदित हो कि स्वास्थ्य पखवाड़ा के तहत महिला बंध्याकरण,पुरुष नसबंदी एवं परिवार नियोजन की विधियां को अपनाने हेतु जागरूकता अभियान चलाई जा रही है। ताकि



जनसंख्या पर काबू पाया जा सके. मौके पर प्रमुख ने मौजूद सहिया एवं एएनएम को निर्देश देते हुए कहा कि अपने अपने क्षेत्र से प्रोत्साहित कर लाभार्थी को अस्पताल लाना है। परिवार नियोजन की स्थाई व अस्थाई विधि में से एक अपनाने हेतु प्रेरित करना है. उन्होंने कहा कि परिवार नियोजन के स्थाई विधि में बंध्याकरण है जो कि जिला के विशेषज्ञ चिकित्सक के द्वारा किया जाएगा. अस्पताल के चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर राजेश अग्रवाल ने कहा कि परिवार स्वास्थ्य मेला में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में सर्वप्रथम सहिया एवं एएनएम के द्वारा घर-घर भ्रमण कर लोगों को परिवार नियोजन की विधियों के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया जाएगा. तत्पश्चात सुविधानुसार बंध्याकरण, कॉपर टी,माल एन आदि विधियों का उपयोग लाभार्थी के इच्छानुसार किया जाएगा. परिवार नियोजन की विधियों में अस्थाई विधि की अंतरा इंजेक्शन के द्वारा 3 महीने तक गर्भधारण से बचा जा सकता है. उन्होंने पंचायत वाइज सभी सहिया को बंध्याकरण कराने हेतु लक्ष्य दे दिया गया है ताकि आसानी से प्रखंड के टारगेट को पूरा किया जा सके। इसके अलावा कहा कि परिवार नियोजन की अस्थाई विधि में माला एंन एक कारगर एवं आसान उपाय है। जिसमें हर रोज रात में सोने से पहले एक गोली खाना है. वहीं कॉपर टी लगाने के बाद 3 से 5 साल तक अनचाहे गर्भ से मुक्ति दिला सकता है. उन्होंने शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में परिवार नियोजन के उपाय को व्यापक पैमाने पर प्रचार प्रसार करने का निर्देश दिया. इसके लिए पंपलेट, बैनर एवं परिवार नियोजन हेतु गोली एवं कंडोम का वितरण भी किया गया.

मौके पर चिकित्सा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार रवि, प्रखंड डाटा प्रबंधक अमित कुमार सिंह,लेखा प्रबन्धक उमाकांत सहाय,कार्यक्रम प्रबन्धक अरविंद कुमार, MTS धर्मेंद्र कुमार सिंह, विनोद कुमार,अमन कुमार, अनिल कुमार एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे।

### फरार चल रहे अभियुक्त के खिलाफ कोर्ट ने जारी किया इश्तेहार



**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना अंतर्गत एक फरार चल रहे अभियुक्त मनोहर जी उर्फ मनोहर गंझू उर्फ दिनेश गंझू, पिता बृहस्पति गंझू उर्फ विलास्पति गंझू,निवासी ग्राम बसिया टोला टेमराबर,बालूमाथ के खिलाफ मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी न्यायालय लातेहार द्वारा इश्तिहार निर्गत किया गया है.फरार अभियुक्त पर बालूमाथ थाना कांड संख्या 93/21, दिनांक 16 मई 2021 को भारतीय दंड संहिता की धारा 385, 387 एवं 17 CLA एक्ट के तहत गंभीर आपराधिक मामला दर्ज है. मामला दर्ज होने के बाद से ही अभियुक्त लगातार फरार चल रहा था. इसको लेकर पुलिस प्रशासन लगातार प्रयासरत था. न्यायालय ने अभियुक्त के विरुद्ध इश्तहार जारी करते हुए कड़ा संदेश दिया है. न्यायालय ने आदेश दिया है कि अभियुक्त एक माह के भीतर स्वयं न्यायालय में आत्मसमर्पण करे, अन्यथा उसके खिलाफ कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की जाएगी. पुलिस सूत्रों के अनुसार न्यायालय के आदेश के बाद अब पुलिस जल्द ही कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की करेगी।

### समरेश सिंह को गोली मारे जाने पर आक्रोशित क्षत्रिय समाज

● समरेश सिंह पर गोली चलाने वाले अपराधियों को जल्द गिरफ्तार करे पुलिस- सूरज शाहदेव

पश्चिम सिंहभूम जिले के चक्रधरपुर के विधायक सुखराम उरांव के प्रतिनिधि समरेश सिंह उर्फ गुड्डू पर गुरुवार रात जमशेदपुर शहर के सबसे भीड़भाड़ वाले इलाके बिष्टुपुर में जानलेवा हमला किये जाने को लेकर अखिल भारतीय क्षत्रिय समाज,झारखंड़ प्रान्त में आकोश. अखिल भारतीय क्षत्रिय समाज के प्रदेश प्रवक्ता सूरज शाहदेव ने आक्रोश व्यक्त करते हुए हमला करने वाले अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी कर कड़ीं से कड़ीं सजा देने की मांग की है.



श्री शाहदेव ने राज्य की गिरती कानून व्यवस्था पर भी गहरी चिंता व्यक्त की है.उन्होंने कहा कि अगर शहर के बीचों बीच व्यस्तम इलाके में सरेआम विधायक प्रतिनिधि जैसे चर्चित व्यक्ति के ऊपर हमला किया जा सकता है तो सामान्य व्यक्ति की हालत का अनुमान लगाया जा सकता है. उन्होंने सरकार से मांग की है कि हमलावरों की गिरफ्तारी शीघ्र हो एवम इसके पीछे के षड्यंत्रकारी का पर्दाफाश हो एवं उन्हें कड़ीं से कड़ीं सजा दी जाए. ज्ञात हो कि जमशेदपुर के बिष्टुपुर में गुरुवार की रात करीब 8:30 बजे समरेश सिंह अपने दोस्तों के साथ गोरखा जीप से आइसक्रीम खाने खाऊ गली पहुंचे थे. आइसक्रीम खाने के दौरान ही दो मोटरसाइकिलों पर सवार होकर तीन से चार की संख्या में अपराधी वहां आए और अचानक फायरिंग शुरू कर दी. गोली समरेश के गर्दन में लगी, जिससे वे मौके पर ही गिर पड़े. आसपास मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें तत्काल टीएमएच अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है. उनका ऑपरेशन किया जा चुका है और वे अब खतरे से बाहर है.

# गुरु पूर्णिमा पर शिव चर्चा का भव्य आयोजन...

**शिष्य अमावस की अंधेरी रात है, तो गुरु पूनम का चांद : अविनाश देव**

**मेदिनीनगर।** आषाढ़ पूर्णिमा के पावन अवसर पर शिव शिष्य परिवार की ओर से पाटन प्रखंड के लोईंगा ग्राम में एक भव्य शिवचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह दिन महर्षि वेदव्यास के जन्मोत्सव के रूप में गुरु पूर्णिमा के रूप में समर्पित होता है, जो वेद-पुराणों की रचना कर ज्ञान के प्रकाश को फैलाने वाले माने जाते हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव उपस्थित रहे। गुरुभाइयों द्वारा अंगवस्त्र अर्पित कर उनका भव्य स्वागत किया गया। मंचासीन होकर उन्होंने गुरु की महत्ता



पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जब जीवन अमावस की रात बन जाए, तब गुरु पूनम के चांद की तरह प्रकाश फैलाते हैं। वे न केवल राह दिखाते हैं, बल्कि हमें अंधविश्वास और भ्रम से मुक्त कर आत्मज्ञान की ओर अग्रसर करते हैं।

उन्होंने आगे कहा कि समाज को सच्चे मार्ग पर चलने के लिए गुरुचर्चा और आत्मबोध को अपनाना चाहिए, न कि ढोंग और अंधविश्वास को। इस दौरान उन्होंने अपने गुरु गोकुलानंद तिवारी व गुरु माता को पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्र भेंट कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

बरसती बारिश के बावजूद कार्यक्रम में सैकड़ों गुरु बहन-भाइयों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। इस पावन अवसर पर ओमकार नाथ तिवारी, आमोद भैया, प्रतिमा बहन, देवती बहन, कामेश सोनी, गुड्डू भैया, प्रभावती देवी, ज्योति पांडेय, वीरेंद्र अंदाज, राधेश्याम सहित अनेक गुरु भाइयों-बहनों ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

# श्रीमती मुन्ना देवी जी के आज दिनांक 10/ 7 2025 को ग्यारहवीं पुन्य तिथि मनाई गई

**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता- मोहम्मद शमीम**

**पलामू।** भारत सरकार के सलाहकार सह भाजपा नेता रामाशीष यादव जी की माता जी तथा जे0पी0यादव जी की धर्म पत्नी स्वर्गीय श्रीमती मन्ना देवी जी की मझिआंव-ऊंटारीरोड स्थित स्कूली वच्चों द्वारा पैतृक भूमी सिंडहा में पुस्प गुच्छ तथा प्रतिमा पर माल्यार्पण कर आज दिनांक 10/07/2025 को ग्यारहवीं पुण्य तिथि मनाई गयी !कार्यक्रम स्थल पर सैकडों गरीब असहाय महिलाओं तथा पुरूषों को राशन तथा अंग वस्त्र प्रदान किया गया वहीं स्कूली बच्चों के बीच लेखन सामग्री का बितरण किया गया! कार्यक्रम स्थल पर सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित



होकर स्मारक पर श्रद्धासुमन अर्पित किए! जिनकी पुण्य तिथि मनाई गयी अपने पीछे भरा पुरा परिवार में पती-श्री जे0पी0यादव जी,पुत्र-कृष्णा यादव, विश्वनाथ यादव,विजय यादव, रामाशीष यादव, बेटी-ईंद्रावती देबी के साथ-साथ दर्जनों नाती-पोता रुपी भरा पूरा खुशहाल परिवार छोड़ गयीं हैं! पुरे घर परिवार, समाज के द्वारा उनके पुण्य कर्मो को यादकर नम आंखों से स्मारक पर पुष्प गुच्छ तथा माल्यार्पण कर श्रद्धांजली दी गयी !तमाम उपस्थित सैकडों लोगों के साथ-साथ घरेलू सदस्यों में श्री जे0पी0यादव जी, कृष्णा यादव, विश्वनाथ यादव, विजय यादव, पंचायत के उप मुखिया कर्मदेव यादव, केवल यादव, श्यामराज यादव, नरेश यादव, मुखराज यादव, सुरेश यादव, उमेश यादव के साथ सैकड़ो लोग मौजूद थे।

### चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे का निधन पलामू प्रमंडल में राजनीति का एक युग का अंत : धनंजय तिवारी



**पलामू, प्रतिनिधि।** चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे का निधन की खबर पूरे राज्य में शोक की लहर दौड़ गई, कान्यकुब्ज ब्राह्मण महासभा के पलामू जिला संयोजक एवं राष्ट्रीय सुरक्षा पार्टी के पलामू जिला अध्यक्ष धनंजय तिवारी ने ददई दुबे के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि चंद्रशेखर दुबे अपने राजनीतिक जीवन काल में गरीब और लाचार व्यक्तियों के बराबर मदद करते आ रहे थे। लाचार व्यक्तियों के हक और अधिकार के लिए हमेशा सदन से लेकर सड़क तक आवाज उठाते रहे हैं। भगवान इनकी आत्मा को शांति प्रदान करें और शोकाकुल परिवार को भगवान् सहनशक्ति दें। ददई दुबे का समय जाना झारखंड में राजनीति के धुरी माने जाने वाले राजनीतिक व्यक्ति का अंत हो गया।

# जिला परिषद उपाध्यक्ष बृजकिशोर तिवारी ने भद्रकाली मंदिर परिसर में निशुल्क भोजन शिविर का किया उद्घाटन

**आदिवासी एक्सप्रेस / ब्यूरो संतोष कुमार दास**

**इटखोरी(चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय अवस्थित पावन ऐतिहासिक माँ भद्रकाली मंदिर परिसर में शुक्रवार को माँ भद्रकाली सेवा संस्था द्वारा कांवरियों के लिए आयोजित निःशुल्क भोजन शिविर का विधिवत उद्घाटन जिला परिषद उपाध्यक्ष ब्रज किशोर तिवारी ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु और स्थानीय लोग मौजूद रहे। संस्था की ओर से सभी



आगंतुकों का स्वागत किया गया और काँवरियों की सेवा को एक पुनीत कार्य बताया गया। इस भजन शिविर में मंदिर परिसर में यात्रा के आरंभ में मां भद्रकाली की पूजा अर्चना करने और बाबा धाम जाकर वहां से पुनः माता रानी की पूजा अर्चना करने वाले सभी कांवरियों को इस भोजन शिविर में निशुल्क भोजन की व्यवस्था रहेगी। विश्व की सबसे बड़ी शक्ति आध्यात्मिक शक्ति है और सभी कांवरिया आध्यात्मिक भावना से ओत-प्रोत हैं। बाबा बैद्यनाथ को जलाभिषेक करने वाले तथा उनको जलाभिषेक कर लौटने वाले सभी कांवरियों में शिव के स्वरूप का निवास रहता है इसलिए उनको निशुल्क भोजन उपलब्ध कराना परम पुण्य का कार्य है। जिला परिषद अध्यक्ष ने इस निशुल्क भोजन शिविर के व्यवस्थापकों और संचालकों के इस पुनीत कार्य की हृदय तल से सराहना की। मौके पर इटखोरी जिला परिषद सदस्या सरिता देवी,प्रमुख प्रिया कुमारी,उप प्रमुख संजय गुप्ता,नवादा मुखिया विकास सिंह, रंजय भारती कोनी मुखिया, पीतीज मुखिया रामदेव यादव, मुखिया हलमता मुखिया प्रतिनिधि अशोक यादव, मलगपुर मुखिया प्रतिनिधि राजकुमार राजक,करनी मुखिया प्रतिनिधि संजय रजक, पंचायत समिति उर्मिला देवी,पंचायत समिति प्रीति कुमारी, भाजपा नेता प्रकाश कुमार दास, मृतुन्जय सिंह, सतीश सिंह, रतन शर्मा, राजेंद्र रजक समेत सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### अपनी मांगो को लेकर झारखंड दिव्यांग विधवा एवं वृद्ध जनकल्याण मोर्चा ने की बैठक



**शिकारीपाड़ा/दुमका।**
**ललित कुमार पाल की रिर्पोट।**

झारखंड दिव्यांग विधवा एवं वृद्ध जनकल्याण मोर्चा ने शिकारीपाड़ा के पुराना आंचल परिसर में अपनी मांगो को लेकर बैठक आयोजित की। बैठक में मुख्य रूप से दिव्यांग विधवाओं एवं वृद्ध के पेंशन को लेकर चर्चा की गई। संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष बलदेव राय ने बताया कि सरकार मैया सम्मान योजना के तहत तो सभी माता और बहनों को 2500 दे रही है लेकिन दिव्यांग विधवा एवं वृद्ध को मात्र 1000 वह भी समय पर नहीं। सरकार माताओं बहनों को मैया सम्मान योजना के तहत 2500 देकर सम्मान कर रही है और दिव्यांग, विधवा, वृद्ध को 1000 देकर अपमान कर रही है । केंद्रीय अध्यक्ष बलदेव राय ने कहा कि यदि सरकार दिव्यांग विधवा वृद्ध का पेंशन 2500 रुपया नहीं करती है तो हमलोग आंदोलन करने को बाध्य होंगे। साथ है केंद्रीय अध्यक्ष ने कहा 22/8/25 को धरना प्रदर्शन किया जाएगा एवं 11 सूत्री मांग के लिए मांग पत्र सौंपा जाएगा।इस मौके पर दर्जनों विकलांग विधवा वृद्ध लोग मौजूद थे।

### ग्राम उत्कर्ष अभियान शिविर में योजनाओं का लाभ देने के लिए लोगों से लिया गया आवेदन



**आदिवासी एक्सप्रेस प्रतिनिधि**

**लिट्टीपाड़ा (पाकुड़)।** लिट्टीपाड़ा पंचायत भवन में शुक्रवार को प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान व धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत शिविर लगाया गया।
शिविर का शुभारंभ बीडीओ संजय कुमार,मुखिया शिव टुडू और पंचायत समिति सदस्य आशीष प्रसाद मुर्मू ने किया। शिविर में धुंधा पहाड़ी, कुमारभाजा, हेठबंधा ग्राम के विधवा पेंशन, आधार कार्ड, स्वास्थ्य विभाग, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जाति,आय प्रमाण पत्र, स्थानीय प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम-किसान जन-धन खाता, विकलांग पेंशन विभांग, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, विश्वकर्मा योजना के स्टॉल लगाये गये थे। शिविर में स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल में मरीजों की स्वास्थ्य और सिकल सेल की जाँच कर निःशुल्क दवाएं भी दी गई।
मौके पर कई आवेदन भी प्राप्त किए गए। मौके पर प्रखंड कल्याण/कृषि पदाधिकारी के. सी. दास, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी राजेश हांसदा पंचायत सचिव कुंदन कुमार, वार्ड सदस्य सहित अन्य मौजूद थे।

### बीडीओ ने किसानों को किया मूंगफली बीजों का वितरण



**आदिवासी एक्सप्रेस प्रतिनिधि**

**लिट्टीपाड़ा (पाकुड़)।** प्रखंड लिट्टीपाड़ा में कृषि विभाग द्वारा बिरसा फसल विस्तार योजना अंतर्गत किसानों की आय में वृद्धि तथा उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार, प्रखंड कृषि पदाधिकारी के. सी.दास मुखिया शिव टुडू की उपस्थिति में मूंगफली बीजों का वितरण किया गया।
बिरसा फसल विस्तार योजना कार्यक्रम के तहत ग्राम गाद पहाड़ी, कठालपाड़ा और झपरी के 89 चयनित किसानों को च.18112 उन्नत प्रभेद के मूंगफली बीज निःशुल्क उपलब्ध कराए गए।
बीज वितरण के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार ने उपस्थित किसानों को अपने सम्बोधन में कहा कि कृषि विभाग द्वारा बिरसा फसल विस्तार योजना अंतर्गत किसानों को अधिक उपज को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उन्नत किस्म के मूंगफली बीज का वितरण किया जा रहा है ताकि उन्हें आर्थिक रूप से लाभ मिल सके।
वहीं प्रखंड कृषि पदाधिकारी के.सी.दास और प्रखंड तकनिकी प्रबंधक रामेश्वर मुर्मू ने किसानों को बीजों के उपयोग, बोवाई की विधि तथा उन्नत कृषि तकनीकों के बारे में जानकारी भी प्रदान की।

### पीएमयू सेल के सदस्यों द्वारा 12 जुलाई को विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्र एवं विद्यालय का किया जाएगा निरीक्षण



**सुस्मित तिवारी**
**आदिवासी एक्सप्रेस ब्यूरो पाकुड़**

**पाकुड़-** समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त श्री मनीष कुमार की अध्यक्षता में पीएमयू सेल के कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने इस सप्ताह शनिवार को एवं अगले सप्ताह से प्रत्येक शुक्रवार को फिल्ड विजिट करने का निर्देश दिया गया। विजिट के दौरान विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पीडीएस डीलर, बिरसा हरित ग्राम योजना, आवास, स्वास्थ्य शिविर, धरती आबा जनजातीय शिविर, स्वच्छता सर्वेक्षण ग्रामीण 2025, आयुष्मान आरोग्य मंदिर आदि योजनाओं का निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया।

# स्थानांतरित सीएस को दी गई भावभीनी विदाई, नये का स्वागत



**सुस्मित तिवारी**
**आदिवासी एक्सप्रेस ब्यूरो पाकुड़**

**पाकुड़-** निवर्तमान सिविल सर्जन पाकुड़ मंटू कुमार टेकरीवाल के स्थानांतरण होने पर उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में विदाई सह स्वागत समारोह का आयोजन किया गया।
मौके पर उपायुक्त मनीष कुमार, उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया, वर्तमान सिविल सर्जन डॉ सुरेन्द्र कुमार मिश्रा, परियोजना निदेशक, आईटीडीए अरूण कुमार एक्का, अपर समाहर्ता जेम्स सुरीन, अनुमंडल पदाधिकारी साईमन मरांडी, उप निर्वाचन पदाधिकारी मोहनलाल मरांडी, भूमि सुधार उप समाहर्ता मनीष कुमार, जिला योजना पदाधिकारी त्रिभुवन कुमार सिंह, जिला शिक्षा अधीक्षक नयन कुमार, प्रशासक, जिला क्रीड़ा पदाधिकारी राहुल कुमार अन्य पदाधिकारी, उपाधीक्षक सदर अस्पताल डॉ मनीष कुमार, जिला भीवीडी पदाधिकारी डॉ अमित कुमार, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ के.के सिंह, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी पाकुड़ एवं कर्मचारीगण ने निवर्तमान सिविल सर्जन डॉ मंटू कुमार टेकरीवाल को अंग वस्त्र, मोमेंट, बुके समेत अन्य उपहार देकर सम्मानित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही जिले में पदस्थापित हुए नए सिविल सर्जन डॉ सुरेन्द्र कुमार मिश्रा को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया।
कार्यक्रम में उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा कि सिविल सर्जन के कार्यकाल के दौरान कई चैलेंज आये लेकिन वे कभी विचलित नहीं हुए। जब-जब समस्या आयी सिविल सर्जन ने बड़े धैर्य के साथ कड़ा मुकाबला किया। उनका यह कर्तव्य सदा याद किया जायेगा। उन्होंने कहा कि उनके कठिन परिश्रम से जिला पाकुड़ स्वास्थ्य विभाग राज्य में नम्बर 01 पर रहा। उपायुक्त ने कहा कि सरकारी सेवा में यह एक सतत् प्रक्रिया है जो सबके साथ आता है। उपायुक्त ने उनके स्वास्थ्य एवं सुखमय जीवन की मंगल कामना किया।
अपने विदाई संबोधन में सिविल सर्जन डॉ मंटू कुमार टेकरीवाल ने सभी अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और आमजनों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पाकुड़ में बिताया गया समय मेरे लिए अत्यंत प्रेरणादायक रहा। यहां की टीम, जनता और जनप्रतिनिधियों से जो सहयोग मिला, वह हमेशा स्मरणीय रहेगा। कहा कि बदलते हुए पाकुड़ में उपायुक्त पाकुड़ का विशेष योगदान रहा है। उनके मार्गदर्शन में कार्य करने के दौरान सीखने के कई अवसर भी मिले हैं। उनकी सहजता से कोई भी कार्य मुश्किल नहीं था बल्कि कार्य सुगमता से होते रहे। अंत में सिविल सर्जन ने सभी को शुभकामनाएं दी और कहा कि आनेवाले दिनों में पाकुड़ काफी प्रगति करेगा।

# डीसी ने पेट्रोल पंप, गैस एजेंसी के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

**सब्सिडी या गैस सिलेंडर से संबंधित किसी भी समस्या पर डॉयल करें टोल फ्री नंबर 1906**



**सुस्मित तिवारी**
**आदिवासी एक्सप्रेस ब्यूरो पाकुड़**

**पाकुड़-** शुक्रवार को समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में गैस एजेंसी के प्रतिनिधि एवं पेट्रोल पंप के प्रतिनिधियों के साथ एक विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने सभी गैस के एजेंसियों से जिले में कुल कितने प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के लाभुक है। उसका डेटा तीन दिनों के अंदर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही उपायुक्त ने कहा कि सिलेंडर का वजन 29 केजी से 30 केजी के बीच होना चाहिए इसे सुनिश्चित करेंगे। साथ ही साथ कोई भी व्यवसाय प्रतिष्ठान ठेला भेंडर, मिठाई दुकान 14.2 केजी वाले घरेलू सिलेंडर गैस का उपयोग नहीं करेंगे। नहीं तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत जो लाभुक गैस कनेक्शन के बाद अभी तक कोई रिफिल नहीं लिए है, उन्हें 15 दिनों के अंदर गैस वितरक के यहां ई-केवाईसी कराना अनिवार्य है। साथ ही पेट्रोल पंप के प्रतिनिधियों को निर्देश दिया गया कि पेट्रोल में मिलावट नहीं होने चाहिए। ऐसे कोई शिकायत नहीं आने चाहिए। पेट्रोल पंप के पास शौचालय की व्यवस्था एवं सीसीटीवी जरूर लगा होना चाहिए, सभी एजेंसी को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने सभी पेट्रोल पंपों पर नो हेलमेट-नो फ्यूल के बैनर लगाने के निर्देश दिए हैं। उपायुक्त ने पेट्रोल पंप और गैस एजेंसियों के प्रतिनिधियों को सुरक्षा मानकों की पूरी अनुपालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सभी प्रतिनिधियों ने जिला प्रशासन को आश्वस्त किया कि प्रशासन के सभी निर्देशों की पूरी गंभीरता से पालना करेंगे।
बैठक में अपर समाहर्ता जेम्स सुरीन, जिला आपूर्ति पदाधिकारी अभिषेक कुमार सिंह, विशेष कार्य पदाधिकारी त्रिभुवन कुमार सिंह समेत अन्य उपस्थित रहे।

### दुमका रामपुरहाट नेशनल हाईवे सड़क मरम्मती में बरती गई अनियमितता, मरम्मत के कुछ दिन बाद ही सड़क गड्ढे हो रहा है तब्दील



**शिकारीपाड़ा/दुमका/**
**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता**

दुमका रामपुरहाट मुख्य पथ का हाल बदहाल, दुर्घटना को दे रहा है आमंत्रण। जी हां आप सही पढ़ रहे है दुमका रामपुरहाट मुख्य पथ का हाल ऐसा है कि आए दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही है क्यों की कई जगह सड़क में गड्ढे बने हुए हैं। यहां बताते चले कि कुछ दिन पहले ही सड़क की मरम्मतही की गई है। मरम्मती देखकर आप कह सकते हैं यह सिर्फ खाना पूर्ति है मरम्मती के नाम पर लीपापोती की जा रही है। यह सड़क राष्ट्रीय उच्चपथ (NH) है लेकिन देखकर ऐसा नहीं लग रहा है। शिकारीपाड़ा से बंगाल सीमा तक कई जगह गड्ढे हो गए है। चायपानी और नवपहाड़ के बीच तो एक ही जगह पर कुछ दिन के अंदर कई बार मरम्मत (पिचिंग) किया गया है। लेकिन अभी का हाल फिर से गड्ढा होने चला है कभी भी दुर्घटना घट सकती है। रामगढ़ के पास भी पिचिंग के कुछ दिन से ही सड़क में गड्ढा बनना शुरू हो गया है। इस प्रकार से यदि दुमका से रामपुरहाट पश्चिम बंगाल सीमा तक देखा जाए तो कई जगह गड्ढा हो गया है। अब श्रावण का महीना भी आ गया है और बोलबम कांवरिया श्रद्धालुओ का इस सड़क पर आवागमन बढ़ जाएगा। यदि सड़क की मरम्मती जल्द नहीं कि जाएगी तो कभी भा दुर्घटना घट सकती है। कही कही तो मरम्मती करते करते सड़क में जिस जगह गड्ढे होते वो जगह ही ऊंचे हो जाते है।
सबसे बड़ा सवाल यह है कि मरम्मती के नाम पर यह जो खाना पूर्ति हो रहा है क्या इसको देखने वाला कोई नहीं है। लोगों को वाहन पर चलने के लिए कई प्रकार के कागजात बनाने पड़ते है टैक्स देने पड़ते है। लेकिन इसके बदले लोगों को क्या मिलता है गड्ढा और खराब सड़क । जिससे कभी भी वाहन अनियंत्रित हो सकती है और दुर्घटना घट सकती है। क्या आम लोगों की जान की कोई कीमत नहीं है।
इस संबन्ध में फोन पर एई से बात करने पर उन्होंने कहा जहां जहां सड़क की मरम्मती करनी है, संवेदक के द्वारा कर दी जाएगी, 5 साल तक उनको सड़क का मेंटेनेंस करना है।

# उपायुक्त व सिविल सर्जन ने परिवार स्वास्थ्य मेला 2025 जागरुकता रथ को किया रवाना



**सुस्मित तिवारी**
**आदिवासी एक्सप्रेस ब्यूरो पाकुड़**

**पाकुड़** - समाहरणालय स्थित परिसर से ग्यारह जुलाई 2025 को परिवार स्वास्थ्य मेला का प्रचार प्रसार को लेकर जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।
उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा कि यह प्रचार वाहन जिले के विभिन्न प्रखंडो में जाकर परिवार स्वास्थ्य मेला के बारे में विस्तार से लोगों को जानकारी देगा। यह मेला 1 जुलाई 2025 से 31 जुलाई 2025 तक कुल एक माह तक चलेगा। इस परिवार स्वास्थ्य मेला में परिवार नियोजन के दोनो विधियों यथा अस्थायी और स्थायी का सेवा जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर दिया जायेगा। स्थायी परिवार नियोजन के तहत पुरूषो का नसबंदी एवं महिलाओं का बंध्याकरण किया जायेगा। इस वर्ष का थीम ÷मां बनने की उम्र वही, जब तन और मन की तैयारी सही÷ है। ग्राम स्तर पर आम सभा के बैठकों में छोटा परिवार सुखी परिवार÷ तथा ÷सही अंतर ही है स्वस्थ मां एवं स्वस्थ बच्चे का मंतर के संदेश को प्रचारित किया जाए।चौराहा बैठक के माध्यम से महिला एवं पुरुषों को नसबंदी हेतु उत्प्रेरित किया जाए। उत्प्रेरित करने वाले व्यक्ति को महिला बंध्याकरण हेतु 300 रू0 एवं पुरुष नसबंदी हेतु 400 रु0 प्रति लाभुक दिया जाना है। महिला बंध्याकरण एवं पुरुष नसबंदी के लिए उत्प्रेरक स्वयं लाभुक रिश्तेदार अथवा कोई भी सरकारी एवं गैर-सरकारी व्यक्ति हो सकता है।

### विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर शिकारीपाड़ा महाविद्यालय में कार्यक्रम आयोजित

**शिकारीपाड़ा/दुमका/**
**ललित कुमार पाल की रिर्पोट**

शिकारीपाड़ा महाविद्यालय शिकारीपाड़ा परिसर में विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।महाविद्यालय के शिक्षक शशि शंकर झा एवं बद्री नारायण भगत की उपस्थिति में यह कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
इस अवसर पर शशि शंकर झा ने बताया की जनसंख्या वृद्धि होने से प्राकृतिक संसाधन का दोहन अधिक होता है जिससे पर्यावरण का संतुलन बिगड़ता चला जाता है जो मानव जीवन के लिए खतरे का संकेत है वही प्रोफेसर बद्रीनारायण भगत ने बताया कि प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने के लिए प्रत्येक परिवार को सरकार द्वारा निर्धारित नियम हम दो हमारे दो और सबके दो के नियम का पालन करना चाहिए ताकि प्राकृतिक संतुलन बना रहे।
इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक प्रवीण कुमार, मीरा कुमारी, रंजू कुमारी ,नीतू सिंह ,पंकज कुमार सिंह, प्रभात कुमार सहित महाविद्यालय के कर्मी एवं छात्र-चतरा उपस्थित थे।

# कस्तूरबा विद्यालय में नामांकन प्रक्रिया को पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से संपन्न कराएं: डीसी

**20 जुलाई को जिला स्तर से सूची का किया जाएगा अनुमोदन**



**सुस्मित तिवारी**
**आदिवासी एक्सप्रेस ब्यूरो पाकुड़**

**पाकुड़-** उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में नामांकन हेतु जिलास्तरीय नामांकन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान संबंधित अधिकारियों को उपायुक्त के द्वारा निर्देश दिए गए कि कक्षा-6 सत्र 2025- 2026 में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में नामांकन प्रक्रिया को पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से संपन्न कराए जाएं। नामांकन प्रक्रिया में अनाथ एकल अभिभावक, नक्सल प्रभावित क्षेत्र, आदिम जनजाति, दिव्यांग और अनामांकित बालिकाएं को नामांकन हेतु विशेष जरूरतमंद बालिकाओं को प्राथमिकता दिए जाएं। साथ ही नामांकन हेतु प्राप्त सूची का एक बार पुनः समीक्षा करते हुए आपत्ति प्राप्त के अंतिम सूची दिनांक 17 जुलाई 2025 तक जिला कार्यालय को उपलब्ध करायें ताकि 20 जुलाई 2025 को अंतिम रूप से अनुमोदन दिया जा सके।
मौके पर उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया, विशेष कार्य पदाधिकारी त्रिभुवन कुमार सिंह, विधायक प्रतिनिधि, जिला शिक्षा अधीक्षक नयन कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी सुश्री अनीता पुरती, एडीपीओ पीयूष कुमार, एपीओ रघुवर तिवारी सहित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की वार्डन सहित शिक्षा विभाग के कर्मीगण मौजूद थे।

### उपायुक्त ने भवन प्रमंडल के योजनाओं के कार्य प्रगति की समीक्षा

- सभी निर्माणाधीन योजनाओं के कार्यों को पूरा करने के लिये टाइम लाइन का निर्धारण, निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत कार्यों को पूरा करने का दिया निर्देश

**सुस्मित तिवारी**
**आदिवासी एक्सप्रेस ब्यूरो पाकुड़**

**पाकुड़-** उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में भवन प्रमंडल द्वारा जिला में क्रियान्वित की जा रही विभिन्न योजनाओं के कार्यो प्रगति की समीक्षा की गई। इसके अलावा उपायुक्त ने डीएमएफटी मद अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा कर कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल को निर्देशित किया कि जनोपयोगी योजनाओं के क्रियान्वयन में तत्परता बरतें, योजना समय पर पूर्ण हो तथा गुणवत्ता के साथ कोई समझौता न हो यह सुनिश्चित कराएं।
बैठक में विशेष कार्य पदाधिकारी त्रिभुवन कुमार सिंह, कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल संजय कुमार, सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता आदि उपस्थित थे।

## 17 वर्षीय युवक का लाश मिलने से क्षेत्र में फैली सनसनी, जांच में जुटी पुलिस



**सुस्मित तिवारी/आदिवासी एक्सप्रेस ब्यूरो पाकुड़**

**हिरणपुर (पाकुड़)** शुक्रवार की सुबह हिरणपुर थाना क्षेत्र के तुरसाडीह मुख्य सड़क के पास तालाब किनारे युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। शव को ग्रामीण महिलाओं द्वारा तब देखा गया जब धान रोपने के लिए खेत जा रही थी, देखते ही पहचान गयी जो तुरसाडिह गांव के अर्जुन यादव के पुत्र 17 वर्षीय युवक रुपेश यादव है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक हाईवा गाड़ी में उपचालक का कार्य कर रहा था। घटना कि सूचना मिलते ही हिरणपुर थाना के एएसआई साधन कर्मकार, हरे कृष्णा यादव घटनास्थल पर पहुंच कर सबको अपने कब्जे में लेकर सदर अस्पताल सोना जोड़ी पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस संबंध में हिरणपुर थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक के परिजनों द्वारा हत्या की आशंका जताई जा रही है मामले की हर पहलू पर जांच की जा रही है।

# बीडीओ ने किसानों को किया मूंगफली बीजों का वितरण



**सुस्मित तिवारी**
**आदिवासी एक्सप्रेस ब्यूरो पाकुड़**

**लिट्टीपाड़ा (पाकुड़)** प्रखंड लिट्टीपाड़ा में कृषि विभाग द्वारा बिरसा फसल विस्तार योजना अंतर्गत किसानों की आय में वृद्धि तथा उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार, प्रखंड कृषि पदाधिकारी के. सी.दास मुखिया शिव टुडू की उपस्थिति में मूंगफली बीजों का वितरण किया गया।
बिरसा फसल विस्तार योजना कार्यक्रम के तहत ग्राम गाद पहाड़ी, कठालपाड़ा और झपरी के 89 चयनित किसानों को च.18112 उन्नत प्रभेद के मूंगफली बीज निःशुल्क उपलब्ध कराए गए। बीज वितरण के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार ने उपस्थित किसानों को अपने सम्बोधन में कहा कि कृषि विभाग द्वारा बिरसा फसल विस्तार योजना अंतर्गत किसानों को अधिक उपज को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उन्नत किस्म के मूंगफली बीज का वितरण किया जा रहा है ताकि उन्हें आर्थिक रूप से लाभ मिल सके। वहीं प्रखंड कृषि पदाधिकारी के.सी.दास और प्रखंड तकनिकी प्रबंधक रामेश्वर मुर्मू ने किसानों को बीजों के उपयोग, बोवाई की विधि तथा उन्नत कृषि तकनीकों के बारे में जानकारी भी प्रदान की।

# दलाई लामा के मुद्दे पर फिर छिड़ सकता है भारत-चीन युद्ध!

**दलाई लामा की उत्तराधिकारी योजना और चीन के विरोध के चलते भारत-चीन के बीच फिर से तनाव गहराने की आशंका है। जानिए इस संवेदनशील मुद्दे पर कूटनीतिक हलचल और संभावित टकराव की वजहें।**

**पंकज श्रीवास्तव**



दलाई लामा एक बार फिर भारत और चीन के बीच तनाव का कारण बन रहे हैं। 1959 में उन्होंने भारत में शरण ली थी जिससे हिंदी-चीनी भाई-भाई का नारा बेमानी बन गया था और तीन साल बाद भारत और चीन के बीच युद्ध हो गया था। नब्बे वर्ष के हो चुके दलाई लामा चाहते हैं कि अगला दलाई लामा तिब्बती आध्यात्मिक परंपरा के तहत ही हो जबकि चीन इसे मानने को तैयार नहीं है। वह दलाई लामा संस्था को नियंत्रण में लेकर तिब्बत के विलय को पूर्ण कर लेना चाहता है। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने इस मुद्दे पर दलाई की इच्छा को सर्वोच्च बताया था जिस पर चीन ने कड़ी प्रतिक्रिया जताई है। कुछ रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि अगर भारत और चीन के बीच फिर से युद्ध हुआ तो वजह दलाई लामा होंगे।

**उत्तराधिकार का तनाव:** 6 जुलाई 2025 को 14वें दलाई लामा टेंजिन ग्यात्सो ने अपने 90वें जन्मदिन पर एक वीडियो संदेश में कहा कि उनका उत्तराधिकारी गादेन फोडरंग ट्रस्ट द्वारा चुना जाएगा। उधर, चीन का दावा है कि दलाई लामा का उत्तराधिकार उसकी जिम्मेदारी है और इसे चीनी कानूनों और ÷गोल्डन अर्न÷ प्रक्रिया के तहत होना चाहिए। इस प्रक्रिया में संभावित उम्मीदवारों के नाम एक सोने की कलश में डाले जाते हैं, और लॉटरी के माध्यम से चयन होता है।

इस मुद्दे पर भारत के केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने 3 जुलाई 2025 को कहा, दलाई लामा के उत्तराधिकारी का चयन उनकी इच्छा के अनुसार होगा। यह तिब्बतियों और उनके वैश्विक अनुयायियों के लिए महत्वपूर्ण है। चीन ने इस बयान पर कड़ी आपत्ति जताई और चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने 4 जुलाई 2025 को भारत को तिब्बत से जुड़े मामलों में हस्तक्षेप न करने की चेतावनी दी। इसके जवाब में भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने 4 जुलाई को साफ़ किया, ÷भारत सरकार आस्था और धर्म से जुड़े मामलों में कोई रुख नहीं अपनाती और न ही टिप्पणी करती है।÷ यह दोहरा रुख भारत की कूटनीतिक जटिलता को दर्शाता है, जहां एक ओर तिब्बती समुदाय का समर्थन है, तो दूसरी ओर चीन के साथ संबंधों को संतुलित करने की कोशिश है।

**दलाई लामा की परंपरा:** दलाई लामा का जन्म 6 जुलाई 1935 को तिब्बत के अमदो प्रांत के ताक्त्सेर गांव में हुआ था। उनका नाम रखा गया था ल्हामो थोंडुप। दो साल की उम्र में उन्हें 13वें दलाई लामा का पुनर्जन्म घोषित किया गया और टेंजिन ग्यात्सो नाम दिया गया, जिसका अर्थ है ÷धर्म का रक्षक सागर।÷ दलाई लामा का अर्थ है ÷ज्ञान का महासागर।÷ वे तिब्बती बौद्ध धर्म की गेलुग परंपरा के हैं, जिसे पीली टोपी संप्रदाय भी कहा जाता है।

**भाजपा का आईटी सेल सक्रिय:** कूटनीतिक असफलताओं के बाद मोदी की दोबारा ब्रांडिंग: गेलुग परंपरा 14वीं शताब्दी में जे त्सोंगखापा द्वारा स्थापित हुई थी और तिब्बती बौद्ध धर्म की चार मुख्य परंपराओं (न्यिंगमा, काग्यू, साक्या, और गेलुग) में सबसे प्रभावशाली रही है। 17वीं शताब्दी में, 5वें दलाई लामा, नगावांग लोबसांग ग्यत्सो, ने मंगोलों की सहायता से तिब्बत को एकीकृत किया और दलाई लामा को धार्मिक और राजनीतिक नेता के रूप में स्थापित किया।

दलाई लामा की परंपरा पुनर्जन्म पर आधारित है। माना जाता है कि दलाई लामा अपनी मृत्यु से पहले संकेत और लक्षण बताते हैं, जिनके आधार पर अगले दलाई लामा की खोज की जाती है। इस प्रक्रिया में पंचेन लामा की भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है, जो दलाई लामा के चयन में मदद करते हैं, और दलाई लामा पंचेन लामा के चयन में।

**तिब्बत में बौद्ध धर्म:** बौद्ध धर्म तिब्बत में सातवीं शताब्दी में राजा सोंगत्सेन गम्पो के शासनकाल में पहुंचा जब उन्होंने चीन और नेपाल की बौद्ध धर्मावलंबी महिलाओं से शादी की। बाद में पद्मसंभव और शांतिरक्षित जैसे भारत से गये बौद्ध विद्वानों ने तिब्बत में बौद्ध धर्म को मजबूत किया। नालंदा और विक्रमशिला जैसे भारतीय बौद्ध केंद्र तिब्बती विद्वानों के लिए तीर्थस्थल थे।

तिब्बती बौद्ध धर्म वज्रयान परंपरा का हिस्सा है, जो तांत्रिक अभ्यास, मंत्र, और गुरु-शिष्य परंपरा पर जोर देता है। यह परंपरा तिब्बत की मूल बोन परंपरा को काफी हद तक प्रतिस्थापित करने में सफल रही।

**चीन का दावा:** चीन का दावा है कि तिब्बत 13वीं शताब्दी के युआन राजवंश से उसका हिस्सा रहा है। हालाँकि, कई इतिहासकार और तिब्बती कार्यकर्ता इसे विवादित मानते हैं, यह कहते हुए कि तिब्बत ने कई शताब्दियों तक स्वायत्तता बनाए रखी। 1913 से 1950 तक, तिब्बत में अपनी सरकार, मुद्रा, पासपोर्ट, और सेना थी, जो उसे एक स्वतंत्र राज्य बनाता था। 1948 में माओत्से तुंग की कम्युनिस्ट क्रांति के बाद, 1950 में चीन ने तिब्बत पर सैन्य आक्रमण किया, जिसे शांतिपूर्ण मुक्ति कहा गया। 1951 में, तिब्बती प्रतिनिधियों ने 17-सूत्री समझौते पर हस्ताक्षर किए, जिसके तहत तिब्बत को चीन का हिस्सा मान लिया गया। लेकिन तिब्बती लोगों ने इसे अवैध माना, और 1959 में विद्रोह हुआ, जिसके दमन के बाद दलाई लामा को भारत भागना पड़ा।

**दलाई लामा और 1962 का युद्ध:** 1959 में, तिब्बती विद्रोह के बाद, दलाई लामा 17 मार्च को ल्हासा से भागे और 31 मार्च को भारत पहुंचे। तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने उन्हें हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में शरण दी, जहां तिब्बत की निर्वासित सरकार स्थापित हुई। यह भारत की शरणागत परंपरा और नैतिकता का प्रतीक था, लेकिन चीन ने इसे तिब्बती अलगाववाद का समर्थन माना।

1954 में, नेहरू और चीनी प्रधानमंत्री चाऊ एन-लाई ने पंचशील समझौता किया था, जिसमें पांच सिद्धांत थे:

एक-दूसरे की क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता का सम्मान।

एक-दूसरे पर आक्रमण न करना।

आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप न करना।

समानता और पारस्परिक लाभ।

शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व। : यह समझौता भारत-चीन दोस्ती का प्रतीक था। उस समय हिंदी-चीनी भाई-भाई का नारा गूंजा। लेकिन दलाई लामा का भारत आना और सीमा विवाद ने संबंधों को बिगाड़ दिया। 1962 में भारत-चीन युद्ध हुआ, जिसमें दलाई लामा का मुद्दा एक अहम कारक था।

**गोल्डन अर्न प्रक्रिया:** चीन दलाई लामा के उत्तराधिकार के लिए गोल्डन अर्न प्रक्रिया का उपयोग करना चाहता है, जो 1793 में चिंग वंश के सम्राट चिआनलॉन्ग द्वारा शुरू की गई थी। इसमें संभावित उम्मीदवारों के नाम एक सोने की कलश में डाले जाते हैं और लॉटरी के माध्यम से चयन होता है। यह प्रक्रिया चीनी नियंत्रण सुनिश्चित करने के लिए बनाई गई थी।

## संपादकीय


# जलवायु परिवर्तन के खतरे

इससे बड़ी विडम्बना और क्या होगी कि जिस प्रकृति के बूते मानव ने ऊंचाइयां हासिल की है, उसी से अपनी सुख-सुविधाओं के नाम पर खिलवाड़ करने में जुटा है। जलवायु परिवर्तन के खतरे कोई नए नहीं हैं। इन्हीं खतरों की चपेट में आकर इंसान नित नई समस्याओं के जाल में उलझता जा रहा है। प्राग में हाल में हुई गोल्डश्मिट कॉन्फ्रेंस के दौरान पेश किए शोधों ने तो खतरे की भयावहता की ओर संकेत कर दिया है। इन शोधों के मुताबिक धरती पर ग्लेशियरों के पिघलने से ज्वालामुखी विस्फोटों का खतरा भी बढ़ गया है। अभी तक माना जाता था कि ग्लेशियर पिघलने से समुद्रों का जलस्तर बढ़ रहा है लेकिन नए शोधों ने चिंता और बढ़ा दी है। अध्ययन में बताया गया कि ग्लेशियरों का भारी वजन पृथ्वी की सतह और इसके नीचे मैग्मा परतों पर दबाव डालता है। इससे ज्वालामुखी गतिविधियां नियंत्रित रहती है। लेकिन मानव की गतिविधियों के कारण पारिस्थितिकी तंत्र में नित नए असंतुलन पैदा हो रहे हैं। ऐसी स्थिति में दुनियाभर में पर्वतीय क्षेत्रों में ग्लेशियरों पर संकट लगातार बढ़ रहा है। देहरादून स्थित वाडिया इंस्टीट्यूट ऑफ हिमालयन जियोलॉजी के वैज्ञानिकों का भी कहना है कि दुनिया के बढ़ते प्रदूषण का प्रभाव हिमालय सहित अन्य पहाड़ों पर पड़ रहा है। धरती पर कार्बन की मात्रा में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है और उससे ग्लेशियरों को खतरा पैदा हो गया है। हाल ही में एक अन्य रिपोर्ट में बताया गया था कि जलवायु परिवर्तन के कारण बढ़ता तापमान हिमालयी ग्लेशियर से ढके हिंदूकुश पहाड़ों की चोटी को लगातार गला रहा है। यह हालात रहे तो इस सदी के अंत तक हिमालय पर्वत के ग्लेशियरों का करीब दो-तिहाई हिस्सा खत्म हो जाएगा। खास बात है कि यह ग्लेशियर दुनिया के दो अरब से अधिक लोगों को पीने का पानी उपलब्ध कराते हैं। ऐसा नहीं है कि पर्यावरण असंतुलन के कारण आने वाले संकटों को लेकर पहली बार आशंका जताई गई हो, लेकिन दुर्भाग्य है कि अध्ययनों में बार-बार के संकेत दिए जाने के बावजूद दुनिया भर में इस मसले पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। इस बड़े संकट से पार पाने के लिए अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में प्रस्ताव तैयार किए जाते हैं, मगर उन पर गंभीरता से अमल नहीं किया जाता। इस शोध ने एक बार फिर बताया है कि पारिस्थितिकी तंत्र में असंतुलन से मानव जीवन पर घातक असर पड़ेगा। अगर समय रहते अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ठोस पहल नहीं की गई तो इसका खामियाजा समूची दुनिया को उठाना पड़ सकता है। हमारी संस्कृति में प्रकृति को ज्ञान, जीवन और पालन-पोषण का स्रोत माना जाता है। यह जीवन के रहस्यों को भी बताती है और मार्गदर्शन भी करती है। इसलिए प्रकृति भी गुरु के समान है। प्रकृति पूजन की शपथ लेना ही काफी नहीं बल्कि यह भी सुनिश्चित करना होगा कि ऐसा कोई काम नहीं करें जो जलवायु परिवर्तन के खतरों को बढ़ाने वाला हो।

# बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण संबंधी चिंताएं

**देश में सरकार द्वारा कोई नागरिकता दस्तावेज जारी नहीं किया जाता, ऐसे में क्या चुनाव आयोग को ऐसे प्रावधानों का पालन करना चाहिए जिससे नागरिकों को मतदान अधिकार से वंचित करने का खतरा खड़ा हो जाए या उसे पुरानी प्रक्रिया का पालन करना चाहिए। बिहार में विशेष गहन संशोधन प्रक्रिया के तहत मतदाता सूची में से वोटर्स का नाम हटने की आशंका का निवारण चुनाव आयोग द्वारा किया जाना बेहतर था।**

**अशोक लवासा**



जरूरी नहीं जो कानूनी तौर पर हो, वह हमेशा उचित हो। मतदाता सूचियों का 'शोधन' एक सराहनीय उद्देश्य, एक जायज मांग और कठिन जिम्मेदारी है। भारत के पहले मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) सुकुमार सेन ने मतदाता सूची (ईआर) की गुणवत्ता पर अपनी पूरी तसल्ली होने बाद ही 1951 में प्रथम चुनाव करवाने से पहले, 18 महीने तक काफी दबाव झेला था। वर्तमान मुख्य चुनाव आयुक्त ने भी, जब इस साल की शुरुआत में, मतदाता सूची में कथित हेराफेरी और विसंगतियों की शिकायतों पर प्रतिक्रिया देते हुए 90 दिनों के अंदर सुधारात्मक कदम उठाने का आश्वासन देश को दिया था। लेकिन इस दिशा में उठाए गए एक कदम ने चुनाव आयोग को विवाद के घेरे में ला दिया, जो कि पिछले कुछ समय से इस संस्थान को घेरने वाले कई विवादों में एक है। हालांकि इस मामले में अब सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद स्थिति स्पष्ट होती नजर आ रही है।

समय-समय पर चुनाव करवाने वाले काम के विपरीत, मतदाता सूची तैयार करना एक सतत प्रक्रिया है, जिसमें जन-प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 21 (2) और मतदाता पंजीकरण नियमों के नियम 25 के अनुसार प्रत्येक चुनाव से पहले संशोधन किया जाना शामिल है। इस हिसाब से, 2024 में हुए लोकसभा चुनावों से पहले एक राष्ट्रव्यापी संशोधन कार्य किया जाना बनता था।

इस साल 24 जून को चुनाव आयोग ने बिहार की मतदाता सूचियों का विशेष गहन संशोधन करने का आदेश दिया, जबकि वहां होने वाले विधानसभा चुनाव में चंद महीने बाकी हैं। ऊपरी तौर से, इसका मंतव्य यह सुनिश्चित करना है कि 'मतदाता सूची में सभी पात्र नागरिक जुड़ें', 'कोई अयोग्य मतदाता न हो' और 'सूची में मतदाताओं को जोड़ने या हटाने की प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता हो।' इस आदेश में गहन संशोधन हेतु विस्तृत प्रक्रिया की रूपरेखा दी गई, लेकिन इसने मतदाता सूची में 2003 से पहले और इसके बाद जुड़े मतदाताओं के बीच एक विवादास्पद अंतर खड़ा कर दिया, उस साल बिहार में आखिरी मर्तबा एसआईआर कार्य हुआ था।

इस आदेश में 2003 के बाद जुड़े मतदाताओं को अपनी नागरिकता सिद्ध करने के लिए, आयोग द्वारा तय दस्तावेज प्रस्तुत करके अपने दावों को सिद्ध करना अनिवार्य था। भले ही मतदाता के रूप में उनका नाम शामिल करते वक्त, 'जनप्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 23 के अनुरूप मतदाता संशोधन अधिकारी उनकी पात्रता की शर्तों की सत्यापना, अपनी तसल्ली होने तक, पहले ही कर चुका हो।' तर्क दिया गया, यह कार्य ईसीआईएनईटी पर शोधित सूची को प्रकाशित करने योग्य बनाएगा।

यह घोषणा करने का वक्त और इसे अचानक किए जाने से हो-हल्ला मच गया, खासकर इसलिए कि यह प्रक्रिया उन अन्य राज्यों में नहीं करवाई गई जहां 'शुद्धीकरण' किया जाना इतना ही महत्वपूर्ण था और चुनाव भी तुरंत नहीं होने वाले थे। संदेह की वजह यह समझने में मुश्किल होना रही कि चुनाव आयोग किस चीज़ को आधार बनाकर 2003 तक पंजीकृत हुए लोगों की साक्ष्य-साख का अधिक मोल डाल रहा है। जबकि चुनाव आयोग खुद कहता है कि प्रवासन, मृत्यु, रोजगार आदि की संभावना दोनों श्रेणी के मतदाताओं पर लागू होती है। तो समझना मुश्किल है कि 2003 से पहले वाली और बाद वाली में अपनाई प्रक्रिया के बीच फर्क क्यों रखा जा रहा है? खासकर जब संक्षिप्त संशोधन या विशेष गहन संशोधन या चालू पंजीकरण के दौरान अपनाई जाने वाली प्रक्रिया एक जैसी है, जिसमें दस्तावेज जमा करवाए जाते हैं और बूथ स्तर का अधिकारी उनकी भौतिक सत्यापना करता है।

24 जून की प्रारंभिक अधिसूचना के अनुसार यह आशंका व्यक्त की गई कि 2003 के बाद पंजीकृत मतदाता यदि कोई संतोषजनक दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत करने में विफल रहते हैं तो उनका नाम मसौदा मतदाता सूची से स्वतः हट जाएगा। चुनाव आयोग के लिए अच्छा रहता यदि आदेश के साथ-साथ एक प्रेस नोट भी जारी करता, यह समझाने के लिए कि 24 जून के आदेश के पैरा 13 से जो अर्थ निकाले जा रहे हैं, वह वैसा नहीं है, जब उसमें कहा गया : 'मसौदा सूची में उन सभी मतदाताओं के नाम शामिल होंगे जो 25 जुलाई, 2025 से पहले-पहले विधिवत भरा हुआ पंजीकरण फॉर्म जमा करवा देंगे। चूंकि यह एक गहन संशोधन है, इसलिए यदि 25 जुलाई, 2025 से पहले पंजीकरण फॉर्म जमा नहीं करवाया जाता, तब मतदाता का नाम मसौदा सूची में शामिल नहीं किया जा सकेगा।'

चुनाव आयोग को तुरंत स्पष्ट करना चाहिए था कि 'विधिवत भरे गए फॉर्म' से यहां आशय 'केवल वही फॉर्म जिनके साथ अपेक्षित दस्तावेज संलग्न हों' नहीं है व बूथ स्तरीय अधिकारी ऐसे पंजीकरण फार्म मसौदा सूची में शामिल न किए जाने की 'अनुशंसा' नहीं करेगा और नतीजन उनका नाम मसौदा मतदाता सूची से बाहर रह जाएगा। ऐसे स्पष्टीकरण से, मसौदा सूची से वोटर्स के नाम हट जाने बारे बनी गलतफहमी दूर होने में मदद मिलती।

चूंकि तय किए दस्तावेज पेश करने की करोड़ों लोगों की क्षमता पर संदेह स्वाभाविक है, खासकर तब, जब चुनाव आयोग की स्वीकारोक्ति मुताबिक, यह काम पहले करना चाहिए था। इसका अहसास होने पर आयोग ने 30 जून को स्पष्टीकरण दिया : 'कोई भी व्यक्ति जिसका नाम 2003 की बिहार मतदाता सूची में नहीं है, वह अभी भी अपने माता या पिता के लिए कोई अन्य दस्तावेज प्रदान करने के बजाय 2003 की मतदाता सूची में दर्ज जानकारी का संदर्भ उपयोग कर सकता हैज इसके लिए, 2003 वाली मतदाता सूची वाला प्रासंगिक विवरण पर्याप्त होगा'। यह किए जाने से उन लोगों का बोझ हल्का हो गया होगा, जिनके लिए इससे पूर्व उक्त दस्तावेज पेश करना जरूरी था व उन्हें पाना कठिन हो सकता था।

# शिक्षा क्रांति भारत के बदलते भविष्य की कुंजी

**प्रो. अशोक कुमार**



शिक्षा क्रांति भारत के बदलते भविष्य की कुंजी है। किसी भी देश के विकास में शिक्षा की भूमिका सबसे महत्त्वपूर्ण होती है और भारत जैसे युवा और विविधतापूर्ण देश के लिए तो यह और भी आवश्यक है। एक सच्ची शिक्षा क्रांति केवल साक्षरता बढ़ाने से कहीं बढ़कर है - यह ज्ञान, कौशल और नवाचार को बढ़ावा देने के बारे में है जो देश को 21वीं सदी की चुनौतियों का सामना करने और वैश्विक नेतृत्व की भूमिका निभाने में सक्षम बनाएगी।

वर्तमान शिक्षा की स्थिति को देखते हुए शिक्षा क्रांति की आवश्यकता कई कारणों से है। हरित क्रांति ने जिस तरह कृषि उत्पादन में अभूतपूर्व वृद्धि की, उसी तरह शिक्षा क्रांति का अर्थ शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक और सकारात्मक बदलाव लाना है, ताकि यह सभी के लिए सुलभ, गुणवत्तापूर्ण और प्रासंगिक बन सके। यह केवल प्रणालीगत सुधारों से नहीं, बल्कि एक समग्र दृष्टिकोण से संभव है, जिसमें प्रौद्योगिकी, नीतिगत बदलाव और सामाजिक सहभागिता महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शिक्षा में जो गहरी असमानताएं मौजूद हैं, खासकर गांव और शहरों के बीच और सरकारी व निजी स्कूलों, महाविद्यालयों , विश्वविद्यालयों के बीच, वे ही शिक्षा क्रांति की सबसे बड़ी आवश्यकता को दर्शाती हैं।

कई ग्रामीण और दूरदराज के इलाकों में बच्चों को स्कूल जाने के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है, खासकर प्राथमिक शिक्षा के बाद। इससे ड्रॉपआउट दर बढ़ती है, खासकर लड़कियों में। कुछ जगहों पर तो प्राथमिक शिक्षा के बाद उच्च शिक्षा के लिए स्कूल होते ही नहीं हैं। जहां स्कूल हैं, वहां प्रशिक्षित और पर्याप्त संख्या में शिक्षकों का अभाव एक बड़ी चुनौती है। एक ही शिक्षक को कई कक्षाओं को पढ़ाना पड़ता है, जिससे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रभावित होती है। विषय-विशेषज्ञ शिक्षकों की कमी भी एक समस्या है, खासकर विज्ञान, गणित और अंग्रेजी जैसे विषयों में। शिक्षकों का बार-बार तबादला होना भी शिक्षण की निरंतरता को बाधित करता है। सरकारी स्कूलों में गुणवत्ता और बुनियादी सुविधाओं का अभाव ! शौचालयों की कमी या गंदगी, पीने के पानी की अनुपलब्धता, जर्जर इमारतें, ब्लैकबोर्ड और बेंच जैसी बुनियादी सुविधाओं का अभाव सरकारी स्कूलों की एक बड़ी समस्या है। इन सुविधाओं की कमी से छात्रों के स्वास्थ्य, सुरक्षा और सीखने के माहौल पर नकारात्मक असर पड़ता है। शिक्षण सामग्री और डिजिटल उपकरणों की कमी भी गुणवत्ता को प्रभावित करती है। निजी स्कूल अक्सर बेहतर बुनियादी ढांचा, एयर कंडीशनिंग जैसी सुविधाएं और आधुनिक शिक्षण विधियों का दावा करते हैं, लेकिन उनकी फीस इतनी अधिक होती है कि समाज के बड़े वर्ग के लिए वे वहनीय नहीं होते। इससे आर्थिक रूप से सक्षम परिवारों के बच्चे तो अच्छी शिक्षा प्राप्त कर पाते हैं, लेकिन गरीब और मध्यम वर्ग के बच्चे इन सुविधाओं से वंचित रह जाते हैं। यह शिक्षा तक पहुंच में एक बड़ी असमानता पैदा करता है।

इन सभी कारणों का सीधा परिणाम यह है कि सबको समान और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा नहीं मिल पाती है। एक बच्चा जो एक सुविधायुक्त निजी स्कूल में पढ़ता है और एक बच्चा जो एक ग्रामीण सरकारी स्कूल में बुनियादी सुविधाओं के बिना पढ़ता है, उन्हें कभी समान शैक्षिक अवसर नहीं मिलते। यह न केवल उनके भविष्य के अवसरों को प्रभावित करता है, बल्कि सामाजिक और आर्थिक असमानता को भी बढ़ाता है।

इसलिए, शिक्षा क्रांति की आवश्यकता अत्यंत महत्त्वपूर्ण है ताकि इन सभी समस्याओं का समाधान किया जा सके। सभी स्कूलों में स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण, पर्याप्त शौचालय, पीने का पानी, बिजली और उचित क्लासरूम सुनिश्चित करना। सभी स्कूलों में पर्याप्त संख्या में प्रशिक्षित और योग्य शिक्षकों की नियुक्ति करना, और उन्हें नई शिक्षण तकनीकों और बाल-केंद्रित शिक्षा के लिए नियमित रूप से प्रशिक्षित करना। डिजिटल खाई को पाटने के लिए ग्रामीण स्कूलों में भी इंटरनेट कनेक्टिविटी, कंप्यूटर और अन्य डिजिटल शिक्षण उपकरण उपलब्ध कराना। सरकारी स्कूलों की गुणवत्ता को इतना बढ़ाना कि वे निजी स्कूलों के समान या बेहतर विकल्प बन सकें, ताकि आर्थिक स्थिति के बावजूद हर बच्चे को सर्वोत्तम शिक्षा मिले। ऐसी नीतियां बनाना, जो शिक्षा को सभी के लिए सुलभ, सस्ती और समान गुणवत्ता वाली बनाए। जब तक शिक्षा में ये मौलिक असमानताएं दूर नहीं होंगी, तब तक हम एक न्यायपूर्ण और विकसित समाज की कल्पना नहीं कर सकते। शिक्षा क्रांति इन चुनौतियों का समाधान करके प्रत्येक बच्चे के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने का मार्ग प्रशस्त करेगी।

स्वामित्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक व संपादक **सरोज चौधरी** द्वारा ई-37, अशोक विहार रांची से प्रकाशित तथा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस लालगुटवा रांची से मुद्रित, **संस्थापक संपादक : स्व. राधाकृष्ण चौधरी, प्रबंध संपादक अरूण कुमार चौधरी * फोन :** 9471170557/08084674042, **ई-मेल :** aadivashiexpress@gmail.com

## संक्षिप्त समाचार

### डॉ. रामदेव पासवान ने 42वें सिविल सर्जन, साहिबगंज के रूप में पदभार ग्रहण किया



**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता**

**साहिबगंज।** जिले में स्वास्थ्य सेवाओं के संचालन एवं पर्यवेक्षण की अहम जिम्मेदारी संभालते हुए डॉ. रामदेव पासवान ने आज जिले के 42वें सिविल सर्जन के रूप में पदभार ग्रहण किया। उन्होंने पूर्व सिविल सर्जन डॉ. प्रवीण कुमार संथालिया से विधिवत रूप से कार्यभार प्राप्त किया। पदभार ग्रहण के पश्चात डॉ. पासवान ने मीडिया से बातचीत में कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य जिले में प्राथमिक से लेकर उच्च स्तर की स्वास्थ्य सेवाओं को आमजन तक सुगमता से पहुँचाना एवं जन जागरूकता एवं जन भागीदारी सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं की गुणवत्ता में सुधार, चिकित्सकीय सेवाओं की समयबद्ध उपलब्धता एवं केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को वे सर्वोच्च प्राथमिकता देंगे। इस अवसर पर जिला स्वास्थ्य विभाग के वरीय पदाधिकारी, चिकित्सकगण, स्वास्थ्यकर्मी एवं अन्य कर्मियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया और नई जिम्मेदारी के लिए उन्हें शुभकामनाएँ दीं। सभी ने विश्वास जताया कि डॉ. पासवान के नेतृत्व में जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था को एक नई दिशा और गति प्राप्त होगी।

### मोटरसाइकिल दुर्घटना पति पत्नी घायल



**आदिवासी एक्सप्रेस W . Alam**

**साहिबगंज।** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत मोटरसाइकिल दुर्घटना में पति-पत्नी बुरी तरह घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार जे एन राय रोड निवासी स्वर्ग मृत्युंजय गोस्वामी का 52 वर्षीय पुत्र दिलीप गोस्वामी व उनकी 42 वर्षीय पत्नी जूमपा देवी मोटरसाइकिल में सवार होकर अपने घर से तारीख के लिए साहिबगंज न्यायालय जा रहा था। जहां रास्ते में सकरुगढ़ सड़क के पास सामने से आ रहे फोर व्हीलर से बचने के दौरान मोटरसाइकिल सवार पति-पत्नी गिरकर बुरी तरह घायल हो गया। राहगीरों की मदद से इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर मुकेश कुमार ने दोनों घायल पति-पत्नी का प्राथमिक इलाज किया। वहीं डॉक्टर ने महिला जूमपा देवी की गंभीर स्थिति को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजनों ने बेहतर इलाज के लिए एंबुलेंस की मदद से उक्त महिला को हायर सेंटर ले गए।

### झामुमो नगर अध्यक्ष आदित्य यादव ने नये सिविल सर्जन का स्वागत बुके देकर किया



**आदिवासी एक्सप्रेस W . Alam**

**साहिबगंज।** जिले के 42वे सिविल सर्जन के रूप मे डॉक्टर रामदेव पासवान ने अपना पदभार ग्रहण किया.जहाँ कार्यालय के पदाधिकारी स्वास्थ्यकर्मी ने उनका स्वागत किया.वही झामुमो के नगर अध्यक्ष आदित्य यादव के नेतृत्व मे एक शिष्टमंडल ने सिविल सर्जन कार्यालय नये सिविल सर्जन डॉ रामदेव पासवान को बुके देकर उनका स्वागत किया गया.इस इस दौरान झामुमो नगर अध्यक्ष आदित्य कुमार यादव ने जिले मे स्वास्थ्य व्यवस्था कैसे बेहतर हो,इस पर चर्चा किया.वही सिविल सर्जन डॉक्टर रामदेव पासवान ने झामुमो नगर अध्यक्ष से कहा की पूर्व की तरह स्वास्थ्य सेवा जिले के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जाएगा.मौक़े पर नगर अध्यक्ष आदित्य यादव,नगर सचिव नमन अंसारी,विकास यादव,तारीख अनवर,आकाश चौधरी, आलोक ओझा,गोपाल मंडल,अभिषेक कुमार,मोहम्मद जमालुद्दीन,शाहिद अंसारी,वारिस अनवर सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे.

### नवनिर्मित पुलिस अधीक्षक कार्यालय का हुआ भव्य उद्घाटन



**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता**

**साहेबगंज।** जिला अंतर्गत पुलिस लाईन परिसर में नवनिर्मित पुलिस अधीक्षक कार्यालय भवन का भव्य उद्घाटन किया गया। उद्घाटन समारोह में मुख्य रूप से जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त हेमंत सती, पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह एवं केंद्रीय सचिव सह-प्रवक्ता,झामुमो पंकज मिश्रा ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर भवन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उपायुक्त हेमंत सती ने कहा कि आधुनिक सुविधाओं से युक्त यह कार्यालय पुलिस प्रशासन के कामकाज को और अधिक सुगम, पारदर्शी और प्रभावशाली बनाएगा। उन्होंने कहा कि जनता की सुरक्षा और सेवा में यह नया भवन मील का पत्थर साबित होगा। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह ने कहा कि नए कार्यालय भवन से पुलिस कर्मियों को बेहतर कार्य करने का वातावरण मिलेगा, जिससे कानून-व्यवस्था को बनाए रखने में अधिक कुशलता आएगी। उन्होंने भवन निर्माण कार्य की गुणवत्ता की सराहना की और इसके सफल निर्माण के लिए सभी संबंधित विभागों को धन्यवाद दिया। केंद्रीय झामुमो सचिव-सह-प्रवक्ता पंकज मिश्रा ने कहा कि राज्य सरकार जनता की सुरक्षा और प्रशासनिक मजबूती को लेकर निरंतर प्रयासरत है। यह भवन उसी का एक उदाहरण है।

# राजमहल अनुमंडल क्षेत्र में जर्जर सड़कों ने खड़ी की जनजीवन के सामने बड़ी चुनौती, कांग्रेस नेता मोहम्मद सिफरान अख्तर ने दिया उप विकास आयुक्त को आवेदन

**सौरभ कुमार मंडल**
**आदिवासी एक्सप्रेस**



**साहिबगंज** राजमहल अनुमंडल क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पूर्वी जामनगर पंचायत स्थित बरबन्ना गांव से लेकर पश्चिमी नारायणपुर पंचायत के खास टोला होते हुए कर्बला तक की सड़क की स्थिति अत्यंत चिंताजनक और दयनीय हो चुकी है। इस मार्ग की जर्जर अवस्था ने स्थानीय निवासियों के लिए भारी मुसीबतें खड़ी कर दी हैं। बरसात के मौसम में हालात और भी भयावह हो गए हैं, जिससे लोगों का आवागमन पूरी तरह से बाधित हो गया है। लोगों का दैनिक जीवन, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं और आपातकालीन मदद तक इस सड़क की बदहाल स्थिति से बुरी तरह प्रभावित हो रही हैं। इस गंभीर 7जनसमस्या को लेकर कांग्रेस के प्रखंड महासचिव मोहम्मद सिफरान अख्तर ने पहल करते हुए राजमहल अनुमंडल के उप विकास आयुक्त महोदय को एक लिखित आवेदन सौंपा है। इस आवेदन के माध्यम से उन्होंने सड़क की तत्काल मरम्मत की मांग की है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि समय रहते प्रशासन ने इस दिशा में उचित कार्रवाई नहीं की, तो जनता में बढ़ता असंतोष एक बड़े जन आंदोलन का रूप ले सकता है।सड़क की हालत किसी जंग के मैदान से कम नहीं । सिफरान अख्तर द्वारा सौंपे गए आवेदन में उल्लेख किया गया है कि बरबन्ना गांव से लेकर कर्बला तक की सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। ये गड्ढे इतने गहरे हैं कि अब वह केवल असुविधा नहीं बल्कि जानलेवा दुर्घटनाओं का कारण बनते जा रहे हैं। बारिश के दिनों में इन गड्ढों में पानी भर जाता है, जिससे सड़क पूरी तरह से जलमग्न हो जाती है और पैदल चलना तक असंभव हो जाता है।छात्रों और युवाओं को सबसे ज्यादा परेशानी, इस मार्ग की बदहाली का सबसे बुरा असर स्कूली बच्चों और कोचिंग सेंटर जाने वाले युवाओं पर पड़ रहा है। गड्ढों से भरी यह सड़क उनके लिए हर दिन एक नया संघर्ष लेकर आती है। समय पर स्कूल और कोचिंग नहीं पहुंच पाने के कारण उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है। साथ ही, फिसलन और दुर्घटनाओं का खतरा हर रोज बना रहता है। सड़क बनी है क्षेत्रवासियों की जीवनरेखा । मोहम्मद सिफरान अख्तर ने कहा कि बैरबन्ना मोड़ से अमानत तक की यह सड़क केवल एक रास्ता नहीं, बल्कि स्थानीय निवासियों के लिए जीवनरेखा है। यही मार्ग गांवों को अनुमंडल मुख्यालय से जोड़ता है। इसके खराब रहने से न सिर्फ लोग रोजमर्रा के कार्यों के लिए परेशान हो रहे हैं, बल्कि बीमार मरीजों को अस्पताल ले जाना, बच्चों को स्कूल भेजना और जरूरी सामग्री लाना भी दुश्वार हो गया है। प्रशासन से की तत्काल हस्तक्षेप की मांग, कांग्रेस नेता ने उप विकास आयुक्त महोदय से निवेदन किया है कि वे इस मामले को गंभीरता से लें और संबंधित विभाग को आदेश दें कि सड़क मरम्मत कार्य को विशेष योजना में शामिल कर अविलंब शुरू करवाया जाए। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि अगर जल्द से जल्द कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, तो स्थानीय जनता सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन कर सकती है।

अंत में अख्तर ने जोर देते हुए कहा कि प्रशासन को आमजन की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए इस समस्या को सर्वोच्च प्राथमिकता पर लेना चाहिए। सड़क की मरम्मत यदि शीघ्र नहीं की गई, तो कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। समय रहते मरम्मत कार्य शुरू कर इस बिगड़ती स्थिति को नियंत्रित किया जाना अत्यंत आवश्यक है।

# परिवार स्वास्थ्य मेला का भव्य उद्घाटन- स्वास्थ्य सेवा में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को मिला सम्मान

- साहेबगंज में परिवार स्वास्थ्य मेला का भव्य शुभारंभ, उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने किया उद्घाटन
- डॉ. किरण माला को 1008 बंध्याकरण के लिए उत्कृष्ट सेवा सम्मान प्राप्त
- उपायुक्त हेमंत सती ने स्वास्थ्य जागरूकता को बताया जनहित का अहम हिस्सा

**अजय कुमार कुशवाहा**
**आदिवासी एक्सप्रेस जिला ब्यूरो**




साहिबगंज विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर साहेबगंज सदर अस्पताल परिसर में परिवार स्वास्थ्य मेला का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त हेमंत सती एवं पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

कार्यक्रम का संचालन मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. प्रवीन कुमार संथालिया एवं जिला कुष्ठ नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. किरण माला के नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

इस अवसर पर उपायुक्त महोदय ने परिवार नियोजन अपनाकर दो बच्चों तक सीमित रहने वाले लाभार्थियों को पुस्तक भेंट कर सम्मानित किया। साथ ही, परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत उत्कृष्ट सेवा देने वाले चिकित्सा पदाधिकारियों, नर्सिंग स्टाफ एवं फ्रंटलाइन वर्करों को भी सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त श्री हेमंत सती ने कहा कि ÷स्वास्थ्य मेला जैसे आयोजन समाज को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने का सशक्त माध्यम हैं। परिवार नियोजन केवल एक व्यक्तिगत निर्णय नहीं, बल्कि समाज के सामूहिक हित के लिए आवश्यक है। जनभागीदारी और स्वास्थ्य कर्मियों की सतत सक्रियता ही ऐसे अभियानों को सफल बनाती है।

इस दौरान डॉ. किरण माला को विगत वित्तीय वर्ष में सबसे अधिक 1008 लाभार्थियों का बंध्याकरण सफलतापूर्वक कराने हेतु विशेष रूप से पुरस्कृत किया गया, जो उनके प्रतिबद्धता और समर्पण का परिचायक है।

मौके पर सिविल सर्जन डॉ. प्रवीण कुमार संथालिया, विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों के चिकित्सक, स्वास्थ्यकर्मी, सम्मानित नागरिक एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त सहभागिता की सराहना की गई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जनसंख्या नियंत्रण, स्वास्थ्य जागरूकता एवं स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहन देना रहा।

### तनवीर आलम की पहल पर बरहरवा प्रखंड के अंधार कोठा में 200 केवीए एवं फरीदपुर 100 केवीए ट्रांसफॉर्मर से बिजली आपूर्ति शुरू



**अजय कुमार कुशवाहा आदिवासी एक्सप्रेस जिला ब्यूरो**

बरहरवा प्रखंड के अंधार कोठा आलिया मदरसा के सामने 100 केवीए का जल चुके ट्रांसफॉर्मर की जगह नया उच्च क्षमता वाले 200 केवीए ट्रांसफॉर्मर लगाकर एवं फरीदपुर में 100 केवीए ट्रांसफॉर्मर लगाकर बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई है। ग्रामीणों ने इस त्वरित कार्रवाई पर तनवीर आलम का आभार जताया।

यह कार्यवाही ग्रामीणों द्वारा दिए गए आवेदन के बाद शुरू हुई थी, जिसमें पुराने ट्रांसफॉर्मर की खराबी की शिकायत की गई थी। तनवीर आलम ने संज्ञान लेते हुए तत्काल अधिकारियों को निर्देश दिए, जल्द से जल्द नया ट्रांसफार्मर लगाया जाए।

मरहूम सरीफुल इस्लाम मिस्त्री का भी रहा विभागीय अहम रौल।

जिसने इतने दिन तक अपने जान की बाजी लगाकर जनता की सेवा किया जो इस दुनियां से जनता की सेवा करते हुए शहीद हो गए। अल्लाह उन्हें जन्नत में आला से आला मकाम आता फरमाए।

**ग्रामीणों को मिली बड़ी राहत**

लगातार बिजली समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों को अब नियमित और स्थिर बिजली आपूर्ति की उम्मीद है। बच्चों की पढ़ाई और घरेलू कामकाज अब सामान्य ढर्रे पर लौट सकेंगे।

इस मौके पर मो.मसकुर आलम, मोहम्मद बाबर, रफीक, शमीम अख्तर, सरफराज, गुड्डू ,हनीफ,आताबुद्दीन, मसूद, इलियास, फेराज, सफाउल आम जनता ग्रामीणों का खुशी का माहौल है रहा पर सैकड़ों ग्रामीणों की सहभागिता ने यह स्पष्ट कर दिया कि बिजली जैसी मूलभूत सुविधा कितनी जरूरी है।

# एसपी कार्यालय कक्ष में अपराध नियंत्रण गोष्ठी की हुई बैठक

**आदिवासी एक्सप्रेस W . Alam**



**साहिबगंज।** ज़िले के पुलिस लाइन स्थित पुलिस अधीक्षक कार्यालय शुक्रवार को अपने नए कार्यालय में शिफ्ट हो गया। जहां सभागार में पहली मासिक अपराध नियत्रंण गोष्ठी हुई।इसकी अध्यक्षता पुलिस कप्तान अमित कुमार सिंह ने की। अपराध गोष्ठी में एसपी ने थाना प्रभारियों को संबोधित करते हुए अपराध नियंत्रण संबंधी टिप्स दिए। कहा कि श्रावण मास में सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रखें। कहा कि अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस को पूरी तरह सतर्क रहने की ज़रूरत है। किसी भी हाल में कोताही नहीं बरतें। एसपी ने पुलिस पदाधिकारियों व कर्मियों को अपराधियों की लिस्ट बना कर उन्हें गिरफ्तार करने, नशा उत्पादों पर रोक लगाने, बाइक की चोरी व घरों में चोरी पर रोक लगाने, रात्रि गश्ती पर विशेष फ़ोकस करने, गश्ती के दौरान संदिग्ध लोगों की जांच करने, चौक, चैराहों व सन्नाटों में बेवजह खड़े लोगों से पूछताछ करने, हर गली मोहल्लों में पेट्रोलिंग करने, लंबित कांडों का जल्द से जल्द निष्पादन करने, लाल वारंटियों को गिरफ्तार करने, सुचारू रूप से वाहन जांच अभियान चलाने, अवैध लॉटरी, जुआ के अड्डे व गांजे जैसे अवैध कारोबार पर नकेल कसने का निर्देश दिया। साथ ही लोगों से बेहतर तालमेल बनाने, थानों में उनकी समस्या सुनने, सूचना तंत्र को मजबूत बनाने का निर्देश दिया। मौके पर डीएसपी विजय कुमार कुशवाहा, एसडीपीओ किशोर तिर्की, प्रशिक्षु डीएसपी रूपक सिंह, राजमहल एसडीपीओ विमलेश त्रिपाठी, बरहरवा एसडीपीओ नितिन खंडेलवाल सहित कई इंस्पेक्टर व थाना प्रभारी मौजूद थे।

### पत्थर पर गिरने से युवक हुआ बुरी तरह घायल



**आदिवासी एक्सप्रेस W . Alam**

**साहिबगंज।** बोरियो थाना क्षेत्र अंतर्गत एक युवक के गिरने से सर फटकर गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार मुगरा बुरुक टोला निवासी मराग कुडा सोरेन का 25 वर्ष पुत्र बड़ा दुर्गा सोरेन बीते रात्रि को 11:00 बजे भैंस को खेत में चराने को लेकर जा रहा था उसी दरमियान सामने से भैंसा ने उक्त युवक को दौड़ा दिया, भागने के दौरान पत्थर पर गिरकर सर फटकर बुरी तरह घायल होकर मूर्छित हो गया। वहीं अन्य भैंस चराने वाले ने घायल युवक को उठाकर इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बोरियो लाया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने उक्त घायल युवक का प्राथमिक इलाज किया। शुक्रवार की सुबह उक्त घायल युवक का गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल साहिबगंज रेफर कर दिया। जहां उक्त घायल युवक को टेंपो की मदद से इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां सदर अस्पताल में डॉक्टर की देखरेख में इलाज चल रहा।

# साहेबगंज जिले में आंगनबाड़ी सेविकाओं पर बढ़ता अतिरिक्त कार्यभार: नन्हे बच्चों की पढ़ाई पर संकट, बीएलओ की जिम्मेदारी बनी बड़ी चुनौती

**सौरभ कुमार मंडल**
**संवाददाता आदिवासी एक्सप्रेस**




**उधवा (साहेबगंज)।** उधवा प्रखंड क्षेत्र में आंगनबाड़ी सेविकाओं की स्थिति दिनों-दिन चुनौतीपूर्ण होती जा रही है। वर्तमान में प्रखंड की कुल 237 आंगनबाड़ी सेविकाओं में से 129 सेविकाओं को बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) की अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंप दी गई है। वहीं शेष 108 सेविकाएं ऐसी हैं जिन्हें अभी तक कोई अन्य अतिरिक्त कार्य नहीं दिया गया है।दरअसल, आंगनबाड़ी सेविकाओं की नियुक्ति का मुख्य उद्देश्य तीन से छह वर्ष तक की आयु वर्ग के बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा देना था, ताकि वे प्राथमिक विद्यालयों में प्रवेश से पहले अक्षरों की पहचान कर सकें और कक्षा एक की पुस्तकें समझ सकें। यह व्यवस्था वर्षों से चलती आ रही थी और इससे छोटे बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक आधार मिलने में मदद मिल रही थी।

लेकिन बीते कुछ वर्षों में सरकार ने इन सेविकाओं को अन्य प्रशासनिक कार्यों में भी सम्मिलित करना शुरू कर दिया है, विशेषकर बीएलओ के रूप में नियुक्ति कर। बीएलओ का कार्य अत्यंत समय-साध्य और श्रमसाध्य होता है, जिसमें उन्हें पूरे दिन क्षेत्र में घर-घर जाकर मतदाता सूची का सत्यापन करना, नए मतदाताओं का पंजीकरण कराना और विभिन्न सर्वेक्षण कार्यों में भाग लेना पड़ता है।

**बच्चों की पढ़ाई पर गंभीर असर**

सेविकाओं को बीएलओ की जिम्मेदारी दिए जाने के कारण आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों की पढ़ाई बुरी तरह प्रभावित हो रही है। जब सेविकाएं दिन भर फील्ड में रहेंगी तो वे केंद्र पर बच्चों को कैसे पढ़ा पाएंगी? यह सवाल अब क्षेत्र में एक बड़ी चिंता के रूप में खड़ा हो गया है । आंगनबाड़ी सेविकाएं भी खुद को दोहरी जिम्मेदारियों के बोझ तले दबा हुआ महसूस कर रही हैं। उनका कहना है कि जब उनकी बहाली बच्चों को पढ़ाने के उद्देश्य से हुई थी, तो अब उनसे गैर-शैक्षणिक कार्य क्यों करवाए जा रहे हैं?

# बरहेट में शिवगादी श्रावणी मेला का हुआ भव्य उद्घाटन

**आदिवासी एक्सप्रेस W . Alam**



**साहिबगंज।** बरहेट मे शुक्रवार को शिवगादी धाम में मासव्यापी श्रावणी मेले का उद्घाटन के लिए पहुंचे साहेबगंज डीसी हेमंत सती, एसपी अमित कुमार सिंह एवं झामुमो के केंद्रीय सचिव सह प्रवक्ता पंकज मिश्रा का शिवगादी धाम में समिति द्वारा भव्य स्वागत किया गया। स्वागत कार्यक्रम के बाद अतिथियों को मंदिर के पंडा के द्वारा मंदिर सीढ़ी द्वार पर विधिवत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना करवाया। जिसके बाद अतिथियों ने नारियल फोड़कर एवं फीता काटकर मासव्यापी श्रावणी मेला का उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद सभी गाजेश्वर नाथ महादेव को नमन किया। इस अवसर पर अतिथियों ने शिवगादी प्रबंध समिति के कार्यालय में प्रबंध समिति से मेले की तैयारी व्यवस्था की जानकारी ली। मौके पर प्रबंध समिति के अध्यक्ष रुपक साह ने बताया आवागमन, स्वास्थ्य, पेयजल सहित सभी जरुरी व्यवस्थाओं की जानकारी दिया। अतिथियों ने व्यवस्थाओं में हर संभव सहयोग करने का आश्वासन प्रबंध समिति को दिए। वहीं एसपी ने सुरक्षा संबंधी जानकारी लेते हुए थाना प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इधर प्रवक्ता पंकज मिश्रा ने उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा गाजेश्वर नाथ महादेव के शिवलिंग पर सालों भर सुखाड़ के दिनों में भी पहाड़ से जल टपकता रहता है, जो काफी अद्भुत है और इसको लेकर झारखंड के अलावा बिहार, असम, उत्तर प्रदेश, उड़ीसा पश्चिम बंगाल, सहित अन्य प्रदेशों से भारी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि जिला में हवाई अड्डा बनने जा रहा है यहां रोपवे बनेगा गंगा नदी पर पुल लगभग बन ही गया है तो स्वयं अंदाजा लगा सकते हैं की शिवगादी धाम का विकास और कितना होगा? उन्होंने कहा की 4 साल और इंतजार कीजिए, फिर देखिएगा। मौके पर सांसद प्रतिनिधि संजीव सामू हेम्ब्रम, बरहेट थाना प्रभारी, सुकांतो वर्धन सहित दर्जनों

## संक्षिप्त समाचार

### गुरु पूर्णिमा के अवसर पर अखिल विश्व गायत्री परिवार मिर्जागंज की ओर से हजार गायत्री मंत्र, पंच कुंडीय यज्ञ एवं द्वीप यज्ञ सम्पन्न



**जमुआ, प्रतिनिधि।** जमुआ प्रखण्ड क्षेत्र के मिर्जागंज स्थित लिलिया देवी माहुरी धर्मशाला में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर अखिल विश्व गायत्री परिवार मिर्जागंज की ओर से देर रात्रि तक 24 हजार गायत्री मंत्र, पंच कुंडीय यज्ञ एवं द्वीप यज्ञ सम्पन्न हुआ। रात्रि में गायत्री परिवार तिसरी से आये सुरेश जी व मनोज जी ने प्रवचन कर लोगों कई अहम जानकारी दी। जमुआ गायत्री परिवार से संगीता साहू व रेणु साहू भी शामिल रही। इस दौरान गुरु पूर्णिमा के अवसर पर 35 महिला एवं परुष ने गायत्री परिवार से दीक्षा लिया। जिसमें विशाखा गुप्ता, प्रियंका गुप्ता, अवधेश, रिमझिम, सोनाक्षी, प्रभाकर, राखी, सावित्री सेठ सहित 35 लोगों ने दीक्षा लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता माधुरी गुप्ता ने किया। जबकि कार्यक्रम को सफल बनाने में सचिव स्वाति लोहानी, स्नेहलता, ममता लोहानी, रिंकी लोहानी, किरण देवी, बिंदु गुप्ता, प्रियंका गुप्ता, अजय गुप्ता, नीरज गुप्ता, मिंटू गुप्ता, बिट्ठु, रूपेश, हिरामन राम, दीपक कुमार गुप्ता, अंकित गुप्ता के अलावे गायत्री परिवार के कई सदस्य शामिल थे।

### अपर समाहर्ता विजय सिंह बीरूआ ने गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम की जानकारी प्राप्त की, दिए जरूरी दिशा-निर्देश




**गिरिडीह, प्रतिनिधि।** जिले के जमुआ प्रखंड कार्यालय के सभागार में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम का अपर समाहर्ता विजय सिंह बीरूआ ने निरीक्षण कर निर्वाचन संबंधी कार्यों की जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर अपर समाहर्ता ने 30 जमुआ विधानसभा के अंतर्गत प्रतिनियुक्ति बूथ लेवल पदाधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग एवं राज्य निर्वाचन आयोग के द्वारा प्रदत्त दिशा निर्देशों के आलोक में पीपीटी के माध्यम से एवं डमी प्रपत्रों के माध्यम से विशेष प्रशिक्षण कार्यों की जानकारी ली। इस प्रशिक्षण में सभी बूथ लेवल पदाधिकारियो को गणन प्रपत्र, भवनों का मानकीकरण, नजरी नक्शा का टैगिंग, प्रपत्र 6 ,7 ,8 घोषणा प्रपत्र एवं पुनरीक्षण के हेतु मानक वर्ष 2003 के वोटर लिस्ट के बारे में बताया गया। सभी बूथ लेवल पदाधिकारी को डमी प्रपत्रों में निर्धारित कॉलम एवं शर्तों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी जमुआ, प्रखंड कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

### गिरिडीह में एसीबी की बड़ी कार्रवाई: गावां अंचल के राजस्व कर्मचारी आलोक रंजन को 20 हजार रुपए घूस लेते रंगेहाथ किया गिरफ्तार



**गिरिडीह, प्रतिनिधि।** गिरिडीह जिले के गावां प्रखंड में एसीबी की टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। एसीबी की टीम ने गावां अंचल कार्यालय में नियुक्त राजस्व कर्मचारी आलोक रंजन को 20 हजार घूस लेते रंगेहाथ दबोचा है। बताया जा रहा है कि एसीबी की टीम ने यह कार्रवाई शिकायतकर्ता राजेश कुमार यादव के शिकायत पर की है। राजेश यादव ने बताया कि अंचल के राजस्व कर्मचारी द्वारा उनसे 50 हजार घूस मांगा गया था। इसके बाद उन्होंने इसकी शिकायत एसीबी से किया था जिसके बाद एसीबी की टीम ने राजस्व कर्मचारी आलोक रंजन को 20 हजार रुपए घूस लेते रंगेहाथ धर दबोचा है। बता दें धनबाद एसीबी की टीम गावां बाजार स्थित बेलु राम के घर पहुंची थी, जहां राजस्व कर्मचारी आलोक रंजन अपने आवास पर 20 हजार घूस ले रहे थे। एसीबी की कार्रवाई के बाद प्रखंड सह अंचल कार्यालय में हड़कंप मच गया है।

### आईजी क्रांति कुमार गड़ीदेशी गिरिडीह पहुँचे, डीएसपी रैंक में पदोन्नति हुए इंस्पेक्टरों को किया सम्मानित




**गिरिडीह, प्रतिनिधि।** आईजी क्रांति कुमार गड़ीदेशी गिरिडीह पहुंचे। यहाँ उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर देकर उनका स्वागत किया गया। इसके बाद आईजी ने एसपी ऑफिस में पुलिस पदाधिकारियों के साथ की बैठक की और फिर डीएसपी रैंक में पदोन्नति हुए तीन इंस्पेक्टर नगर थाना प्रभारी शैलेश प्रसाद, पचम्बा इंस्पेक्टर मंटू कुमार और इंस्पेक्टर कमाल खां को बैच लगाकर सम्मानित भी किया। इसके बाद उन्होंने विभिन्न थानों में लंबित कांडो की जानकारी भी ली। जिसके बाद उन्होंने पुलिस को जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम करने का निर्देश दिया, उन्होंने यह भी कहा कि जिले में आम लोगों की शिकायतों को गंभीरता से लिया जाए और थानों में आये फरियादियों की समस्याओं का शीघ्र समाधान करने का निर्देश भी दिए।मौके पर एसपी डॉ. बिमल कुमार, एएसपी अभियान सुरजीत कुमार, एसडीपीओ जितवाहन उरांव, डीएसपी नीरज सिंह, कौसर अली समेत तमाम पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे।

# साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन, आए दर्जनों फरियादी, प्राप्त शिकायतों पर जांचोपरांत यथोचित कारवाई का मिला आश्वासन

**जन समस्याओं का प्राथमिकता के साथ निष्पादन और प्रभावी समाधान करना जनता दरबार का उद्देश्य**



**गिरिडीह, प्रतिनिधि।** गिरिडीह उपायुक्त रामनिवास यादव ने अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में जनता दरबार का आयोजन किया गया। आयोजित साप्ताहिक जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से व्यक्तिगत एवं सामाजिक समस्याओं के निराकरण हेतु आए दर्जनों लोगों से उपायुक्त ने मिलकर उनकी समस्याएं सुनी तथा जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को अग्रसारित करते हुए यथोचित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इस प्रकार बारी-बारी से लोगों ने विभिन्न प्रकार की समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। इस दौरान कई समस्याओं का ऑन द स्पॉट भी निष्पादन किया गया। जनता दरबार में मुख्य रूप से भूमि विवाद, दाखिल खारिज, स्वास्थ्य विभाग, पेंशन, राशन, भू अर्जन, पेयजल आदि से संबंधित विभिन्न आवेदन प्राप्त हुए। सभी आवेदनों पर आवश्यक कारवाई हेतु संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को अग्रसारित किया गया तथा जल्द से जल्द शिकायतों का निराकरण करने के निर्देश दिए गए। जनता दरबार का उद्देश्य आमजनों की शिकायतों एवं समस्याओं का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करना है। उपायुक्त ने बताया कि मंगलवार एवं शुक्रवार के अलावा भी आमजन अपनी समस्याओं को लेकर समाहरणालय आ सकते हैं, संबंधित विभाग को अपना आवेदन दे सकते हैं, उनके आवेदन का त्वरित निराकरण किया जायेगा। गौरतलब हो कि समाहरणालय में प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन किया जाता है, जिसमें जिलेवासी उपायुक्त से मिलकर अपनी समस्याएं साझा करते हैं तथा उनकी समस्याओं का ऑन द स्पॉट निराकरण भी किया जाता है। उपायुक्त ने कहा कि जन समस्याओं का प्राथमिकता के साथ निष्पादन और प्रभावी समाधान करना जनता दरबार का उद्देश्य है।

# गिरिडीह उपायुक्त रामनिवास यादव ने विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों संग बैठक की

- सभी मतदान केंद्रों पर अधिकतम मतदाताओं की संख्या 1200 के अंदर होगी सुव्यवस्थित
- मतदाताओं को अपने नजदीकी मतदान केंद्रों से सूचीबद्ध किया जायेगा




**गिरिडीह, प्रतिनिधि।** समाहरणालय सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामनिवास यादव ने विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों संग बैठक की। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को निर्वाचन संबंधी महत्वपूर्ण तथ्यों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा स्पष्ट निर्देश प्राप्त है कि सभी मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की सुविधा हेतु अधिकतम मतदाताओं की संख्या 1200 के अंदर ही सुव्यवस्थित करनी है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी से कहा है कि मतदाताओं को अपने नजदीकी मतदान केंद्र पर सूचीबद्ध किया जायेगा। जिसके माध्यम से यह प्रयास किया जाएगा कि एक परिवार के सभी सदस्यों का नाम एक ही मतदान केंद्र में हो, जिससे कि मतदाताओं को मतदान करने में सहूलियत हो। साथ ही बताया गया कि जिले के सभी मतदान केंद्रों के लिए नजरी नक्शा, की मैप, भवनों का मानकीकरण, तथा बीएलओ को प्रशिक्षण देने संबंधी कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा कि सभी पार्टी अपने स्तर से बीएलए बूथ लेवल एजेंट की प्रतिनियुक्ति करेगी, जो बीएलओ के साथ समन्वय स्थापित कर निर्वाचन संबंधी कार्यों को गति देंगे। इसके अलावा जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत नये तरीके से मतदाता सूची तैयार किया जायेगा। इसके अलावा उपायुक्त ने त्रुटि रहित मतदाता सूची बनाने के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का अनुपालन करते हुए ससमय कार्यों का निष्पादन करने की बात कहीं। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी, विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, झारखंड मुक्ति मोर्चा, भाजपा, इंडियन नेशनल कांग्रेस, राजद, आजसू, बीएसपी समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# मतदान केंद्रों का मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 से संबंधित प्रशिक्षण



**जमुआ, प्रतिनिधि।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सभी मतदान केंद्रों का मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 से संबंधित प्रशिक्षण निर्धारित की गई थीं। निर्धारित तिथि के अनुसार 30 जमुआ (आ जा) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र जमुआ प्रखंड में बीएलओ के नियुक्ति और नियंत्रण पदाधिकारी, नियुक्ति आदेश का प्रारूप, आहर्ता तिथि (1 जनवरी, 1 अप्रैल, 1 जुलाई, और 1 अक्टूबर ) विषय पर विस्तार से प्रशिक्षण दिनांक 10/07/2025 से 15/07/2025 तक निर्धारित है। जिसमे दूसरे दिन 11/07/2025 को 60-70 बीएलओ साथ मे बीएलओ सुपरवाइजर के साथ मास्टर ट्रैनर 1 दीपक अग्रवाल, 2. प्रवीण कुमार, 3. सूरज कुमार द्वारा सभी बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में उपस्थित वरीय पदाधिकारी के रूप में निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 30-जमुआ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र -सह-अपर समाहर्ता गिरिडीह विजय सिंह बीरुआ एवं सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी, जमुआ अमल जी उपस्थित थे। जिसमे सभी बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर, सुमंत कुमार मुन्ना, नीरज सिन्हा, बबिता कुमारी, खुर्शीद अलाम, शशांक सौरभ, नीरज वर्मा, अनील गोस्वामी इत्यादि बीएलओ गुड़िया कुमारी, विभा सहाय, किरण कुमारी, रूबी कुमारी, लक्ष्मी देवी, किरण कुमारी, दिलीप राम, चंदन कुमार सिन्हा, सुनील कुमार, गीता देवी, प्रेमा कुमारी, मीनाक्षी सिन्हा, चमेली देवी, कविता कुमारी, आशा देवी, सबिता चौधरी, सुमन कुमारी, ताहिरा तबसुम, गुलशन खातून, टुन्नी कुमारी, किरण सिंह, बेबी पाण्डेय, प्रमिला देवी, शबनम प्रवीण, शेरुन निशा, सलमा सितारा, पार्वती देवी, चंचला देवी, मौसम कुमारी, ललिता देवी, दीपा देवी, शिला वर्मा, रजनी कुमारी एवं अन्य बीएलओ उपस्थित थे।

# डुमरी प्रेस क्लब द्वारा श्रावणी मेला निःशुल्क कांवरिया सेवा शिविर का उद्घघाटन



**डुमरी, प्रतिनिधि।** पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी प्रेस क्लब डुमरी द्वारा प्रेस क्लब प्रांगण में श्रावणी मेला के अवसर पर निःशुल्क कांवरिया सेवा शिविर की शुरूआत की गयी जिसका उद्घाटन गुरूवार को सीओ शशिभूषण वर्मा, इंस्पेक्टर राजेन्द्र प्रसाद, जिप सदस्या सुनीता कुमारी, बीस सूत्री अध्यक्ष डेगलाल महतो, झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार महतो, भाजपा नेता जिवाधन महतो, आजसू नेता छक्कन महतो, सामाजिक कार्यकर्ता डीके पहाड़िया, झामुमो नेता राजकुमार पांडेय, विहिप जिला अध्यक्ष रामकिशोर शरण आदि ने संयुक्त रूप से फीता काट कर एवं नारियल फोड़ कर किया। इस दौरान दर्जनों जनप्रतिनिधि व सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे। उद्घाटन कार्यक्रम में आजसू विधानसभा प्रभारी यशोदा देवी, पूर्व मुखिया अजीत कुमार, भाजपा नेता सुरेन्द्र कुमार, झामुमो नेता पंकज कुमार, झाएकिमयू केन्द्रीय अध्यक्ष गंगाधर महतो, अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद के झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष बिरेन्द्र पांडेय, युवा कांग्रेस नेता गुड्डु मलिक, सामाजिक कार्यकर्ता मानिकचंद महतो, शिबू स्वर्णकार, कमलेश कुमार आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे। अपने संबोधन में सीओ ने कहा कि कांवरियों की सेवा सबसे बड़ा पुण्य का काम है। कहा कि प्रेस क्लब में कांवरियों को भोजन एवं ठहरने की निःशुल्क व उत्तम व्यवस्था उपलब्ध रहती है, वह बेहद प्रशंसनीय है। वहीं प्रेस क्लब के अध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि शिविर का यह 9वां वर्ष है। बताया कि शिविर में कांवरियों के लिए बिस्कुट, चाय, भोजन तथा ठहरने की उत्तम व्यवस्था पूरी तरह से निःशुल्क है। इस दौरान पत्रकार मनोज सिंह, शशि जायसवाल, बिरेन्द्र कुमार सिन्हा, आशीष जायसवाल, नंदन सिन्हा, रवि सिन्हा, मुकेश कुमार, कामाख्या नारायण, रवीन्द्र कुमार, घनश्याम सिंह, सूरज मंडल आदि सहित दर्जनों जनप्रतिनिधि एवं प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

### खाद्य आपूर्ति जमुआ में अनियमितता और भ्रष्टाचार को लेकर भाजपा नेता परमेश्वर यादव ने उपायुक्त से मिलकर दिया अभ्यावेदन



**गिरिडीह, प्रतिनिधि।** गिरिडीह जिला अंतर्गत जमुआ में खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा घोर अनियमितता और बढ़ते भ्रष्टाचार को लेकर भाजपा नेता परमेश्वर यादव ने उपायुक्त रामनिवास यादव से मिलकर उपरोक्त मामले से अवगत कराया। उन्होंने आवेदन के माध्यम से दोषियों पर कार्रवाई करने का आग्रह किया। श्री यादव ने बताया कि हमने कल दो पत्र उपायुक्त को सौंपा। प्रथम पत्र में 6 बिंदुओं के माध्यम से उपायुक्त को पत्र दिया गया जिसमें गोदाम से संबंधित मामला जिसमे कहा गया की गोदाम मे भंडारण ना करते हुए डीलरों के पास सीधा अनाज भेज दिया जाता है, वही गोदाम प्रबंधन में अनियमितता की भी शिकायत उपायुक्त से की गई है। वजन करने में पैर दबाने और छेड़छाड़ की भी बात कही गई है, जिसके कारण डीलरों के पास अनाज कम पहुंचता है, वहीं वर्तमान में प्रखंड में जनसेवक को आपूर्ति पदाधिकारी और गोदाम प्रबंधक का जिम्मा देने पर सरकार के नियमों का उल्लंघन भी बताया। इस मामले में झारखंड सरकार के कृषि विभाग के विभागीय पत्र का भी जिक्र किया गया है। जिसमें साफ-साफ उल्लेख है कि जन सेवक को कृषि कार्यों के अलावा अन्य कार्यों में लगाना अनुचित है, तथा वर्तमान में तीन महीने के राशन जून महीने में वितरण न होने के कारण कई गड़बड़ियों को भी उजागर किया है, जिसमें बिना राशन भेजे ही अंगूठा लिए जाने का भी मामला पत्र के माध्यम से दिया गया है। वहीं दूसरे पत्र में पूर्व में झारखंड यूथ फोर्स के धरने में झारखंड सरकार के कैबिनेट मंत्री सुदिव्य कुमार के अध्यक्षता में धरने के खत्म करने के उपरांत आपूर्ति से संबंधित 8 बिंदुओं पर सहमति बनी थी, जिसके ऊपर धरना खत्म हुए करीब तीन महीना हो जाने के बाद भी आज तक किसी भी कार्रवाई की बात सामने निकलकर नहीं आई है। पत्र के माध्यम से यह भी कहा गया है की सहमति के दौरान अनुमंडलीय स्तरीय पदाधिकारी बीडीओ , सीओ, एसडीएम, पूर्व विधायक केदार हाजरा, जिला आपूर्ति पदाधिकारी अलग- अलग राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधि एवं नेताओं के भी हस्ताक्षर का भी जिक्र किया गया। उसके बाद भी आज तक किसी भी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

***साक्षात्कार में क्या कहते हैं भाजपा नेता परमेश्वर यादव***

उन्होंने मीडिया को दिए गए साक्षात्कार में परमेश्वर यादव ने कहा कि जब दिल्ली से जांच टीम तमाम अनियमिताओं को देखने के लिए जब पहुंचती है तो उस मामले में भी जिला आपूर्ति पदाधिकारी किसी मीडिया को सूचना न देकर चुपचाप गोदाम और खाद आपूर्ति विभाग का जांच अपने स्तर पर करते हुए टीम को वापस दिल्ली रवाना कर देती है, जिला आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा केंद्रीय टीम को जांच के लिए जमुआ नहीं ले जाने पर भी आपत्ति जताई है एवं उसके लिए किसी प्रकार की कोई ना प्रेस विज्ञप्ति जारी की जाती है, ना ही प्रेस ब्रीफिंग की गई, कुल मिलाकर उन्होंने पीडीएस के ऊपर गंभीर आरोप लगाए हैं। अब देखना यह होगा कि कहां तक सिस्टम या संबंधित पदाधिकारी ध्यान देते है और क्या कार्रवाई होती है।

### राज्य ने एक ईमानदार, कर्मठ और जनसेवी नेता को खो दिया है: भूवनेश्वर मेहता

- दर्दई दुबे का सम्पूर्ण जीवन संघर्ष, समाजसेवा और मज़दूर हितों के लिए पूर्णतः समर्पित रहा: भुवनेश्वर प्रसाद मेहता



**आदिवासी एक्सप्रेस**

**हजारीबाग।** कांग्रेस के धनबाद से पूर्व सांसद और झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए सीपीआई के वरिष्ठ नेता, झारखंड विस्थापित संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और शोकसंतप्त परिवार को इस दुःख की घड़ी को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से कामना की। 79 वर्षीय ददई दुबे का गुरुवार को दिल्ली में निधन हो गया। वे 2004 में धनबाद से लोकसभा सांसद निर्वाचित हुए थे। अपने संसदीय कार्यकाल के दौरान वे कोयला और इस्पात समिति एवं कोयला और खान परामर्शदात्री समिति के सक्रिय सदस्य रहे।

# भाकपा माले का पावर ग्रिड पर अनिश्चितकालीन धरना घेरा डालो डेरा डालो दुसरे दिन भी जारी




**गावां, प्रतिनिधि।** गावां प्रखंड अंतर्गत गदर पावर ग्रिड के समक्ष भाकपा माले बैनर तले गदर पावर ग्रिड चालू करने की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन घेरा डालो डेरा डालो कार्यक्रम दुसरे दिन भी जारी हैं। कार्याकर्म में बतौर मुख्य अतिथि जन जन के नेता सह धनवार पूर्व विधायक राजकुमार यादव एवं जिला सचिव अशोक पासवान उपस्थित थे। कार्यकर्म की अध्यक्षता प्रखंड कमिटी सदस्य मों मुस्लिम अंसारी एंव संचालन पार्टी प्रखंड सचिव सकलदेव यादव ने किया।

**अगामी 13 जुलाई 2025 को गावां-तिसरी में सड़क जाम होगा और जिसका जिम्मेवार यहां के राज्य सरकार और जिला प्रशासन की होगी: राजकुमार यादव**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए धनवार के पूर्व विधायक राजकुमार यादव ने कहा कि गदर पावर ग्रिड जो बना हुआ है ढांचा खराब हो रहा हैं, बिल्डिंगे ए जर्जर हो रही है, खिड़की टुट रहीं हैं। एनओसी नही मिलने के कारण एक सौ उनचालीस करोड़ के बजट से जो पावर ग्रिड बना हैं वो आज तक चालु नहीं हो पाया हैं इसलिए बाध्य हो अनिश्चितकालीन घेरा डालो डेरा डालो धरना कार्यक्रम कर रहें। अगर समझोता नहीं हुआ तो कल से सैकड़ों लोग भुख हड़ताल पर बेठेगें और अगामी 13 जुलाई 2025 को गावां तिसरी में सड़क जाम होगा और जिसका जिम्मेवार यहां के राज्य सरकार और जिला प्रशासन की होगी। हम इस मुद्दे पर आर पार की लड़ाई लड़ेंगे एंव जनता के सवालों पर कोई समझौता नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि जब तक पावर ग्रिड पर काम चालु नहीं होगा, तब तक जनआंदोलन आर पार की होगी। धरना कार्यक्रम में आरवाईए जिला सचिव अशोक मिस्त्री, भाकपा माले जिला कमिटी सदस्य जयनारायण यादव, नागेश्वर यादव, पसंस अकलेश यादव, इंद्रेव यादव, मंटु शर्मा, अशोक यादव, लखन मंडल, मुखिया प्रतिनिधि दिनेश्वर यादव, सुरेन्द्र यादव, मों मुस्लिम अंसारी, नंदलाल स्वार्णकार, प्यारा सिंह, भोला यादव, अम्बीका यादव, आंनदी यादव, मों मकसुद, मों ताहीर, गांधी यादव, इंद्रेव यादव, अमित वर्नवाल, दिनेश सोरेन, लालु कुमार, नरेश यादव, बिनोद यादव, बिकी दास, संजय दास, मों सरफराज, संजय गुप्ता समेत सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### जिला पदाधिकारी के आदेशानुशार सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनान्तर्गत शिविर का आयोजन



**बांका कटोरिया से श्रीकान्त यादव की रिपोर्ट**

बांका कटोरिया प्रखंड क्षेत्र के कोल्हासार पंचायत अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय तेंतरीया योगीकुप्पा में जिला पदाधिकारी के आदेशानुशार शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सभी लाभुकों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।जिसमें सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनान्तर्गत पहली बार नई दर से वृद्धा पेंशन की राशि अंतरण को लेकर जानकारी दी गई। जिनको लेकर प्राथमिक विद्यालय तेतरिया योगीकुप्पा के प्रधानाध्यापक/ नोडल कर्मी नागमणि कुमार ने शिविर में आये हुए लोगों को बताया कि सामाजिक सुरक्षा,पेंशन के तहत वृद्धजनों ,दिव्यांगजनों एवं विधवा महिलाओं को मिल रहे सहयोग राशि 400 रु0 से बढ़ाकर 1100 रु0 माननीय मुख्यमंत्री नीतिश कुमार के द्वारा किया गया। जो हरेक महिने सभी वृद्ध ग्रामीण जनता को मिलते रहेंगे तथा खुशहाल जिंदगी जियेंगे। इस वृहद कार्यक्रम को माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वर्चुअल मोड से संबोधित किया, जिसे सभी लाभुकों ने लाइव देखा और सुना। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आंगनबाड़ी सेविका प्रमिला देवी के साथ हरी राय, बिजय यादव, गुल्ली यादव शुरेश यादव, मुक्तीयार यादव,अरुण यादव,ओकिल यादव, देवान यादव,भिठ्ठल यादव , बिजल यादव, अन्या बहुत सारे ग्रामीण महिला पुरूष उपस्थित थे।

### सहिया के साथ मेडिकल संचालक द्वारा भद्दी भद्दी गाली गलौज करने का मामला सामने आया


फोटो-सहिया रसीदा खातून

**आदिवासी एक्सप्रेस W . Alam**

**साहिबगंज।** सदर अस्पताल में एक मेडिकल स्टोर के संचालक द्वारा सहिया के साथ गाली गलौज करने का मामला सामने आया है। इस संबंध में सहिया रसीदा खातून ने आशना मेडिकल के संचालक गुड्डू पर गाली गलौज करने का आरोप लगाते हुए बताया कि बीते पांच जुलाई को बरहेट के गर्भवती महिला भारती कुमारी का प्रसव होने वाला था। गर्भवती महिला के परिजन ऑपरेशन के लिए अपनी मर्जी से बाहर के किसी मेडिकल से दवा खरीदा है। इसपर आशना मेडिकल के संचालक ने कॉल करके गाली गलौज किया है। सहिया का आरोप है कि उक्त मेडिकल संचालक ने कहा कि उक्त मरीज को एडमिट से लेकर सारा काम हम कराए। जबकि दवा अन्य मेडिकल से खरीदी गई। इस बात को लेकर मेडिकल मालिक गाली गलौज किया है। जबकि इस मामले में सहिया का कोई योगदान नही है। इधर डीएस डॉ. सलखुचंद्र हासदा ने अगर इस मामले में शिकायत मिलने पर जांच कर आवश्यक कारवाई की जाएगी।

### उपायुक्त ने 250 केजी आम्रपाली आम से भरी वाहन को हरी झंडी दिखाकर सऊदी अरब के लिए किया रवाना



**सुस्मित तिवारी**
**आदिवासी एक्सप्रेस ब्यूरो पाकुड़**

**पाकुड़** –धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तत्वावधान में बिरसा हरित ग्राम योजना अंतर्गत 250 केजी आम्रपाली आम को शुक्रवार को समाहरणालय स्थित परिसर से 250 केजी आम्रपाली आम का निर्यात पाकुड़ जिला के पाकुड़ एवं हिरणपुर प्रखंड से सऊदी अरब के लिए उपायुक्त मनीष कुमार के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उपायुक्त मनीष कुमार के द्वारा इस तरह के एक्सपोर्ट निरन्तर जारी रखने हेतु क़ृषि उत्पादब बाजार समिति के अधिकारी एवं एक्सपोर्टरों को निर्देशित किए ताकि पाकुड़ ज़िलें के किसानो को अंतरराष्ट्रीय बाजार मिल सके और उनके उपजों का बेहतर मूल्य प्राप्त हो सके.

### पूर्व विधायक किशुन कुमार दास पहुंचे भद्रकाली मंदिर की पूजा अर्चना



**आदिवासी एक्सप्रेस / ब्यूरो संतोष कुमार दास**

**इटखोरी (चतरा)।** पावन श्रावण मास के आज प्रथम अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एवं सिमरिया विधानसभा के पूर्व विधायक किशुन कुमार दास ने विधिवत पूजा-अर्चना कर समस्त प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और मंगलमय जीवन की कामना की। पूर्व विधायक श्री दास ने पूजा उपरांत कहा कि श्रावण मास भगवान शिव और शक्ति आराधना का विशेष काल होता है। इटखोरी और मयूरहंड प्रखंड का किया दौरा। इस शुभ अवसर पर इटखोरी मंडल अध्यक्ष देव कुमार सिंह, भाजयुमो इटखोरी मंडल अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह, महामंत्री शिवकुमार राणा, मेरे विधायक प्रतिनिधि रहे निरंजन सिंह, ब्रह्मदेव यादव, सुरेंद्र सिंह,पिंटू सिंह, सिमरिया से विधायक प्रतिनिधि रहे भोला सिंह, सुधीर राय, सतीश सिंह, रतन शर्मा, रामाधीन सिंह, सीताराम दांगी, समाजसेवी संतोष कुमार दास, ज्ञानी यादव, योगेश्वर साव, प्रकाश दास सहित अनेक श्रद्धालु एवं गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# बीटीसी के युवा राजनेता पृथ्वीराज नारायण देव मेच ने किया बीटीसी चुनावों पर एक राजनीतिक सर्वेक्षण, सर्वे में हाग्रामा की बीपीएफ दल पहले स्थान पर



**पंकज नाथ, असम**

असम के बीटीसी (बोडोलैंड टेरिटोरियल काउंसिल) क्षेत्र के एक उल्लेखनीय राजनीतिक व्यक्ति हैं पृथ्वीराज नारायण देव मेच। 2020 में हुए तीसरे बोडो शांति समझौते के मध्यस्थता करनेवाले पृथ्वीराज नारायण देव मेच 2025 से बीटीआर (BTR) क्षेत्र में सक्रिय रूप से राजनीति कर रहे हैं और बीटीसी प्रमुख प्रमोद बोड़ो के खिलाफ समय-समय पर कड़ी आलोचना और आरोप लगाते रहे हैं। पृथ्वीराज नारायण देव मेच ने निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर भी राजनीति में भाग लिया है। वे विशेष रूप से बीटीआर क्षेत्र में हुई हिंसा, विकास कार्यों के वितरण और बीटीसी प्रशासन के विभिन्न फैसलों पर सरकार और मुख्य कार्यकारियों के खिलाफ खुलकर बोलते आए हैं। मई 2025 में उन्होंने बीटीआर प्रमुख प्रमोद बोड़ो पर आरोप लगाते हुए कहा था कि बीटीआर क्षेत्र में हुई हिंसा में शामिल नेताओं के साथ प्रमोद बोड़ो सरकार चला रहे हैं। हाल के समय में बीटीसी क्षेत्र के राजनीतिक माहौल में पृथ्वीराज नारायण देव मेच की सक्रियता और टिप्पणियां मीडिया में काफी चर्चित रही हैं। इस बार 2025 में होने वाले बीटीसी चुनाव को लेकर भी बीटीसी के युवा राजनीतिक नेता पृथ्वीराज नारायण देव मेच ने टिप्पणी की है। पृथ्वीराज नारायण देव मेच ने आगामी बीटीसी चुनाव को लेकर मीडिया के सामने एक राजनीतिक सर्वेक्षण प्रस्तुत किया है। उन्होंने यह भी बताया कि कौन सी राजनीतिक पार्टी कितनी सीटें जीत सकती है। उनके सर्वेक्षण के अनुसार, आगामी बीटीसी चुनाव में हाग्रामा मोहिलारी की बीपीएफ (BPF) पार्टी 16 सीटें जीतकर पहले स्थान पर रहेगी। 12-13 सीटों के साथ सत्तारूढ़ भाजपा पार्टी दूसरे स्थान पर रहेगी। प्रमोद बोड़ो की यूपीपीएल (UPPL) पार्टी को 9 सीटें, कांग्रेस को 1 सीट, जीएसपी को 0-1 सीट और एपीबी को 0-1 सीटें मिलने की संभावना है। इस तरह पृथ्वीराज नारायण देव मेच ने आगामी बीटीसी चुनाव का सर्वेक्षण प्रस्तुत कर एक बार फिर चर्चा में आ गए हैं। अब आगे समय बताएगा कि उनके इस सर्वेक्षण के नतीजे चुनाव परिणामों से कितने मेल खाते हैं, इस पर बीटीसी के जागरूक नागरिकों की नजर बनी हुई है।

## भागलपुर सेनडिस कंपाउंड में आर्म बॉक्सिंग स्टेट चैंपियनशिप और PFN पैंथर्स फाइट नाइट का टूर्नामेंट आयोजित



**संवाददाता श्रीकान्त यादव**

बिहार राज्य स्तरीय आर्म बॉक्सिंग चैंपियनशिप तथा PFN पैंथर्स फाइट नाइट 9एवं10 को हुआ जिसमें बिहार के कई जिले जैसे भागलपुर ,बांका ,मुंगेर ,पटना, छपरा पूर्णिया इत्यादि से खिलाड़ी आए जिसमें प्रथम स्थान पर भागलपुर दूसरे स्थान पर बांका तथा तीसरे स्थान पर पटना रहा PFN पैंथर्स फाइट नाइट में दूसरे राज्य जैसे उत्तरप्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा उत्तराखंड जैसे राज्य से खिलाड़ी आए थे जो टाइटल बेल्ट के लिए फाइट किया गया बिहार स्टेट आर्म बॉक्सिंग के महासचिव साजन कुमार ने बताया कि भागलपुर के सेंडिस कंपाउंड स्टेडियम में 9 से 10 जुलाई 2025 को फाइट संपन्न हुआ जिसका फाउंडर आदित्य चौरसिया को - फाउंडर आरुष मिश्रा चीफ गेस्ट विजय कुमार यादव , बॉक्सिंग एसोसिएशन के महासचिव अभिषेक कुमार यादव ,डॉ मुकेश कुमार सिन्हा ,भागलपुर जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष नीरज कुमार , उप सचिव अमित जी, बिहार , रेफरी - विभीषण पंजीयरा, रिंग ऑफिशियल - राहुल कुमार , एंकर - आलोक राज , जज हेमंत लाल, राजेश कुमार जी । यह मैच श्री साई स्पोर्ट्स, तिलकामांझी भागलपुर और एनटीपीसी द्वारा प्रायोजित था। सभी ने इसमें भरपूर योगदान दिया। इस अवसर पर श्री साई स्पोर्ट्स के मालिक अमन राज जी भी उपस्थित थे और उन्होंने खिलाड़ियों को अपने हाथों से बेल्ट, ट्रॉफी और स्मृति चिन्ह आदि देकर उनका मनोबल बढ़ाया।

## केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी की अध्यक्षता में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की क्षेत्रीय बैठक आज केवड़िया में होगी

**शशांक चौधरी**

**नई दिल्ली।** केन्द्र और राज्य के बीच बेहतर तालमेल और विकसित भारत की कल्पना को आगे बढ़ाने के अपने निरंतर प्रयासों के तहत, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार, 12 जुलाई 2025 को केवडिया, गुजरात में क्षेत्रीय बैठक आयोजित कर रहा है।

बैठक की अध्यक्षता केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी करेंगी और इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर और गुजरात सरकार की महिला एवं बाल विकास मंत्री भानुबेन बाबरिया भी उपस्थित रहेंगी।

बैठक में भाग लेने वाले राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, राजस्थान, गोवा, दादरा एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव शामिल हैं। इन राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों के महिला एवं बाल विकास विभागों के मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी भी इसमें भाग लेंगे। बैठक में सर्वोत्तम कार्य प्रणालियों, नवीन मॉडलों और सफल हस्तक्षेपों की प्रस्तुति भी होगी, जिससे पूरे क्षेत्र में पारस्परिक शिक्षा और अनुकरण को प्रोत्साहन मिलेगा।

क्षेत्रीय बैठक की केन्द्र और राज्य के बीच रचनात्मक संवाद और तालमेल के लिए एक मंच के रूप में कल्पना की गइ है, जिसमें मुख्य रूप से मंत्रालय की प्रमुख योजनाओं - मिशन शक्ति, मिशन वात्सल्य और सक्षम आंगनवाड़ी एवं पोषण 2.0 - के कार्यान्वयन को मजबूती प्रदान करना है। मुख्य विचार-विमर्श में सेवा वितरण, पोषण ट्रैकर जैसे डिजिटल उपकरणों का एकीकरण, फेस रिकग्निशन सिस्टम (एफआरएय) जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों का उपयोग, और जमीनी स्तर पर प्रौद्योगिकी-सक्षम और एकीकृत सेवा वितरण को बढ़ाने की रणनीतियों जैसे पहलुओं पर चर्चा होगी।

कार्यक्रम के अंतर्गत, मंत्रालय एक पेड़ माँ के नाम पहल के तहत वृक्षारोपण अभियान चलाएगा। प्रतिनिधि बाल पोषण पार्क, स्टैच्यू ऑफ यूनिटी का भी दौरा करेंगे और नर्मदा आरती तथा प्रकाश एवं ध्वनि शो में भाग लेंगे, जो विकास के प्रति सांस्कृतिक रूप से निहित और एकीकृत दृष्टिकोण के प्रति मंत्रालय की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## उपचुनाव में पथड्डा पंचायत से मुखिया पद के अभ्यर्थी संतोष कुमार ने 119 मतों से दर्ज की जीत





**आदिवासी एक्सप्रेस**
**फुल्लीडुमर, बांका**

बांका जिले के फुल्लीडुमर प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत पथड्डा में मुखिया के रिक्त पदों हेतु कराए गए उपचुनाव में 11 जुलाई 2025 को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतगणना शांतिपूर्वक संपन्न हो गई। प्रखंड कार्यालय से मिली प्राप्त जानकारी के अनुसार मतगणना में मुखिया प्रत्याशी संतोष कुमार ने 119 मतों से अपने निकटतम प्रतिपादित श्वेता कुमारी को पराजित किया। जानकारी के अनुसार संतोष कुमार को 1477 मत एवं श्वेता कुमारी को 1358 मत मिले जबकि तीसरे नंबर पर दिनेश यादव रहे। वहीं मालूम हो की मुखिया नगीना राय के असामयिक निधन के कारण ग्राम पंचायत पथड्डा में मुखिया का पद खाली हो गया था। वहीं 119 मतों से संतोष कुमार की जीत की खबर सुनते ही समर्थकों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर खुशी का इजहार किया। मुखिया पद से संतोष कुमार की जीत पर प्रखंड प्रमुख गौतम प्रकाश, उप प्रमुख बेनी शंकर यादव, प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष चंदन कुमार, उपाध्यक्ष विनय कुमार सिंह, पंचायत समिति सदस्य बबीता देवी, पूर्व प्रखंड वार्ड सदस्य संघ के अध्यक्ष संजय यादव, प्रमुख प्रतिनिधि प्रसेनजीत कुमार राय, निरंजन यादव, संतोष कुमार सहित दर्जनों लोगों ने बधाई दी है। वहीं संतोष कुमार ने इस जीत को जनता की जीत बताया।

## ददई दुबे का निधन झारखंड कांग्रेस के लिए अपूरणीय क्षति: रेणु कुमारी

- ददई दुबे एक ऐसे जननेता थे, जिन्होंने पूरी ज़िंदगी आम लोगों, मज़दूरों और वंचित वर्गों के हक की लड़ाई लड़ी



**आदिवासी एक्सप्रेस**

**हजारीबाग।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे के गुरुवार रात्रि हुए दुखद निधन से पूरे झारखंड में शोक की लहर है। शुक्रवार सुबह उनका पार्थिव शरीर रांची एयरपोर्ट पहुंचा, जहां से उन्हें कांग्रेस भवन, रांची लाया गया। कांग्रेस नेताओं, कार्यकर्ताओं और आम जनों ने वहां उन्हें श्रद्धांजलि दी और अंतिम दर्शन किए।

इसके पश्चात उनका पार्थिव शरीर बरियातू, रांची स्थित आवास पर ले जाया गया। शनिवार, 12 जुलाई की सुबह 3 बजे पार्थिव शरीर को खुली जीप में अंतिम यात्रा हेतु रांची से रवाना किया जाएगा। यह जन-दर्शन यात्रा पड़वा मोड़, विश्रामपुर और गढ़वा होते हुए गुज़रेगी, जहां जनसामान्य उन्हें अंतिम विदाई दे सकेंगे।

इसके बाद उसी दिन दोपहर 1 बजे उनके पैतृक गांव कांडी चौका (गढ़वा) से उनका पार्थिव शरीर बनारस ले जाया जाएगा, जहां पूरे राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

इस अवसर पर कांग्रेस ओबीसी मोर्चा की प्रदेश सचिव रेणु कुमारी ने रांची स्थित कांग्रेस भवन में दिवंगत नेता के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। साथ ही उन्होंने बरियातू स्थित आवास पर परिजनों से मिलकर संवेदना व्यक्त किया। रेणु कुमारी ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने और शोक-संतप्त परिवार को यह असहनीय दुःख सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की।

रेणु कुमारी ने कहा ददई दुबे का जाना झारखंड कांग्रेस के लिए अपूरणीय क्षति है। वे एक ऐसे जननेता थे, जिन्होंने पूरी ज़िंदगी आम लोगों, मज़दूरों और वंचित वर्गों के हक की लड़ाई लड़ी।

## डीसी के आदेश पर यह कारवाई की गई




**आदिवासी एक्सप्रेस W . Alam**

**साहिबगंज।** बोरियो अंचल क्षेत्र के बोरियो बाजार मौजा के हाट पाड़ा में जमाबंदी संख्या 412 व दाग संख्या 678 में अवैध अतिक्रमण को लेकर 24 लोगों के विरुद्ध दुकानों को खाली करने का आदेश अंचलाधिकारी ने दिया है। डीसी के आदेश पर यह कारवाई की गई है। अधिकारिक जानकारी के अनुसार जिस दाग संख्या में अतिक्रमण किया गया है, वो सरकारी जमीन है, अब वहां सरकार बाजार या मंडी के लिए शेड निर्माण कार्य करवाने की योजना बनाई है। शेड निर्माण के बाद डाक बोली के माध्यम से पूरे हाट क्षेत्र का लेसी किया जाएगा, ताकि सरकारी राजस्व में वृद्धि हो सके। बता दें कि राज्य सरकार के सचिवालय से जारी पत्र के अनुसार 82,63,400 रूपए की प्राक्कलित राशि से राज्यभर के बाजार या हाट क्षेत्रों में सरकारी भूमि पर शेड निर्माण कराए जाने का योजना है। इसी योजना के कारण बोरियो हाट पाड़ा में अतिक्रमण किए दुकानदारों के विरुद्ध नोटिस जारी किया गया है। बता दें कि बोरियो हाट पाड़ा में कुछ वर्षों पहले भी कृषि विभाग द्वारा बाजार समिति बनाकर राजस्व वसूली किया जाता था। लेकिन उसके बाद यह समिति शिथिल हो गई जिस कारण राजस्व की वसूली नहीं हो रही थी। अब सरकार इस जमीन को दोबारा से राजस्व लाभ व आम लोगों के लिए उपयोग करना चाह रही है। शेड निर्माण को लेकर मछुवारा समाज के कुछ सदस्यों ने भी बोरियो बीडीओ नागेश्वर साव को लिखित आवेदन देकर नए सिरे से शेड निर्माण का मांग किया था, जिसके बाद बोरियो बीडीओ ने सम्बन्धित विभाग को यह आवेदन कारवाई हेतु अग्रसरित कर दिया था। जिसके कुछ दिनों बाद भवन निर्माण विभाग के इंजिनियर भी शेड निर्माण कार्य हेतु सर्वेक्षण के लिए पहुंचे थे।

## जनसंख्या वृद्धि से सामाजिक सदभाव का खतरा : डॉ. एनडी मिश्रा




**देवघर।** 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर शुक्रवार को देवघर के टावर चौक पर विश्व दायित्ववान नागरिक संगठन के बैनर तले अनियंत्रित और गैर-अनुपातिक जनसंख्या वृद्धि के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए लगभग 2 किलोमीटर लंबी मानव श्रृंखला बनाई गई। इस आयोजन में शहर के करीब एक हजार जागरूक नागरिकों ने हिस्सा लिया। इस दौरान डब्ल्यूओआरसी के संस्थापक और प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. एनडी मिश्रा ने कहा कि अनियंत्रित जनसंख्या वृद्धि देश के लिए एक भयावह समस्या बन चुकी है। उन्होंने सरकार से इस दिशा में प्रभावी कानून बनाने की मांग की। डॉ. मिश्रा ने चेतावनी दी कि जनसंख्या में संख्यात्मक वृद्धि सामाजिक सद्भाव के लिए खतरा पैदा कर रही है। उन्होंने कहा कि शिक्षित और समृद्ध लोग जनसंख्या नियंत्रण में योगदान दे रहे हैं, लेकिन अशिक्षित, गरीब और बेरोजगार वर्ग में जनसंख्या वृद्धि चिंताजनक है, जो भविष्य में सामाजिक असंतुलन को बढ़ावा दे सकती है। डॉ. मिश्रा ने जोर देकर कहा कि जनसंख्या नियंत्रण न केवल सामाजिक सद्भाव के लिए, बल्कि देश के समग्र विकास के लिए भी आवश्यक है। उन्होंने नागरिकों से इस दिशा में जागरूकता फैलाने और सरकार से प्रभावी नीतियों की मांग करने का आह्वान किया।

## यूएलसी में अंडरस्टैंडिंग लीगल रिसर्च पर हुआ कार्यक्रम

- शोध के लिए एससीसी ऑनलाइन का करें उपयोग: खुशी कल्याणी गौतम



**आदिवासी एक्सप्रेस**

**हजारीबाग।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग के यूनिवर्सिटी लॉ कॉलेज में शुक्रवार को अंडरस्टैंडिंग लीगल रिसर्च विषय पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कालेज की प्राचार्य डॉ रश्मि प्रधान ने किया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता हृदयतुल्ला नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, रायपुर की सुश्री खुशी कल्याणी गौतम ने विस्तर से विधि के अध्ययन के अंतर्गत शोध की संभावनाओं की जानकारी दी। उन्होंने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के अंतर्गत आकर्षक स्लाइड से अपने प्रस्तुति को बहुत रोचक बनाया।

उन्होंने बताया कि वर्तमान दौर में विधि के बदलते आयाम के साथ-साथ इस क्षेत्र में निरंतर और व्यापक शोध हो रहे हैं। सुश्री खुशी ने इस मौके पर शोध के लिए विषयों के चयन के महत्व को भी रेखांकित किया। उद्देश्यों की स्पष्टता की बात कही।

सुश्री खुशी ने एससीसी ऑनलाइन के विषय में विस्तार से जानकारी दी। बताया की एससीसी का मतलब है सुप्रीम कोर्ट केसेस। उन्होंने बताया कि एससीसी ऑनलाइन सुप्रीम कोर्ट के मामलों का एक विश्वसनीय डेटाबेस है। बताया कि इसमें भारतीय न्यायालय के मामलों के साथ-साथ विदेशी तथा अंतर्राष्ट्रीय विधि से संबंधित मामलों पर विस्तृत जानकारी उपलब्ध रहती है। इसमें भारत के विधानसभाओं एवं संसद में पारित विधेयकों के साथ-साथ द्विपक्षीय संधियों से संबंधित जानकारी भी उपलब्ध रहती है। उन्होंने बताया की शोध के लिए यह अत्यंत उपयोगी साइट है।

इस आयोजन में प्रमुख भूमिका निभाते हुए महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ लक्ष्मी सिंह ने विषय प्रवेश किया। उन्होंने बताया की विधि महाविद्यालय की यह कोशिश रहती है कि समय-समय पर अलग-अलग क्षेत्र के वक्ताओं को आमंत्रित कर महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी विद्यार्थियों से साझा करवाई जाए। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने वक्ता सुश्री खुशी कल्याणी गौतम से कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की।



# शराब की लत ने तोड़ा रिश्ता, 'अंगूरी भाभी' शुभांगी अत्रे ने रोते हुए बताई पीयूष पूरी से अलग होने की वजह

मशहूर टीवी शो 'भाभी जी घर पर हैं' में 'अंगूरी भाभी' के किरदार से घर-घर में पहचान बनाने वाली एक्ट्रेस शुभांगी अत्रे इन दिनों अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में हैं. हाल ही में उन्होंने अपने निजी जीवन के संघर्ष के बारे में बात करते हुए एक्स हसबैंड पीयूष पुरी को लेकर कुछ बेहद इमोशनल बातें शेयर कीं. दरअसल शुभांगी ने पीयूष से उनके निधन से कुछ समय पहले ही तलाक लिया था और तलाक के कुछ महीने बाद अप्रैल 2025 में पीयूष का निधन हो गया था.

सिद्धार्थ कन्नन से खास बातचीत में शुभांगी अत्रे ने अपने दर्द को बयां करते हुए बताया कि कैसे उन्हें शादी के बाद पीयूष की शराब की लत के बारे में पता चला. उन्होंने कहा, मैंने अपनी शादी को बचाने की बहुत कोशिश की. हम 17 साल तक साथ रहे. शुभांगी ने बताया कि काम में व्यस्त रहने के कारण उन्हें इस बात का अंदाजा ही नहीं लग पाया कि हालात कब इतने बिगड़ गए. उन्होंने कहा,मेरी बेटी आशी उसकी शराब के बारे में बताती थी. वो शराब पीने के बाद चिड़चिड़ा हो जाता था. शुभांगी ने नम आंखों से बताया कि उनके लिए कोविड का समय आंखें खोल देने वाला रहा, जब वह घर पर रहीं और खुद अपनी आंखों से इस समस्या को देखा.



**रिश्ते को बचाना चाहती थीं शुभांगी**

शुभांगी ने आगे बताया कि 2018 में पीयूष ट्रांसप्लांट ट्रीटमेंट के लिए स्टेरॉयड ले रहे थे, लेकिन उन्होंने उसी दौरान ट्रीटमेंट के बीच शराब पीना भी शुरू कर दिया. इसी वजह से उन्हें अस्पताल में भी भर्ती होना पड़ा. डॉक्टरों ने उन्हें उनकी लाइफस्टाइल बदलने की सख्त सलाह भी दी थी, लेकिन हालात नहीं बदले. शुभांगी ने इस दौरान भी रिश्ते को बचाने की पूरी कोशिश की. उन्होंने बताया, मैंने दो साल तक पीयूष को रीहैब (पुनर्वास केंद्र) जाने के लिए मनाने की पूरी कोशिश की, लेकिन वो नहीं माने.

**तलाक के बाद भी करती थीं मदद**

जब कई बार समझाने के बावजूद पीयूष नहीं मानें, तब 2020 में शुभांगी ने उनसे अलग होने का फैसला लिया. शुभांगी ने बताया कि उनके लिए ये सब मेंटली बहुत ज्यादा चैलेंजिंग था. लेकिन इस बीच उन्होंने ये भी बताया कि तलाक के बाद भी वो पीयूष की आर्थिक रूप से पूरी तरह से मदद कर रही थीं, लेकिन बावजूद इसके उन्होंने शराब नहीं छोड़ी. जब शुभांगी से पूछा गया कि क्या वह अपने एक्स-हसबैंड को याद करती हैं, तो वह भावुक हो गईं और उनकी आंखों में आंसू आ गए. उन्होंने बस इतना ही कहा, च्कभी-कभी.

# 140 करोड़ भारतीयों को छोड़ा पीछे, प्राजक्ता कोली ने रचा इतिहास



भारत की पॉपुलर कंटेंट क्रिएटर और एक्ट्रेस प्राजक्ता कोली ने 140 करोड़ भारतीयों को पीछे छोड़कर एक नया इतिहास रच दिया है. प्राजक्ता कोली ने अपने नाम एक बड़ी उपलब्धि दर्ज करा ली है. प्राजक्ता को टाइम मैगजीन ने टाइम 100 क्रिएटर्स लिस्ट 2025 में शामिल किया है. प्राजक्ता इस लिस्ट में शामिल होने वाली एकमात्र और पहली भारतीय कंटेंट क्रिएटर हैं.

टाइम 100 क्रिएटर्स लिस्ट में शामिल होने पर प्राजक्ता ने भी खुशी जाहिर की है. उन्होंने सोशल मीडिया पर अपने चाहने वालों के साथ ये गुड न्यूज शेयर करते हुए लिखा, मैं 'टाइम' की TIME100CREATORS लिस्ट में शामिल हो गई. इस समय मुझे बहुत कुछ महसूस करना चाहिए था और उससे भी ज्यादा कहना चाहिए था. लेकिन, सच कहूं तो इस पल में मेरे दिमाग में सिर्फ दो शब्द आ रहे हैं, आपका धन्यवाद.




प्राजक्ता ने आगे लिखा, मेरे दर्शकों का धन्यवाद, आने के लिए, विश्वास करने के लिए, और बने रहने के लिए. मेरे परिवार का धन्यवाद, हर मुश्किल, जादुई पल में मेरे साथ खड़े रहने के लिए. मेरी टीम का धन्यवाद, मेरा सहारा बनने के लिए और 21 साल की प्राजक्ता का भी धन्यवाद, जो बिना किसी योजना, बिना किसी तैयारी, बिना किसी रोडमैप के, एक क्रिएटर के तौर पर कहानी कहने में पूरी तरह से डूब गईजसिर्फ दिल से. सिर्फ सहज ज्ञान से. सिर्फ कहानियों के लिए प्यार से. तो हां, धन्यवाद. मुझे लगता है कि कहने के लिए बस इतना ही है और शायद, यही सब कुछ है.

**यूट्यूबर से बनीं एक्ट्रेस**

प्राजक्ता बहुमुखी प्रतिभा की धनी हैं. एक मशहूर यूट्यूबर के बाद उन्होंने एक्टिंग की दुनिया में भी हाथ आजमाया. उन्होंने नेटफ्लिक्स की वेब सीरीज 'मिसमैच्ड' में काम किया है. इसके अलावा उन्हें वरुण धवन की फिल्म 'जुग जुग जियो' और विद्या बालन की फिल्म 'नीयत' में भी देखा गया है. वहीं प्राजक्ता एक राइटर भी हैं. उन्होंने बेस्टसेलिंग उपन्यास 'टू गुड टू बी ट्रू' लिखा है, जिसे काफी पसंद किया गया.सोशल मीडिया पर प्राजक्ता काफी पॉपुलर हैं.

# Prada की एक गलती से फिल्मी सितारों के पैरों में पहुंचीं कोल्हापुरी चप्पलें, जानें विवाद और इतिहास



महाराष्ट्र की मिट्टी से निकली और अब दुनियाभर में अपनी धाक जमा चुकी कोल्हापुरी चप्पल आज एक बार फिर चर्चा का विषय बन गई है. हाल ही में एक बड़े अंतरराष्ट्रीय फैशन ब्रांड 'प्रादा' (Prada) के साथ जुड़े विवाद के बाद, अब भारतीय सेलेब्रिटी और बॉलीवुड एक्टर्स भी इसे गर्व से पहनकर एक नया ट्रेंड सेट कर रहे हैं. अपनी सादगी, मजबूती और खास कारीगरी के लिए जानी जाने वाली कोल्हापुरी चप्पल का ये नया अवतार न सिर्फ फैशन प्रेमियों को लुभा रहा है, बल्कि भारत की कला को ग्लोबल प्लेटफॉर्म पर पेश कर रहा है.

प्रादा विवाद के बाद, भारतीय हस्तियों ने अपनी 'देसी' पहचान पर गर्व दिखाते हुए कोल्हापुरी चप्पलों को फिर से फैशन ट्रेंड में ला दिया है. बॉलीवुड की मशहूर एक्ट्रेस करीना कपूर से लेकर दिग्गज एक्ट्रेस नीना गुप्ता तक, कई सेलेब्स अब गर्व से कोल्हापुरी चप्पल पहने नजर आ रहे हैं. दरअसल ये पूरा मामला तब गरमाया था, जब इटली के लक्ज़री फैशन ब्रांड 'प्रादा' ने अपने समर कलेक्शन में कोल्हापुरी स्टाइल की चप्पलें स्लिप ऑन सैंडल के नाम से लॉन्च कीं. फैशन शो में जब मॉडल्स ने इन चप्पलों को पहना तो पूरी दुनिया की नजरें इन पर टिक गईं. इन चप्पलों को पूरी दुनिया में खूब पसंद किया गया, लेकिन प्रादा ने इस अनोखी हस्तकला के असली निर्माताओं, यानी कोल्हापुर के कारीगरों और इसकी भारतीय विरासत को कोई श्रेय नहीं दिया.

**प्रादा ने मानी अपनी गलती**

प्रादा की इस हरकत से सोशल मीडिया पर भारी नाराजगी देखी गई. लोगों का कहना था कि ये सांस्कृतिक चोरी है, क्योंकि कोल्हापुरी चप्पल सिर्फ एक फुटवियर नहीं, बल्कि भारतीय परंपरा और कारीगरों की मेहनत का प्रतीक है. इस विवाद ने कोल्हापुरी चप्पल को एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय सुर्खियों में ला दिया. आखिरकार सोशल मीडिया पर हुई आलोचना के बाद प्रादा जैसे ब्रांड ने इस बात को माना कि उनकी बनाई हुई चप्पल कोल्हापुरी चप्पल से प्रेरित है.

**करीना ने कसा तंज**

इस पूरे मामले के बाद करीना कपूर ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर कोल्हापुरी चप्पल पहनी हुई फोटो शेयर की और साथ में प्रादा पर तंज कसते हुए उन्होंने लिखा कि . 'सॉरी नॉट प्रादा, बट माय ओजी (ओरिजिनल) कोल्हापुरी'। (ये प्रादा नहीं, मेरी ओरिजिनल कोल्हापुरी है.)

# 'मराठी में डब...' महाराष्ट्र में चल रहे भाषा विवाद पर क्या बोले शिल्पा शेट्टी और संजय दत्त?



महाराष्ट्र में इन दिनों हिंदी बनाम मराठी का मुद्दा गरमाया हुआ है. अलग-अलग बयानों के बीच बॉलीवुड सितारों की भी अपनी राय इस मुद्दे पर सामने आ रही है. इसी बीच साउथ फिल्म KD: The Devil का टीजर गुरुवार को लॉन्च किया गया. मुंबई में टीजर लॉन्च इवेंट हुआ, जिसमें फिल्म की लीड स्टारकास्ट मौजूद रही. वैसे तो ये एक कन्नड फिल्म है, लेकिन फिल्म में बॉलीवुड एक्टर संजय दत्त और एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी भी अहम किरदारों में नजर आने वाले हैं.

फिल्म KD: The Devil में संजय दत्त का नया लुक देखकर फैंस हैरान हैं और फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. वहीं, शिल्पा शेट्टी की अदाओं पर फैंस दिल हार रहे हैं. वहीं फिल्मी बातचीत के बीच शिल्पा और संजय ने कई और मुद्दों पर भी अपनी राय रखी. मीडिया से बातचीत में एक पत्रकार के सवाल पर शिल्पा शेट्टी और संजय दत्त ने महाराष्ट्र में चल रहे भाषा विवाद को लेकर अपनी राय रखी.

**भाषा विवाद पर बोलीं शिल्पा शेट्टी**

मीडिया इंटरैक्शन के दौरान एक पत्रकार ने शिल्पा और संजय से भाषा विवाद पर सवाल किया. पत्रकार ने कहा- जन्मभूमि और कर्मभूमी दोनों भाषाओं का आना या सीखना कितना जरूरी है इस वक्त क्योंकि एक नई भाषा का ज्ञान होना अच्छी बात है लेकिन क्या उसे लेकर जबरदस्ती करना, क्या ये सही है? इसको लेकर आप क्या कहेंगे. इस सवाल के जवाब में शिल्पा ने कहा कि इस बात का जवाब संजू यानी संजय दत्त देंगे. शिल्पा की इस बात पर सभी हंसने लगे.

**पैन इंडिया रिलीज होगी फिल्म**

संजय ने बात का जवाब देते हुए कहा-मैं समझा नहीं आपने क्या पूछा, अगर आप एक्सप्लेन कर दें. इसके बाद शो के होस्ट ने कहा कि सभी कुछ पैन इंडिया हो गया है. इसके बाद शिल्पा ने कहा कि वो महाराष्ट्र की बेटी हैं और उन्हें मराठी आती है, आज हम केडी के बारे में बात कर रहे हैं. हम किसी कंट्रोवर्सी को बढ़ावा नहीं देना चाहते. ये फिल्म वैसे भी कई भाषाओं में रिलीज हो रही है, इसको हम मराठी में भी डब कर सकते हैं. आपको बता दें, फिल्म में ध्रुव सरजा, संजय दत्त, शिल्पा शेट्टी, नोरा फतेही, रमेश अरविंद और वी रविचंद्रन लीड रोल्स में नजर आएंगे. पैन इंडिया वाली यह फिल्म हिंदी, तमिल, कन्नड़, तेलुगु और मलयालम भाषाओं में सिनेमाघरों में रिलीज होगी.

## वर्ल्ड एक्सपो 2025

# भारतीय रेल की उपलब्धियों से दुनिया हैरान

वर्ल्ड एक्सपो में भारतीय रेल का पवेलियन भारत की प्रगति से दुनिया को परिचित करा रहा है। एक ओर जहाँ वंदे भारत एक्सप्रेस 'मेक इन इंडिया' की गौरवगाथा सुना रही है, वहीं दूसरी ओर विश्व का सबसे ऊँचा रेल आर्च पुल चिनाब ब्रिज भारतीय इंजीनियरिंग का परचम लहरा रहा है।



जापान के ओसाका में चल रहे वर्ल्ड एक्सपो-2025 में जहाँ दुनिया भर के देश भविष्य की तकनीक और शहरों के मॉडल दिखा रहे हैं। वहीं भारतीय रेल का पवेलियन सबका ध्यान खींच रहा है। यहाँ सिर्फ ट्रेनें और पुल नहीं दिखाए जा रहे, बल्कि भारत की तरक्की और सोच को एक नई कहानी की तरह पेश किया जा रहा है। ओसाका के युमेशिमा द्वीप पर बने भारतीय पवेलियन में दो चीज़ें सबसे ज्यादा चर्चा में हैं - वंदे भारत एक्सप्रेस और चिनाब ब्रिज।

हर बार ऐसा नहीं होता कि ट्रेनें और पुल किसी बड़े एक्सपो में इतना आकर्षण बटोरें, लेकिन इसबार वंदे भारत एक्सप्रेस और चिनाब ब्रिज नए भारत के प्रतीक हैं। ये दिखाते हैं कि भारत अब सिर्फ बात नहीं कर रहा, बल्कि तेजी से भविष्य की ओर बढ़ रहा है।

### भारतीय रेल का नया युग

वंदे भारत एक्सप्रेस और चिनाब ब्रिज भारतीय रेल के नए युग की पहचान हैं। वंदे भारत ट्रेन पूरी तरह स्वदेशी है। यह न सिर्फ तेज़ है, बल्कि आरामदायक भी है। इसमें नई तकनीकें हैं जैसे स्मार्ट ब्रेक सिस्टम, साफ-सुथरे बायो टॉयलेट और हवाई जहाज़ जैसी आरामदायक सीटें। यह ट्रेन 'मेक इन इंडिया' का ज़िंदा उदाहरण है। एक्सपो में जापान जैसे देशों से आए दर्शक, जहां पहले से शिंकानसेन बुलेट ट्रेन हैं। वह वंदे भारत की स्वदेशी तकनीक देखकर चकित हैं। उन्हें यकीन नहीं होता कि भारत ने इतनी जल्दी अपनी खुद की हाई-स्पीड ट्रेन बना ली।



### दुनिया की सराहना, देश का आत्मविश्वास

इस एक्सपो में भारत को जो तारीफें मिल रही हैं, वो इस बात की पहचान है कि भारत अब आत्मनिर्भर हो चुका है। लोग हैरान हैं कि कैसे भारत ने कुछ ही वर्षों में भारतीय रेल तकनीक के आयात से आगे बढ़कर अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर विश्वस्तरीय और स्वदेशी प्रणालियों का प्रदर्शन करने लगा है।

### चिनाब ब्रिज: भारत की सबसे ऊँची उड़ान

वंदे भारत की तेज़ रफ्तार और एयरोडायनॉमिक डिजाइन के उलट, चिनाब ब्रिज एक मजबूत और ऊँचा पुल है जो सबका ध्यान खींचता है। यह पुल जम्मू और कश्मीर में चेनाब नदी के ऊपर बना है और दुनिया का सबसे ऊँचा रेलवे आर्च ब्रिज है। जो एफिल टावर से भी ऊँचा है और इसकी ऊँचाई 359 मीटर है। इस पुल को बनाना आसान नहीं था। वहाँ का मौसम, ज़मीन और भूकंप का खतरा, सबकुछ मुश्किल था। लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में यह इतिहास रचा गया। यह भारतीय इंजीनियरिंग की ताकत और मेहनत का अद्भुत उदाहरण है। इस पुल से जम्मू और कश्मीर जैसे दूर-दराज़ इलाकों को देश से जोड़ना आसान हो गया। यह सिर्फ एक पुल नहीं, बल्कि वहाँ के लोगों के लिए उम्मीद और विकास का सेतु है।








### भविष्य से जुड़ती भारतीय रेल

वर्ल्ड एक्सपो 2025 का थीम "हमारे जीवन के लिए भविष्य के समाज का निर्माण" है। भारतीय रेल की कहानी इसी से जुड़ती है। "जीवन को बचाना, सशक्त बनाना और जोड़ना"- इन तीन बातों को वंदे भारत और चिनाब ब्रिज पूरा करते हैं।

पवेलियन में लोग वर्चुअल रियलिटी, मॉडल और गाइड के ज़रिए देख पा रहे हैं कि भारत की रेल कैसे हरित ऊर्जा (ग्रीन एनर्जी) पर जा रही है। कैसे नई तकनीक से रेलवे को सुरक्षित और तेज़ बनाया जा रहा है। कैसे देश के हर कोने को रेल नेटवर्क से जोड़ा जा रहा है।

### सिर्फ तकनीक नहीं, बदलाव की कहानी

भारतीय रेल का यह प्रदर्शन केवल इंजीनियरिंग का नहीं, एक परिवर्तन की गाथा है। एक पुरानी रेल व्यवस्था अब नया रूप ले चुकी है। डिजिटल टिकटिंग, सौर ऊर्जा से चलने वाले स्टेशन, प्लेटफॉर्म पर वाई-फाई, बुलेट ट्रेन कॉरिडोर। यह नई भारतीय रेल है जो सिर्फ सफर नहीं करा रही, बल्कि राष्ट्र को स्थाई मजबूती के साथ आगे बढ़ा रही है।

वर्ल्ड एक्सपो २०२५ में जब दुनिया भारत की इन उपलब्धियों को देख रही है, तब यह साफ हो रहा है कि भारतीय रेल अब सिर्फ अतीत की नहीं बल्कि उज्ज्वल भविष्य की कहानी कह रही है।

## भारत की स्थापित सौर क्षमता में 4,000 फीसदी की वृद्धि हुई : पीयूष गोयल

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत की स्थापित सौर क्षमता में 4,000 फीसदी की वृद्धि हुई है, जिससे देश की नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता अब 227 गीगावाट के स्तर पर पहुंच गई। उन्होंने कहा कि भारत संभवतः पेरिस समझौते के तहत अपने राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (एनडीसी) को पूरा करने वाला पहला जी-20 देश है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने नई दिल्ली में 11वें भारत ऊर्जा भंडारण सप्ताह (आईईएसडब्ल्यू) 2025 को संबोधित करते हुए यह बात कही। पीयूष गोयल ने जम्मू-कश्मीर के पल्ली गांव का उदाहरण दिया, जो सौर ऊर्जा और ऊर्जा दक्षता का उपयोग करने वाला भारत का पहला कार्बन-तटस्थ पंचायत बन गया है। उन्होंने बताया कि आईईएसडब्ल्यू का आयोजन स्थल यशोभूमि अपने आप में स्थायित्व का एक आदर्श उदाहरण है, जहां छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्र, अपशिष्ट जल उपचार और ऊर्जा-कुशल बुनियादी ढांचा उपलब्ध है।गोयल ने कहा कि देश की सौर फोटोवोल्टिक मॉड्यूल क्षमता करीब 38 गुना बढ़ गई है, जबकि फोटोवोल्टिक सेल क्षमता 21 गुना बढ़ गई है। उन्होंने प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि इसका उद्देश्य 1 करोड़ घरों को रूफटॉप सोलर पैनल से लैस करना है, ताकि वे ऊर्जा के मामले में आत्मनिर्भर बन सकें और बिजली के बिल कम कर सकें।

## फ्लिपकार्ट मिनट्स पर नई सर्विस लॉन्च, पुराने और खराब फोन होंगे एक्सचेंज

**नई दिल्ली।** देश के घरेलू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने नई सर्विस शुरू की है, जिसका इस्तेमाल करके आप कुछ ही मिनट्स में अपने पुराने फोन को एक्सचेंज कर सकते हैं। कंपनी किसी भी कंडीशन में फोन एक्सचेंज के लिए स्वीकार कर लेगी। हालांकि, इसका असर कीमत पर पड़ेगा। ई-कॉमर्स फ्लिपकार्ट ने फ्लिपकार्ट मिनट्स पर स्मार्टफोन एक्सचेंज प्रोग्राम शुरू किया है। इसकी मदद से ग्राहक मात्र 40 मिनट के अंदर अपने पुराने स्मार्टफोन को नए स्मार्टफोन के साथ अपग्रेड कर सकते हैं। ये सर्विस बेंगलुरु, दिल्ली और मुंबई के कुछ चुनिंदा पिन कोड पर शुरू की गई है। कंपनी जुलाई से इसे फ्लिपकार्ट मिनट्स के परिचालन वाले सभी शहरों में विस्तार देगी। कंपनी के मुताबिक रियल टाइम डिवाइस वैल्यूएशन, इंस्टैंट डोरस्टेप पिकअप और सेम-डे वैल्यू एप्लिकेशन के साथ यह भारत में किसी क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर अपनी तरह की पहली सुविधा है, जिसमें बिना किसी बाधा डिवाइस एक्सचेंज हो सकेगा। वैसे तो फ्लिपकार्ट की एक्सचेंज सर्विस ऐप पर पहले भी मौजूद थी, लेकिन अब इसका फायदा फ्लिपकार्ट मिनट्स पर भी मिल जाएगा। ग्राहक बंद पड़े स्मार्टफोन समेत किसी भी तरह का स्मार्टफोन एक्सचेंज करके पुराने स्मार्टफोन की हालत के हिसाब से 50 फीसदी तक की एक्सचेंज वैल्यू प्राप्त कर सकते हैं।

## एलआईसी की व्यक्तिगत प्रीमियम आय जून महीने में 14.6 फीसदी बढ़ी

**मुंबई।** सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की व्यक्तिगत प्रीमियम खंड से आय सालाना आधार पर जून महीने में 14.60 फीसदी बढ़ी है। इस दौरान निजी क्षेत्र की सभी जीवन बीमा कंपनियों की कुल प्रीमियम आय में 12.12 फीसदी की वृद्धि हुई है।

## यूपीआई का असर, आईएमएफ ने कहा- भारत में अन्य देशों की तुलना में अधिक तेजी से हो रहा भुगतान

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने एक नोट में कहा कि भारत दुनिया में अन्य देशों की तुलना में अधिक तेजी से भुगतान कर रहा है। इसकी वजह देश में यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) का बड़े स्तर पर इस्तेमाल होना है। आईएमएफ के 'बढ़ते खुदरा डिजिटल भुगतानः इंटरऑपरेबिलिटी का मूल्य' शीर्षक वाले नोट के अनुसार, 2016 में अपनी शुरुआत के बाद से देश में यूपीआई तेजी से बढ़ा है, जबकि नकदी के इस्तेमाल में गिरावट शुरू हो गई है। यूपीआई अब प्रति माह 18 अरब से ज्यादा लेनदेन प्रोसेस करता है और भारत में अन्य इलेक्ट्रॉनिक खुदरा भुगतानों में अग्रणी है। यूपीआई एक त्वरित भुगतान प्लेटफॉर्म है जो इमीडिएट पेमेंट सर्विस (आईएमपीएस) इन्फ्रास्ट्रक्चर पर बना हुआ है।

नोट में आगे कहा गया कि यूपीआई ने भारत में डिजिटल




भुगतान के तरीके को पूरी तरह बदल दिया है। इस प्लेटफॉर्म से मिले सबूत बताते हैं कि इंटरऑपरेबिलिटी यूजर्स के डिजिटल भुगतान के अनुभव को बेहतर बना सकती है और इससे नई टेक्नोलॉजी को अपनाने की दर में इजाफा हो सकता है। आईएमएफ ने नोट में कहा, 'इंटरऑपरेबिलिटी सीधे तौर पर यूजर्स को अपना पसंदीदा ऐप चुनने की आजादी देती है, जिससे वे उपलब्ध ऐप्स की विविधता और गुणवत्ता का पूरा लाभ उठा पाते हैं। इंटरऑपरेबिलिटी नए प्रोवाइडर्स के प्रवेश को भी सुगम बना सकती है और मौजूदा प्रदाताओं को अपने ऐप्स अपग्रेड करने के लिए प्रोत्साहित कर सकती है, जिससे यूजर्स को अप्रत्यक्ष लाभ मिल सकता है।' यूपीआई को बढ़ावा देने के लिए भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने 2016 के अंत में भारत इंटरफेस फॉर मनी (भीम) ऐप को लॉन्च किया था। जून में यूपीआई लेनदेन की मात्रा सालाना आधार पर 32 प्रतिशत बढ़ी। पिछले साल जून की तुलना में लेनदेन मूल्य में 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई। दैनिक यूपीआई लेनदेन की संख्या मई के 602 मिलियन से बढ़कर जून में 613 मिलियन हो गई।

## युवाओं को सशक्त बनाने के लिए राष्ट्रीय जनजातीय विद्यार्थी शिक्षा समिति और टाटा मोटर्स लिमिटेड के बीच समझौता

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** जनजातीय कार्य मंत्रालय (एमओटीए) के अंतर्गत एक स्वायत्त संगठन, राष्ट्रीय जनजातीय विद्यार्थी शिक्षा समिति (एनईएसटीएस) ने टाटा मोटर्स लिमिटेड (टीएमएल) के बीचएक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इस सहयोगात्मक समझौते का उद्देश्य एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों (ईएमआरएस) से 12वीं कक्षा उत्तीर्ण करने वाले जनजातीय विद्यार्थियों के लिए कौशल से जुड़ी शिक्षा और रोजगार के अवसरों को संयुक्त रूप से उपलब्ध कराना है। यह पांच वर्षीय समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर की तिथि से प्रभावी होगा। यह समझौता सामाजिक रूप से वंचित समुदायों के जीवन स्तर में सुधार लाने की साझा प्रतिबद्धता का उल्लेख करता है। यह समझौता जनजातीय युवाओं को कुशल कार्यबल में एकीकृत करने के लिए एक सुव्यवस्थित अवसर प्रदान करता है। इससे 28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों के ईएमआरएस में नामांकित 50,000 से अधिक कक्षा 12 के विद्यार्थियों को लाभ होने की संभावना है।जनजातीय कार्य मंत्रालय ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि इस सहयोगात्मक समझौते का मुख्य उद्देश्य आजीविका सृजन में दोनों संगठनों के साझा हितों को आगे बढ़ाना है। विद्यार्थियों का चयन विशिष्ट मानदंडों के आधार पर किया जाएगा। इन मानदंडो के तहत छात्रों की आयु 18-23 वर्ष होनी चाहिए, उनके एसएससी (10वीं कक्षा) परीक्षा में न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक होने चाहिए। उन्होंने ईएमआरएस से अपनी 12वीं कक्षा पूरी की हो। यह कार्यक्रम एक संरचित कमाएं और सीखें मॉडल प्रदान करता है, जिसमें इंजीनियरिंग में डिप्लोमा के साथ साप्ताहिक विश्वविद्यालय- संस्थान द्वारा संचालित कक्षाएं, एनएसक्यूएफ के अनुरूप ऑन-द-जॉब प्रशिक्षण (ओजेटी) और विश्वविद्यालय के दिशानिर्देशों के अनुसार नियमित सेमेस्टर परीक्षाएं और मूल्यांकन शामिल हैं।

## रोजगार मेला: प्रधानमंत्री 12 जुलाई को 51 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को युवाओं को बड़ा तोहफा देंगे। 12 जुलाई को 'रोजगार मेला' का आयोजन होने वाला है, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी सुबह 11 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जुड़ेंगे। इस दौरान अलग-अलग सरकारी विभागों और संगठनों में नियुक्त किए गए 51 से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे जाएंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से शुक्रवार को इसकी जानकारी दी गई। पीएमओ के मुताबिक, इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नव-नियुक्त कर्मचारियों को संबोधित भी करेंगे। यह 16वां 'रोजगार मेला' देशभर के 47 स्थानों पर आयोजित किया जाएगा, जबकि नियुक्तियां केंद्र सरकार के मंत्रालयों और विभागों में की जा रही हैं। चयनित नए उम्मीदवार पूरे देश से आए हैं और वो जिन विभागों में शामिल होंगे, उनमें रेल मंत्रालय, गृह मंत्रालय, डाक विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, वित्तीय सेवा विभाग, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय



समेत कई अन्य मंत्रालय और विभाग शामिल हैं। 'रोजगार मेला' पीएम मोदी की रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रतिबद्धता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। 'रोजगार मेला' प्रधानमंत्री मोदी की ओर से 22 अक्टूबर 2022 को मिशन मोड में शुरू किया गया था। कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय के मुताबिक, यह पहल युवाओं को सशक्त बनाने और राष्ट्र निर्माण में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सार्थक मौके दे रही है। 'रोजगार मेला' की पहल ने अलग-अलग मंत्रालयों और विभागों के साथ-साथ सरकारी संगठनों को मिशन मोड में अपनी रिक्तियों को भरने में सक्षम बनाया। विभागों और संगठनों को स्कूलों, अस्पतालों, रेलवे स्टेशनों, पुलिस स्टेशनों और कर कार्यालयों आदि में उच्च गुणवत्ता वाली नागरिक सेवाएं प्रदान करने में मदद मिली। इससे हमारे रक्षा और सुरक्षा संगठनों को भी लाभ हुआ। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, देश भर में आयोजित 'रोजगार मेलों' के माध्यम से 10 लाख से अधिक नियुक्ति पत्र पहले ही वितरित किए जा चुके हैं। इससे माना जा सकता है कि यह कार्यक्रम युवाओं के उज्जवल भविष्य की दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

## आयकर विभाग ने आईटीआर-2 और आईटीआर-3 फॉर्म के लिए एक्सेल यूटिलिटीज को जारी किया

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** आयकर विभाग ने शुक्रवार को आईटीआर-2 और आईटीआर-3 फॉर्म के लिए एक्सेल यूटिलिटीज को जारी किया, इनका इस्तेमाल करदाताओं द्वारा कर योग्य पूंजीगत लाभ, क्रिप्टो इनकम और अन्य से प्राप्त हुई आय पर आईटीआर दाखिल करने के लिए किया जा सकता है। आयकर विभाग ने पहले केवल आईटीआर-1 और आईटीआर-4 फॉर्म (ऑनलाइन और एक्सेल यूटिलिटी दोनों) जारी किए थे, जिससे कुछ ही सीमित करदाताओं को स्पेसिफाइड इनकम क्लासिफिकेशन के साथ उनके आईटीआर को फाइल करने में मदद मिली। आयकर विभाग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर घोषणा की, 'करदाता ध्यान दें! असेस्मेंट ईयर 2025-26 के लिए आईटीआर-2 और आईटीआर-3 की एक्सेल यूटिलिटीज अब लाइव हैं और फाइल करने के लिए उपलब्ध हैं।' इसमें आगे कहा गया, 'आयकर विभाग के ई-फाइलिंग आईटीआर पोर्टल के डाउनलोड सेक्शन में, आप आईटीआर-2 और आईटीआर-3 यूटिलिटीज डाउनलोड कर सकते हैं। डाउनलोड करने के बाद, आपको एक विंडोज जिप फाइल मिलेगी, जिससे एक्सेल फाइल प्राप्त की जा सकती है।'

आयकर विभाग की वेबसाइट के अनुसार, 11 जुलाई से, आईटीआर-2 उन व्यक्तियों या एचयूएफ द्वारा फाइल किया जा सकता है, जो आईटीआर-1 (सहज) फाइल करने के पात्र नहीं हैं। इसके अलावा, विभाग के अनुसार, जो व्यक्ति व्यवसाय या पेशे से लाभ और हानि की आय नहीं रखते हैं और साथ ही साझेदारी फर्म से ब्याज, वेतन, बोनस, कमीशन या पारिश्रमिक के रूप में व्यवसाय या पेशे से लाभ और हानि की आय नहीं रखते हैं, वे भी आईटीआर-2 फाइल कर सकते हैं। जिन व्यक्तियों की आय में अगर जोड़ी जाने वाली आय में किसी अन्य व्यक्ति जैसे पति/पत्नी, नाबालिग बच्चे आदि की आय शामिल है तो वे भी आईटीआर-2 के अंतर्गत आते हैं। आयकर विभाग ने 27 मई को वित्त वर्ष 2024-25 (असेस्मेंट ईयर 2025-26) के लिए आयकर रिटर्न फाइल करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई, 2025 से बढ़ाकर 15 सितंबर, 2025 कर दी थी।

आईटी विभाग ने कहा था कि इस विस्तार से हितधारकों द्वारा उठाई गई चिंताओं को कम करने और अनुपालन के लिए पर्याप्त समय मिलने की उम्मीद है, जिससे रिटर्न फाइल करने की प्रक्रिया की अखंडता और सटीकता सुनिश्चित होगी।

बिरसा टाइम्स देश का सर्वाधिक प्रसारित रविवारीय अखबार है। अपनी खोजपूर्ण तथा विश्लेषणात्मक खबरों के कारण बिरसा टाइम्स ने मीडिया– जगत में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई हैं। वर्ष 1980 से शुरू हुआ बिरसा टाइम्स का सफरनामा इसके पाठकों के निरंतर स्नेह और समर्थन के चलते आज भी उसी तेवर के साथ जारी हैं।

# राँची और दिल्ली के साथ–साथ अब बिहार, छत्तीसगढ़ तथा उड़ीसा से प्रकाशित होने जा रहा है।

# बिरसा टाइम्स

देश का सर्वाधिक प्रसारित नंबर-1 रविवारीय अखबार

## जन सम्पर्क विभाग में विशाल भ्रष्टाचार का वट वृक्ष

"जब झारखंड और बिहार एक साथ था तब पांडे अपने पिता के साथ पटना में महावीर मंदिर में साफ–साफाई का काम करता था और पांडे जी के पिता मंदिर के सचिव आईपीएस स्वर्गीय आचार्य किशोर कुणाल जी के घर पर पूजा पाठ करते थे एवं महावीर मंदिर में भी काम करते थे और उसी समय अवधेश पांडे बिहार सरकार में दैनिक मजदूर में बहाली होकर धीरे–धीरे आई इ एस पदाधिकारी के घर पर कप–प्लेट साफ कर प्रभारी निदेशक तक पहुंच गए ! श्री पांडे को हिंदी और अंग्रेजी में एक लाइन भी लिखने नहीं आता था ! इनका सारा का सारा फाइल का काम के नीचे वाले अधिकारी लिखते थे और इस काम में उप निदेशक श्री शालिनी वर्मा और वर्तमान में बोकारो के उपायुक्त श्रीअजय नाथ झा सारा फाइल का काम करते थे ! दोनों के दोनों से पांडे के कार्यालय से लेकर आवास तक 11:00 बजे रात तक गुरु मंत्र लेते रहते थे और इसमें अपनी कुशलता से श्री झा ने उपायुक्त पद पर पहुंच गए ! ऐसे पांडे कभी भी अपनी पत्नी को अपने आवास में नहीं रखते थे और पांडे के समय में सिर्फ सिर्फ उसके पिता ही रहते थे और श्री पांडे के समय में जनसंपर्क विभाग में भ्रष्टाचार का पेड़–पौधा लगन ! शुरू हुआ और अब वर्तमान में जनसंपर्क विभाग में भ्रष्टाचार का बड़ा बरगद का पेड़ हो चुका है।





बिरसा टाइम्स देश का विश्वास पत्रकारिता के उन मूल्यों में हैं जो आम आदमी की चिंताओं और सरोकारों को आवाज देते हैं। इसीलिए बिरसा टाइम्स लोगो के बीच इस लम्बी यात्रा में भी अपनी विश्वसनीयता बरकरार रखने में कामयाब रहा है। अपने खास कंटेंट, गंभीर राजनैतिक विश्लेषण, अलग अंदाज और सुन्दर छपाई के चलते बिरसा टाइम्स को सम्मान–जनक स्थान मिला हैं। शायद इसीलिए बिरसा टाइम्स के पाठक वे युवा और संवेदनशील लोग हैं जो न केवल देश के बारे में सोचते हैं बल्कि देश के लिए कुछ करने का जज्बा भी रखते हैं।

सत्य और निष्पक्ष समाचारों के लिए पढ़ें !

सम्पर्क सूत्र :–

aadivasiexpress@gmail.com
birsatimes@gmail.com

8084674042

6202611859
8084674042